रविवारीय
लखनऊ, रविवार
4 मई, 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष 7
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक -252 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *


स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

मूल्य : 3 रुपये
epaper : epaper.swatantrabharat.net

मुंबई इंडियंस नहीं, गावस्कर ने इस टीम को बताया आईपीएल खिताब का प्रबल दावेदार



## पहलगाम हमले पर बोले प्रधानमंत्री मोदी

# हम निर्णायक कार्रवाई करने को प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा

**आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा**

है। पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के प्रति राष्ट्रपति लौरेंको और अंगोला की संवेदनाओं के लिए मैंने उनका आभार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद हाउस में अंगोला के राष्ट्रपति लौरेंको के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद संबोधन में यह बात कही।

आतंकवाद के मुद्दे पर बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हम एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति राष्ट्रपति लोरेंसू और अंगोला की संवेदनाओं के लिए मैंने उनका आभार व्यक्त किया। हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ ठोस और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में अंगोला के समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं।



पीएम मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों की ओर से, मैं अंगोला को 'अफ्रीकन यूनियन' की अध्यक्षता के लिए शुभकामनाएं देता हूं। हमारे लिए यह गौरव की बात है कि भारत की जी 20 अध्यक्षता के दौरान 'अफ्रीकन यूनियन' को जी 20 की स्थायी सदस्यता मिली। भारत और अफ्रीका के देशों ने कोलोनियल शासन के खिलाफ एक सुर में आवाज उठाई थी। एक दूसरे को प्रेरित किया था। आज हम ग्लोबल साउथ के हितों, उनकी आशाओं, अपेक्षाओं और आकांक्षाओं की आवाज बनकर एक साथ खड़े रहे हैं। अंगोला के राष्ट्रपति भारत दौरे पर हैं। शनिवार को अंगोला के राष्ट्रपति के साथ साझा प्रेस वार्ता में पीएम मोदी ने कहा कि मैं राष्ट्रपति लोरेंसू और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में हार्दिक स्वागत करता हूं। यह एक ऐतिहासिक पल है। 38 वर्षों के बाद, अंगोला के राष्ट्रपति की भारत यात्रा हो रही है। उनकी इस यात्रा से, न केवल भारत-अंगोला संबंधों को नई दिशा और गति मिल रही है, बल्कि भारत और अफ्रीका साझेदारी को भी बल मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष, भारत और अंगोला अपने राजनयिक संबंधों की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। लेकिन हमारे संबंध, उससे भी बहुत पुराने हैं, बहुत गहरे हैं। जब अंगोला आजादी के लिए संघर्ष कर रहा था, तो भारत भी पूरी आस्था और मित्रतापूर्ण संबंधों के साथ अंगोला के साथ खड़ा था।

### अंगोला को 20 करोड़ डॉलर की मदद

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी है कि अंगोला की सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 20 करोड़ डॉलर की डिफेन्स क्रेडिट लाइन को स्वीकृति दी गई है। रक्षा प्लेटफॉर्म्स की मरम्मत और बदलाव और सप्लाई पर भी बात हुई है। अंगोला की सशस्त्र सेनाओं की ट्रेनिंग में सहयोग करने में हमें खुशी होगी। साथ ही डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, स्पेस तकनीक, क्षमता निर्माण के क्षेत्र में अंगोला के साथ अपनी क्षमताएं साझा करेंगे। हम स्वास्थ्य, डायमंड प्रोसेसिंग, फर्टिलाइजर और अहम खनिज क्षेत्रों में भी सहयोग मजबूत करेंगे।

# भारत ने पाक से सभी तरह का आयात रोका

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान से वस्तुओं के किसी भी तरह के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात पर तत्काल रोक लगा दी है। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से 02 मई को जारी एक अधिसूचना विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 में एक प्रावधान जोड़ा गया है। इसके तहत अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से पाकिस्तान में पैदा हुए या वहां से निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात पर रोक लगा दी गई है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने अधिसूचना में कहा कि यह प्रतिबंध राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक हितों को देखते हुए लिया गया है। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि इस प्रतिबंध से छूट में किसी भी अपवाद के लिए भारत सरकार की मंजूरी की जरूरत होगी। सरकार ने यह कदम पिछले महीने पहलगाम आतंकवादी हमलों के बाद उठाया है। इस बर्बर हमले में 26 पर्यटक मारे गए थे। पाकिस्तान के बीच जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय ने एलान किया है कि पाकिस्तान का झंडा लगे जहाजों को किसी भी भारतीय बंदरगाह पर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। भारतीय ध्वज वाले जहाज पाकिस्तान के किसी भी बंदरगाह पर नहीं जाएंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय व्यापार की फिलहाल क्या स्थिति है? पाकिस्तान से आयात पर तत्काल प्रतिबंध का इस व्यापार पर क्या असर पड़ेगा? आइए सबकुछ विस्तार से जानते हैं।



### डाक और पार्सल सेवाओं पर भी रोक

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पाकिस्तान से आने वाली सभी प्रकार की डाक और पार्सल सेवाओं के आदान-प्रदान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह निर्णय हवाई और जमीनी दोनों मार्गों के लिए लागू होगा। भारत ने आज पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े फैसले लिए हैं जिनमें सभी प्रकार के आयात पर पूर्ण रोक और पाकिस्तानी झंडे वाले जहाजों का भारतीय बंदरगाहों पर प्रवेश बैन कर दिया गया है। अब डाक विभाग द्वारा जारी एक सार्वजनिक नोटिस में कहा गया है, भारत सरकार ने हवाई और जमीनी मार्गों के माध्यम से पाकिस्तान से आने वाले सभी श्रेणियों के मेल और पार्सल के आदान-प्रदान को निलंबित करने का फैसला लिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच डाक सेवाओं का आदान-प्रदान लंबे समय से सीमित स्तर पर जारी था। हालांकि, अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद पाकिस्तान ने कुछ समय के लिए डाक सेवाओं को निलंबित कर दिया था, जो बाद में तीन महीने बाद बहाल हो गई थीं।

## बिस्कुट फैक्ट्री बनी आग का गोला, दो की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शनिवार दोपहर एक भीषण हादसा हुआ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र स्थित

**अग्निकांड में एक कार भी जलकर हुई राख**

**दमकल की कई गाड़ियों ने घंटों मशक्कत के बाद पाया काबू**

एक बिस्कुट फैक्ट्री में रहस्यमय हालातों में आग लग गयी। अग्निकांड में मालिक समेत एक मजदूर की मौत हो गयी। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। फैक्ट्री के आग का गोला बनने से इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। आग की भीषण लपटों ने फैक्ट्री के पास खड़ी फैक्ट्री मालिक की कार को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते धुंआ दो किलोमीटर दूर तक फैल गया। आस-पास के लोगों ने फायर ब्रिगेड के साथ ही पुलिस को सूचना दी। सरोजनीनगर फायर स्टेशन से दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियों के साथ फायर कर्मी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए अन्य फायर स्टेशन से दमकल की गाड़ियों को मंगाया गया है। सरोजनीनगर कोतवाली क्षेत्र के गंगानगर इलाके में ब्रेड व रस फैक्ट्री है।

# कई राज्यों में गर्मी के साथ आंधी-तूफान-बारिश

**नई दिल्ली।** मई की शुरुआत से ही मौसम ने करवट ले ली है। देश के हिस्सों में तेज धूप के साथ साथ तूफान और बारिश का दौर भी देखने को मिल

**अभी निजात मिलने के आसार नहीं**

रहा है। हालांकि कुछ हिस्सों में हुई तेज बारिश से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली है। मौसम विभाग ने अनुमान दिया है कि देश के कई हिस्सों में आगामी दिनों में बारिश बनी रहेगी। उत्तर-पश्चिम भारत में अगले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। इसके साथ ही राजधानी दिल्ली और एनसीआर के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि, बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में 3 मई तक हल्की से मध्यम बारिश, गरज-चमक और तेज हवाएं चलने की संभावना है। जबकि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में भी 5 मई तक ऐसा ही मौसम रह सकता है। 3 और 4 मई को ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों और बिहार के कुछ इलाकों में तेज आंधी और ओलावृष्टि की भी संभावना है। 3 मई को सिक्किम, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में भी ओलावृष्टि हो सकती है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 3 से 6 मई के बीच हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश में 3 मई को ओलावृष्टि और उत्तराखंड तथा जम्मू-कश्मीर में 4 मई को तेज तूफान की चेतावनी है।



## पीएम से मिले जम्मू-कश्मीर के सीएम

**नई दिल्ली।** जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और पिछले सप्ताह पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली बैठक है जिसमें 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास पर बैठक करीब 30 मिनट तक चली। आतंकी हमले के बाद, भारत ने सीमा पार आतंकवाद को पाकिस्तान के समर्थन के जवाब में कई उपायों की घोषणा की। इनमें सिंधु जल संधि को निलंबित करना, अटारी में एकीकृत चेक पोस्ट को बंद करना और उच्चायोगों के कर्मचारियों की संख्या कम करना शामिल है। भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को दिए गए सभी प्रकार के वीजा रद्द कर दिए और उन्हें 30 अप्रैल तक देश छोड़ने का आदेश दिया।



## यूपी को एक्सप्रेस प्रदेश बनाने की दिशा में महत्वाकांक्षी कदम

# गंगा एक्सप्रेस वे : अब स्विस तकनीक होगी इस्तेमाल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश सरकार गंगा एक्सप्रेसवे को विश्वस्तरीय बनाने के लिए स्विटजरलैंड की अत्याधुनिक तकनीक के जरिये गंगा एक्सप्रेसवे की गुणवत्ता व सुविधा सुनिश्चित करेगी। सरकार की ओर से

**विश्वस्तरीय गुणवत्ता व सुविधा सुनिश्चित होगी**

कहा गया कि स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख की ईटीएच यूनिवर्सिटी और आरटीडीटी लैबोरेटरीज एजी के साथ हुए करार के तहत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) और सेंसर-आधारित तकनीक से सड़क की गुणवत्ता और सुविधा की जांच की जा रही है।

यह तकनीक निर्माण के दौरान ही खामियों को पकड़कर सुधारने में सक्षम है। गंगा एक्सप्रेसवे पर इस तकनीक का उपयोग करने के बाद इसे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर भी लागू करने की योजना है। उल्लेखनीय है कि 594 किलोमीटर लंबा गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ से प्रयागराज तक 12 जिलों को जोड़ेगा और भविष्य में इसे बलिया तक विस्तारित किया जाएगा, जिससे यह देश का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे बन जाएगा। ध्यान रहे कि स्विस तकनीक का उपयोग इस परियोजना को तकनीकी रूप से उन्नत बनाने के साथ-साथ योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार के



उस विजन को रेखांकित करता है, जो उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेस प्रदेश के रूप में स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के एसीईओ श्रीहरि प्रताप शाही का कहना है कि गंगा एक्सप्रेसवे की 'राइडिंग' गुणवत्ता और सहूलियत को सुनिश्चित करने के लिए स्विस तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। बयान में कहा गया है कि इसके तहत वायब्रेशन टेक्नोलॉजी और 7 एक्सेलेरोमीटर सेंसर (4 क्वॉलिटी और 3 कम्फर्ट के लिए) से लैस इनोवा वाहन सभी 6 लेन की जांच कर रहा है।

## मथुरा में सड़क हादसा, चार की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मथुरा में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार थार (कार) और सवारी टेम्पो की टक्कर में कई लोग घायल हो गए। सड़क पर चीख-पुकार मची थी, तभी तेज रफ्तार में आ रहे डंपर ने घायलों को कुचल दिया। चार लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। घटनास्थल का दृश्य देख लोगों की चीख निकल गई। हादसा मथुरा के थाना जैंत क्षेत्र के रामताल नगला की रोड पर कृष्णा कुटीर के समीप हुआ। तेज रफ्तार में आ रही कार ने सवारी टेम्पो को चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में घायल सड़क पर मदद के लिए पुकार रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार में आ रहे डंपर ने घायलों को कुचल दिया।

## सीएम योगी ने आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की समीक्षा बैठक की

# दो साल में बन जाएगा विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की समीक्षा बैठक की। इसमें उन्होंने विकास प्राधिकरणों

**सीएम ने अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश**

में लंबित भवन मानचित्रों के मामलों की जानकारी ली। निर्देशित किया कि मानचित्र से जुड़े मामलों में बार-बार आपत्तियां लगाया जाना अनुचित है। इसे सरल तरीके से एक ही बार में निस्तारित करें। इस तरह के जो भी मामले लंबित हैं, एक समय सीमा तय करके उनका निस्तारण करें। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि इस महीने के अंत तक नगरों में जीआईएस बेस्ड मास्टर प्लान अप्रूव करा लें। शहरी नियोजन, आवासीय सुरक्षा, अधोसंरचना विकास एवं डिजिटल प्रबंधन जैसे सभी घटकों को एकीकृत दृष्टिकोण से लागू करना आवश्यक है। इस दौरान अधिकारियों ने सीएम को मेट्रो परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। बताया कि कानपुर मेट्रो के मोतीझील से कानपुर सेंट्रल स्टेशन तक 6.7 किमी लंबे अंडरग्राउंड सेक्शन का निर्माण पूर्ण हो गया है। कॉरिडोर एक और दो का काम इस साल के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा।

आगरा मेट्रो के प्रथम कॉरिडोर को भी दिसंबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है। वहीं द्वितीय कॉरिडोर का काम 2026 तक निर्धारित किया गया है। लखनऊ मेट्रो परियोजना के तहत चारबाग से बसंतकुंज तक (11.165 किमी) की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। बैठक में मुख्यमंत्री ने लखनऊ विकास प्राधिकरण के सीमा विस्तार की आवश्यकता जताई। साथ ही जेपीएनआईसी को यथाशीघ्र लखनऊ विकास प्राधिकरण को हस्तांतरित करने के भी निर्देश दिए। अधिकारियों ने सीएम को बताया कि भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के प्रारूप पर 16 अप्रैल से 30 मई तक जनसामान्य से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। प्राप्त सुझावों के आधार पर इस उपविधि को अंतिम रूप में दिया जाएगा।



### गुजरात में तीन पाकिस्तानी हिरासत में लिए गए

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट जिले में अवैध रूप से रहने के आरोप में 50 वर्षीय पाकिस्तानी महिला, उसके बेटे और दो साल पोते को हिरासत में लिया गया है। राजकोट पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी है। मामले में अधिकारियों ने बताया कि महिला और उसका बेटा 25 वर्षों से अधिक समय से भारत में रह रहे थे, जबकि नाबालिग बच्चा बेटे की भारतीय पत्नी से पैदा हुआ है। राजकोट ग्रामीण स्थानीय अपराध शाखा को हाल ही में सूचना मिली थी कि कुछ पाकिस्तानी नागरिक लोधिका तालुका में अवैध रूप से रह रहे हैं और इसके बाद जांच शुरू की गई।

### बहराइच में नहीं लगेगा पुरानी दरगाह पर मेला

**बहराइच।** बहराइच जिले के शहरी क्षेत्र में स्थित सैय्यद सालार मसूद गाजी की करीब एक हजार वर्ष से अधिक पुरानी दरगाह पर हर वर्ष ज्येष्ठ माह में लगने वाला मेला इस बार प्रशासन ने स्थगित कर दिया है। यह निर्णय शांति व्यवस्था बनाए रखने, पहलगाम की घटनाओं और वक्फ बिल को लेकर संभावित प्रदर्शनों का सामना करने के लिए लिया गया है। दरगाह पर बीते करीब पांच सौ वर्षों से भी अधिक समय से प्रति वर्ष ज्येष्ठ माह में मेले का आयोजन होता आ रहा है। इस मेले में विभिन्न सम्प्रदायों के लाखों श्रद्धालु हिस्सा लेते हैं। इस बार यह मेला 15 मई से शुरू होना था, जिसमें मुख्य उत्सव 18 मई को आयोजित होने वाला था।

### नकली हेलमेट पहनने पर अब एफआईआर भी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सड़क सुरक्षा को लेकर एक सख्त कदम उठाया है। अब अगर कोई नकली या गैर-मानक (नॉन-बीआईएस) हेलमेट पहनते हुए पकड़ा गया, तो उसे चालान ही नहीं, बल्कि एफआईआर का भी सामना करना पड़ सकता है। यह कदम राज्य में हो रहे सड़क हादसों और मौतों की चिंताजनक स्थिति को देखते हुए उठाया गया है। पिछले साल यूपी में करीब 46,000 सड़क हादसे हुए, जिनमें 24,000 लोगों की मौत हो गई। इन आंकड़ों ने सरकार को सख्त एक्शन लेने के लिए मजबूर कर दिया।

# कार्यस्थल पर उत्पीड़न के खिलाफ 'शी-बाक्स' पोर्टल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार में कार्यस्थल पर उत्पीड़न की शिकार महिलाएं 'शी-बॉक्स' नामक पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकेंगी। राज्य सरकार के एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी

**इस पर शिकायत दर्ज करा सकेंगी महिलाएं**

आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी सरकारी व निजी संस्थानों में आंतरिक समिति (आईसी) के गठन को अनिवार्य किया गया था, जिसके तहत अब तक 84 विभागों ने समिति बनाकर इसकी जानकारी पोर्टल पर अपलोड कर दी है।

सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में उन कार्यस्थलों पर यह व्यवस्था लागू हो जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। इसके तहत इन कार्यस्थलों पर आंतरिक समिति का गठन अनिवार्य है, जिसमें कम से कम 50 प्रतिशत महिला सदस्य होंगी और समिति की अध्यक्ष भी महिला ही होगी। सरकार ने सभी जिलों में इस अभियान की निगरानी की जिम्मेदारी जिला 'प्रोबेशन' अधिकारियों को सौंपी है। इसके अलावा असंगठित क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गैर-सरकारी संगठनों की मदद भी ली जाएगी।



*यह सुविधा न केवल सरकारी बल्कि निजी क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं के लिए भी उपलब्ध है। बयान में कहा गया है कि विशेष बात यह है कि यह पोर्टल छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के लिए आवाज उठाने का एक गोपनीय व सशक्त माध्यम बनेगा।*

## मणिपुर हिंसा के दो साल होने पर राज्यभर में शटडाउन

**इंफाल।** मणिपुर में दो साल पहले मैतेई और कुकि समुदायों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी, जिसमें 260 से अधिक लोग मारे गए थे और 70,000 से ज्यादा लोग विस्थापित हो गए थे। इस हिंसा के दो साल पूरे होने पर शनिवार को विभिन्न संगठनों द्वारा राज्यभर में बंद (शटडाउन) का आह्वान किया गया। मैतेई समुदाय के संगठन को ऑर्डिनेटिंग कमिटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी (सीओसीओएमआई) ने इंफाल घाटी में शटडाउन का आह्वान किया। वहीं कुकी समुदाय के संगठन ज़ोमी स्टूडेंट्स फेडरेशन और कुकी स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन

**सामान्य जीवन प्रभावित**

**समुदायों के बीच भी बढ़ा तनाव**

(एकएसओ) ने पहाड़ी इलाकों में शटडाउन किया। बता दें कि इस शटडाउन के दौरान बाजार, निजी कार्यालय बंद रहेंगे। साथ ही सार्वजनिक परिवहन सेवाएं भी ठप रहेंगी। साथ ही स्कूलों और कॉलेजों में भी छुट्टी घोषित की गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार केवल कुछ निजी वाहन सुबह के समय सड़कों पर दिखाई दिए। मणिपुर में शटडाउन के आह्वान के बीच राज्य में सुरक्षा व्यवस्था को भी सख्त कर दिया गया है। इस दौरान राज्य के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोका जा सके।



## 'ईडी के 98 प्रतिशत मामले विपक्षी नेताओं के खिलाफ'

**नई दिल्ली।** टीएमसी नेता साकेत गोखले ने आरोप लगाया है कि ईडी के 98 प्रतिशत मामले विपक्षी नेताओं के खिलाफ दर्ज हुए हैं। टीएमसी नेता ने कहा कि बचे हुए दो प्रतिशत लोग वो हैं, जो भाजपा में शामिल हो गए। गोखले ने ईडी निदेशक राहुल नवीन के गुरुवार को दिए बयान का हवाला दिया,

**टीएमसी नेता साकेत गोखले ने लगाया बड़ा आरोप**

जिसमें राहुल नवीन ने कहा कि 2014 से पहले धन शोधन विरोधी कानून काफी हद तक अप्रभावी था, लेकिन 2014 के बाद ईडी द्वारा दर्ज मामलों में उल्लेखनीय तेजी आई है। इस पर निशाना साधते हुए टीएमसी नेता ने दावा किया कि 2014 के बाद ईडी द्वारा दर्ज मामलों में उछाल मोदी सरकार के इशारे पर हुआ, जो उसी साल सत्ता में आए थे। एक्स पर साझा एक पोस्ट में गोखले ने कहा, कल, केंद्रीय एजेंसी ईडी के प्रमुख ने स्वीकार किया कि 2014 में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद ईडी द्वारा दर्ज मामलों में उछाल आया है। उन्होंने कहा, पिछले 11 वर्षों में ईडी द्वारा कुल 5,297 मामले दर्ज किए गए। कितने मामलों में सुनवाई के लिए अदालत में ले जाया गया? केवल 47।

# 'शिकायतों का समय से हो निस्तारण'

## कुशीनगर के डीएम और एसपी ने तहसील कसया में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी फरियाद

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**कसया कुशीनगर।** डीएम महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में आज तहसील कसया के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

डीएम व एसपी द्वारा सर्वप्रथम संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सभागार में आए हुए तहसील क्षेत्र के फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को एक-एक कर गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए प्राप्त करा दिये गए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण तत्काल नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए। एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की सुनवाई की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को प्राप्त सभी सन्दर्भों का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिये। राजस्व व पुलिस विभाग के कर्मचारियों को शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, उपजिलाधिकारी कसया आशुतोष, तहसीलदार कसया धर्मवीर सिंह, परियोजना निदेशक जगदीश त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन सिंह , डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी, जिला उद्यान अधिकारी कृष्ण कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ मेनका, डीसी मनरेगा राकेश सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी एवं थानाध्यक्ष गण, कानूनगो व लेखपाल, आदि उपस्थित रहे।



### डीएम ने की राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**कसया।** डीएम महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में सभागार में कल देर सांय कलेक्ट्रेट राजस्व विभाग के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर आधारित साप्ताहिक समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में डीएम ने 3 माह से अधिक किन्तु 1 वर्ष से कम राजस्व वादों के अंतर्गत धारा-24,34,67 एवं 116 के लंबित मामलों के बारे में तहसीलवार जानकारी प्राप्त की। धारा 24 के अन्तर्गत जनपद में 3 माह से अधिक किन्तु, 6 माह से कम कुल 163 वाद तथा 6 माह से अधिक किंतु 1 वर्ष से कम के कुल 49 वाद लंबित पाए गए। इसी प्रकार धारा 34, धारा 67, धारा 80, के मामलों एवं 116 के कुर्रा बंटवारा के लंबित मामलों की विस्तार पूर्वक जायजा लिया। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वस्थ प्रशासनिक व्यवस्था कायम रखते हुए उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के अनुरूप गुण-दोष के आधार लंबित राजस्व वादों का निस्तारण यथाशीघ्र करें। मुसहर समुदाय के व्यक्तियों को चिन्हित कर समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं से संतृप्त करें। साथ ही आवश्यकतानुसार भूमि का पट्टा भी करें। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भूलेख के माध्यम से 1 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों की सूची बनाए तथा जिन तालाबों का खुदाई नहीं हुई है उन्हें मनरेगा के श्रमिकों की सहायता से अस्तित्व में लाए। जिन तालाबों का मत्स्य आवंटन पट्टा नहीं हुआ है, उनका भी पट्टा करने की कार्यवाही करें, इससे राजस्व भी प्राप्त होगा। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि लेखपालों की सहायता से भूमि विवाद रजिस्टर बनाते हुए ग्रामों में वादों को चिन्हित कर ग्राम स्तर पर ही उसे निस्तारित करने का प्रयास करें। निस्तारण होने के पश्चात पूरे जनपद में विवाद रहित राजस्व ग्राम घोषित करने की मुहिम चलाएं। विभिन्न विभागों को दी जाने वाली भूमियों की समीक्षा भी अगली बैठक में की जाएगी। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व वैभव मिश्रा, एडीएम (न्यायिक) पी के राय, समस्त उपजिलाधिकारी गण, तहसीलदार गण व नायब तहसीलदार, भूलेख अधिष्ठान के न्यायिक पटल, राजस्व सहायक लिपिक , प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट राजेश श्रीवास्तव, नाजिर आदि मौजूद रहे।

### जल्द शुरू होगा कृषि विश्वविद्यालय का कार्य

**कुशीनगर।** कुशीनगर में 353 करोड़ की लागत से महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का निर्माण हो रहा है। लगभग 154 एकड़ क्षेत्र में निर्मित हो रहे इस विश्वविद्यालय के लिए भूमि के सीमांकन के बाद नींव की पायलिंग का कार्य शुरू हो गया है। दो साल की समयसीमा में निर्मित होने वाले इस कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की स्थापना से पूरे पूर्वांचल सहित बिहार के सीमावर्ती जिलों के किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा। वहीं कृषि में उन्नत तकनीकि का विस्तार होने से इसका लाभ कृषि क्षेत्र में भी देखने को मिलेगा साथ ही विश्वविद्यालय में तकनीकि शिक्षा मिलने से युवाओं को रोजगार का बेहतर अवसर भी प्राप्त होगा। कुशीनगर में स्थापित हो रहे इस महत्वाकांक्षी परियोजना का डीएम ने स्थलीय निरीक्षण किया साथ ही उन्होंने इस प्रोजेक्ट से जुड़े लोगों से बात कर इसके प्रगति की जानकारी लिया। कुशीनगर में 65 फीसदी से अधिक आबादी कृषि क्षेत्र में जुड़ी है। कुशीनगर में परम्परागत खेती के अलावा नगदी फसल के रूप में केला और गन्ना की बहुतायत रूप में खेती होती है। कुशीनगर में बाबू गेंदा सिंह गन्ना अनुसंधान संस्थान के अलावा सब्जियों के लिए रिसर्च और डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना हो चुकी है। कुशीनगर में कृषि से संबंधित उद्योग धंधों में 5 चीनी मिले स्थापित है जो प्रत्येक पेराई सत्र में लाखों टन गन्ने की पेराई कर चीनी का उत्पादन करती है।

# समाधान दिवस में आए 299 मामले



स्वतंत्र भारत संवाददाता

**नौतनवां।** तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने जनशिकायतों की सुनवाई की। इस अवसर पर कुल 229 मामले प्रस्तुत हुए, जिनमें से 33 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं और निस्तारण आख्या विभागाध्यक्ष स्वयं देखें, जिससे समाधान की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। एसपी ने मौजूद पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। इस मौके पर एसडीएम नवीन प्रसाद, सीएमओ डॉ. श्रीकांत शुक्ला, पीडी रामदरश चौधरी, तहसीलदार कर्ण सिंह, सुनील गुप्ता, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी शांत प्रकाश श्रीवास्तव, कन्हैया यादव, डीपीआरओ श्रेया मिश्रा, प्रदीप कुमार शर्मा, बीएसए ऋद्धि पाण्डेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत डीएम व एसपी ने माता बनैलिया देवी मंदिर में पूजन किया और सोनौली थाना परिसर में जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण कर निरीक्षण भी किया।

# वित्त राज्यमंत्री ने की जनसुनवाई



स्वतंत्र भारत संवाददाता

**महराजगंज।** केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने शनिवार को अपने महराजगंज स्थित आवास पर जनसुनवाई कर जनता और कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं।
केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को त्वरित और निष्पक्ष कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सरकार की प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल,सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया, पूर्व विधायक शिवेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश पटेल, जर्नलिस्ट प्रेस क्लब अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव, अमरनाथ पटेल, शैलेश पाण्डेय, गोविंद जायसवाल, सानंदन पटेल अशोक विश्वकर्मा, अश्वनी पटेल सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने अपने अपने क्षेत्र की विकास योजनाओं व स्थानीय मुद्दों की जानकारी केन्द्रीय मंत्री को दी।

# जनशिकायतों का हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण : डीएम

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**संतकबीरनगर।** डीएम आलोक कुमार की अध्यक्षता में खलीलाबाद तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया।

डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाय साथ ही जबावदेह लोगों के विरूद्ध भी कार्यवाही की जाय। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे जन शिकायतों का निस्तारण प्रत्येक दशा में निष्पक्षता, समयबद्धता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करें, प्रत्येक प्रकरण की जांच के समय शिकायतकर्ता का पक्ष अवश्य सुना



जाए। खलीलाबाद तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 79 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से 02 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारित कर अवशेष 77 प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को अधिकतम एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी संजय कुमार नायक, उप जिलाधिकारी खलीलाबाद शैलेश कुमार दूबे, पुलिस क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान, तहसीलदार खलीलाबाद आनन्द कुमार ओझा, नायब तहसीलदार प्रियंका तिवारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं सम्बंधित अधिकारी, राजस्व कर्मचारी, लेखपाल आदि उपस्थित रहे। धनघटा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। धनघटा तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 40 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अरूण कुमार, तहसीलदार धनघटा योगेन्द्र पाण्डेय, नायब तहसीलदार हरेराम यादव आदि उपस्थित रहे। मेंहदावल तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। तहसील मेंहदावल में कुल 51 प्रार्थना पत्र आये जिसमें से मौके पर 12 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए अबिलम्ब निस्तारण कराये जाने का निर्देश दिया गया।

# प्रतिभा सम्मान में मेधावी को किया सम्मानित

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**श्यामदेउरवा।** परतावल ब्लॉक के कोटवा में स्तिथ खालिद मिल्ली इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड की इंटर व हाई स्कूल परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को विद्यालय द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया। शनिवार को आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ने हाई स्कूल व इंटर की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित कर पुरस्कार वितरित किये। प्रधानाचार्य ने छात्र छात्राओं से विद्यालय के टॉपर रहे छात्र छात्राओं से प्रेरणा लेने व भविष्य में और अधिक मेहनत कर जिले व प्रदेश स्तर पर स्थान बनाने क़ा आह्वान किया। सपा के वरिष्ठ नेता हरेंद्र कृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि इस विद्यालय की तीन बालिकाएं अंतरराष्ट्रीय मेडल से भी सम्मानित हो चुकीं है। इस मौके पर



समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष आमिर हुसैन ने कहा कि इस विद्यालय की बालिकाओं ने सर्वाधिक मेडल और सम्मान प्राप्त कर क्षेत्र में बालिका शिक्षा को एक नई दिशा दी है। संचालन बसपा के वरिष्ठ नेता घनश्याम दास ने किया मेधावी सम्मान पुरस्कार में इंटर-हाई स्कूल टॉपर, मोहम्मद जैद, रहमत अली, रेहाना खातून, शाहीन खान को साइकिल और सिलाई मशीन देकर सम्मानित किया गया मेडल पाने वाले छात्र में रेहाना, सबा, नाजिया, सूफिया, शाहीन, सादिया,साइमा, सना, जन्नतुन, सानिया, सायबा, शाहीन, जैनब, कशिश, आतिया, मैहर, सादिया, सूफिया, आशिया, शबाना तथा अफीफा शामिल थीं, कालेज के प्रधानाचार्य सुभाष पटेल, नबी हुसैन, इखलाक अहमद, विश्वामित्र यादव, आशुतोष श्रीवास्तव, रीना सिंह, सनाउल्लाह,जरीना, नुशरत परवीन तथा शहनाज बानो, जिला पंचायत सदस्य्य आशिक अली, डा मिर्जा समीउल्लाह बेग, डॉ अहरार हुसैन, जान मोहम्मद, हिसामुद्दीन कोटवां के प्रधान सिराजुल मौजूद रहे।

# सीएमओ का स्वागत कर सौंपा ज्ञापन



स्वतंत्र भारत संवाददाता

**कुशीनगर।** उप्र राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ की जनपद इकाई कुशीनगर द्वारा संघ के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारियों ने नवागत सीएमओ डॉ. अनुपम प्रकाश भाष्कर का माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ दे कर सम्मानित किए तथा संविदा कर्मचारियों की समस्या से संबंधित चार सूत्रीय पत्रक देकर निराकरण की मांग किए जिसमें कर्मचारी समस्या के निराकरण के लिए जीआरसी बैठक प्रत्येक माह कराने, एएनएम व स्टाफनर्स के साथ ही ऑनलाइन कार्य करने वाले सभी कर्मियों को इंटरनेट डाटा उपलब्ध कराने, संविदा एएनएम व अन्य कर्मी जो ब्लॉक स्तरीय बैठक या जिला स्तरीय बैठक में प्रतिभाग करते हैं। संविदा कर्मियों का मानदेय प्रत्येक माह की पांच तारीख से पूर्व दिए जाने का मांग प्रमुखता से किया गया। इस दौरान चंद्रशेखर यादव लडडू, राजू यादव, डॉ. वेदप्रकाश तिवारी, सुहेल अख्तर, डा मधुसूदन मिश्र, कन्हैया यादव तथा अनूप गोंड उपस्थित रहे।

# बाइक की टक्कर में दो की मौत, तीन घायल

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**निचलौल।** निचलौल चिउटहां मार्ग पर मंगलवार को 11.30 बजे ग्राम पचमा के निकट आमने-सामने दो बाइक टकरा जाने से दोनो बाइक पर सवार सभी पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जगदौर भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने दो लोगों को मृत्यु घोषित कर दिया शेष तीनों घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद जिला चिकित्सालय महाराजगंज रेफर कर दिया।

ग्राम सेमरी निवासी मोहर्रम अली पुत्र रहमान 50 वर्ष अपनी बाइक पर अपने गांव के निवासी मनवा पत्नी सलामत 55 वर्ष एवं सलामत पुत्र शोहरत 60 वर्ष को बैठक निचलौल की तरफ आ रहे थे। इस दौरान विपरीत दिशा में बाइक से सिंटू पुत्र परदेसी 32 वर्ष एवं सनी पुत्र



कालीचरन 30 वर्ष निवासी बरियारपुर थाना कोठीभार अपनी बाइक से विपरीत दिशा में आ रहा था। ग्राम पंचमा के निकट दोनों बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई ,घटना में दोनों बाइक के पचखड़े उड़ गए । दो बाइक पर सवार सभी बाइक पांचो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जगदौर भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरो ने मनवा पत्नी सलामत एवं मोहर्रम अली पुत्र रहमान को मृत घोषित कर दिया से सभी घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद जिला चिकित्सालय महाराजगंज रेफर कर दिया गया । थानाध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने बताया कि घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद एंबुलेंस की सहायता से जिला चिकित्सालय महाराजगंज रेफर कर दिया गया। एवं दोनो मृतकों को पंचनामा भरकर उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# मुस्लिम समाज ने दी पहलगाम के मृतक पर्यटकों को श्रद्धांजलि




स्वतंत्र भारत संवाददाता

**बस्ती।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में ईदगाह कमेटी नहरिया और पुरानी बस्ती के मुस्लिम युवकों द्वारा कैंडल मार्च निकालकर मृतक पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई। पुरानी बस्ती के करुआ बाबा चौक स्थित सुंदर सिनेमा हॉल से जलूस निकाल कर मंगल बाजार, चिकवा टोला मस्जिद पर मगरिब की नमाज के बाद चिकवा टोला से कैंडल मार्च निकाला कर दक्षिण दरवाजा चौक पर मृतक पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई। अध्यक्ष इमरान अली ने मांग की कि आतंक वादियों द्वारा किए गए कायराना हरकत का मुंह तोड़ जवाब दिया जाए। जनाब अली ने बिना देर किए बदला लेने की मांग किया। वाहिद अली, अमीश खान, मोहम्मद अकरम, नदीम खान, फैज मोहम्मद, आकिब, मो अजीज अदनान अद्दू, मो जावेद, पिंकू, एजाज अहमद, अहमद हुसैन मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में युवक की जान गई

**फजिलनगर, कुशीनगर।** फाजिलनगर- बघौचघाट मार्ग पर कुंभिया गांव के सामने अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल युवक का मेडिकल कालेज गोरखपुर ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गयी।
क्षेत्र के कटेया मैनुद्दीन निवासी रामजीत प्रजापतिउम्र 35 वर्ष चौराख़ास बाजार में चाय की दुकान चलाते है। शुक्रवार को देर रात नौ बजे दुकान बंद करके बंद कर बाकइ से घर जा रहे थे। फाजिलनगर बघौचघाट मार्ग पर कुंभिया गांव के सामने अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसके परिजनों को सुचना देते हुए सीएचसी पहुचाया गया। थानाध्यक्ष विद्याधर कुशवाहा ने बताया कि पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर अन्य बिधिक कार्रवाई किया जाएगा।

# श्रीराम कथा से भक्तों को किया मंत्रमुग्ध

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**परसरामपुर, बस्ती।** विश्व कल्याण और मनुष्यों में सद्भावना की परिकल्पना को साकार करने का मुख्य माध्यम श्रीराम कथा महायज्ञ है। मखौड़ा धाम में श्रीराम कथा सुनने से चारों धामों का पुण्य प्राप्त होता है। श्रद्धावान मनुष्य इंद्रियों पर संयम रखकर ब्रह्मज्ञान को प्राप्त कर सकता है। इसके लिए तंत्र मंत्र की कोई जरूरत नहीं पड़ती है।

उक्त बातें मखभूमि मखौड़ा धाम में चल रही श्रीराम महायज्ञ समारोह के तीसरे दिन राम कोटि दशरथ महल अयोध्या धाम से पधारे यज्ञध्यक्ष महंत विन्दुगद्याचार्य देवेन्द्र प्रसादाचार्य जी ने कही। कथा व्यास श्याम जी ने कहा की मनोरमा तट पर स्थित मखौड़ा धाम वही पावन भूमि है जहां राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ संपन्न कराया था। तब चारों भाइयों समेत भगवान राम



अयोध्या में जन्मे थे। इस पवित्र भूमि पर आये हर आस्थावान की मनोकामना पूर्ण होती है। यहां चल रही श्री राम कथा एवं महायज्ञ का रसपान अगर कोई व्यक्ति कर ले तो उसे चारों धाम की यात्रा करने से भी अधिक फ्ल प्राप्त होता है और व्यक्ति के समूह पापों का नाश हो जाता है। कथा के बाद में राम जानकी की आरती उतारी गई। श्रीराम कथा समारोह के दौरान श्री साकेत सदन आदर्श श्रीराम लीला मण्डल श्री मिथिला अयोध्या धाम के कलाकारों द्वारा श्रीराम लीला का मंचन किया जाता है। इस अवसर पर यज्ञ आयोजक सूर्य नारायण दास वैदिक, मिथिला पीठाधीश्वर जगतगुरु स्वामी विष्णु देवाचार्य, सुदामा दास, राम शंकर दास, अभिजीत ठाकुर, बाबा छोटू दास, राम सेवक दास सत्यम दास, नवनीत दास, वकील बाबा, तुलसी पीठाधीश्वर, विष्णु देवाचार्य, कृपालु जी महाराज, राम शंकर दास, रामायण जी महाराज, अंजनी पांडेय, श्याम बिहारी, हरिशंकर सिंह, राम नंदन दास जी, राजवीर दास योगी, राजेश सिंह, महंत जय रामदास, प्रबंधक विजय बहादुर सिंह, बजरंग सिंह, अजय प्रताप सिंह, अमृता सिंह, राम भवन मिश्रा, शिक्षक रक्षा राम, गुरु चरण यादव, रंजीत, फूलचंद गुप्ता, मुन्ना सिंह, सुनील, रामजी चौरसिया, उमेश आदि श्रृद्धालु मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आम जनता की आवाज हैं पत्रकार : डॉ. वर्मा



**बस्ती।** पत्रकारिता केवल समाचार देने का माध्यम नहीं है, यह समाज को दिशा देने वाला स्तंभ है। पत्रकार सच्चाई उजागर करतें है और आम जनता की आवाज हैं। यह विचार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन जिलाध्यक्ष डा वीके वर्मा ने विश्व प्रेस दिवस के अवसर पर व्यक्त किया। डॉ. वर्मा ने कहा कि भारत जैसे विविधतापूर्ण लोकतंत्र में पत्रकारों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। आज डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पत्रकारिता एक नए दौर में प्रवेश कर चुकी है। फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर और यूट्यूब जैसे माध्यमों ने खबरों को तुरंत आम जनता तक पहुंचाने में मदद की है। लेकिन इसके साथ ही फेक न्यूज और प्रोपेगेंडा जैसी चुनौतियां भी बढ़ी हैं। ऐसे में जिम्मेदार और तथ्य आधारित पत्रकारिता की जरूरत पहले से कहीं अधिक है। पत्रकारों को समाज और सरकार के बीच सेतु की भूमिका निभाते हुए रचनात्मक पहल करना होगा। कहा कि विश्व पत्रकारिता दिवस केवल एक दिन नहीं, बल्कि एक अवसर है यह सोचने का कि हम एक पत्रकार के रूप में, एक पाठक के रूप में और एक समाज के रूप में कितने जागरूक हैं।

### पूर्व चेयरमैन के निधन पर शोक

**हाटा, कुशीनगर।** हाटा नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन राजकिशोर मिश्र का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। स्वर्गीय मिश्र विगत महिनों से अस्वस्थ चल रहे थे जिनका इलाज गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा था जहां शुक्रवार की देर रात उनका निधन हो गया। स्वर्गीय मिश्र बहुत सरल व मृदुभाषी थे। वे में समाज में गरीबों की मदद करते रहे। उनके तीन व तीन पुत्रियां है। उनके पुत्र संतोष कुमार मिश्र पूर्व सभासद व नगर क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी है। उनके निधन की सूचना पर विधायक मोहन वर्मा, पूर्व विधायक पवन केडिया, नपाध्यक्ष रामानंद सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष जय प्रकाश शाही, नंदकिशोर नाथानी, अनिल तिवारी, राजन तिवारी, संपूर्णानंद द्विवेदी, डा अखिलेश दूबे, मिश्र, मनोज दूबे,अविनाश मिश्र, संजय पांडेय सहित अन्य गणमान्य लोगो ने शोक व्यक्त किया।

### खिड़की तोड़कर जेवरात व नगदी चुराए

**कुशीनगर।** खड्डा थाना क्षेत्र के परशुरामपुर गांव में बीती रात चोरों ने तांडव मचाया। चोरों ने एक ही रात में दो घरों और एक प्राथमिक विद्यालय को निशाना बनाकर लाखों रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के मुताबिक, चोरों ने पहले राजेंद्र कुशवाहा के घर की खिड़की तोड़कर अंदर घुसकर सोने-चांदी के आभूषण चुरा लिए। इसके बाद शंभू कुशवाहा के घर की दीवार तोड़कर वहां से भी सामान पार कर दिया। चोरों की हिम्मत इतनी बढ़ी हुई थी कि गांव के प्राथमिक विद्यालय में भी धावा बोल दिया, जहां से इनवर्टर, बैटरी और प्रिंटर की चोरी कर ली गई। लगातार तीन जगहों पर हुई चोरी की वारदात से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी।

# चाकू मारकर युवक की हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**नगर बाजार, बस्ती।** नगर थाना क्षेत्र के ग्राम बढ़नी में बीती रात एक सनसनीखेज वारदात में राजकुमार उर्फ दिलीप 37 वर्ष पुत्र सत्यनारायण की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना 2 मई को रात लगभग 8 बजे पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल एंबुलेंस 108 से चिकित्सालय भेजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता सत्यनारायण पुत्र राम लखन की तहरीर पर थाना नगर में धारा 103 1 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में आरोपी बादल पुत्र रामकांत, निवासी बढ़नी को नगर पुलिस ने महज कुछ घंटों में गिरफ्तार कर लिया। हत्या के पीछे का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। सूचना पर एडिशनल एसपी ओम प्रकाश सिंह और सीओ प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने भी मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। पुलिस ने आश्वस्त किया है कि कानून व्यवस्था पूरी तरह से नियंत्रण में है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में टीम में थानाध्यक्ष नगर देवेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक बृजमोहन सिंह, हेडकांस्टेबल उमेशचन्द्र राय, हेड कांस्टेबल लव सिंह, कांस्टेबल प्रमोद साहनी, कांस्टेबल वीरेन्द्र यादव थाना नगर का सराहनीय योगदान रहा।

# समर्थ पोर्टल के माध्यम से होगी बीए, बीकॉम, एमए में प्रवेश

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**बस्ती।** एपीएन पीजी कालेज बस्ती के प्राचार्य प्रो अभय प्रताप सिंह ने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2025 26 में प्रवेश समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण के माध्यम से होगा। उत्तर प्रदेश सरकार सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिल बस्ती सिद्धार्थ नगर की ओर से जारी दिशा निर्देश के अनुसार इस प्रक्रिया को अनिवार्य किया गया है।

महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष व प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की प्रक्रिया समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण के माध्यम से संपन्न कराया जाएगा। सूच्य हो कि महाविद्यालय में संचालित होने वाले पाठ्यक्रम का उल्लेख पोर्टल पर है। पंजीकरण की तिथि 1 मई से 31 जून तक निर्धारित की गई है। ज्ञातव्य हो कि समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण पूर्ण कर लेने के पश्चात छात्र छात्राओं को एक यूआरएन यूनिक रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त होगा। बिना यूआरएन नंबर के किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी, साथ ही नवप्रवेशित छात्र छात्रा को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े इसका ध्यान रखने हेतु महाविद्यालय में छात्र हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन का कार्य हेल्प डेस्क पर किया जा रहा है रजिस्ट्रेशन के लिए सायबर कैफे पर जाने की जरूरत नही होगी। अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय के फोन नम्बर 05542282261 पर संपर्क किया जा सकता है।

# नानी के घर रह रही किशोरी का फंदे से लटका मिला शव

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**दुबौलिया, बस्ती।** थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने नाना के घर आई सोलह वर्षीया किशोरी का शव प्रथम तल पर बने कमरे में पंखे के सहारे रस्सी के फंदे में लटकता हुआ मिला।

सूचना पर पहुंची दुबौलिया पुलिस एवं फोरेंसिक टीम ने जांच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बैरागल गांव निवासी जगन्नाथ तिवारी की सोलह वर्षीया नातिन जागृति उर्फ डाली तिवारी शनिवार की सुबह जब सोकर नीचे नहीं आई तो मां पुष्पा देवी कमरे के बाहर आवाज लगाई लेकिन कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। परिवार के अन्य सदस्य भी आवाज दिए लेकिन कोई जवाब नहीं मिला तो बाहर से खिड़की से झांक कर देखा तो डाली तिवारी का शव पंखे से लटक रहा था। आनन फानन में परिजनों ने दरवाजे को तोड़कर खोला और घटना की सूचना दुबौलिया पुलिस को दिया। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह एवं फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल का जांच पड़ताल कर परिजनों से जानकारी लिया। परिजनों ने बताया कि जागृति तिवारी सभी के साथ खाना पीना खा कर शाम आठ बजे छत के प्रथम तल पर बने कमरे में सोने चली गई। जागृति तिवारी चार बहनों में तीसरे नम्बर की थी। जागृति तिवारी डेढ़ माह पूर्व अपने घर संतकबीर नगर जनपद के धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र के हरैया गांव से अपनी मां पुष्पा देवी व छोटी बहन के साथ अपने नाना के घर बैरागल आई थी।

# वानिकी विश्वविद्यालय के लिए कैम्पियरगंज में जमीन चिन्हित

## सीएम योगी ने कर रखी है जिले में फॉरेस्ट्री एंड हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी बनाने की घोषणा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के अनुरूप गोरखपुर में पांचवें विश्वविद्यालय के रूप में फॉरेस्ट्री एंड हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी की स्थापना की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ने लगी है। वांछित 50 हेक्टेयर जमीन चिन्हित होने के बाद इसकी डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार की जा रही है। इसके साथ ही नए विश्वविद्यालय के लिए प्रस्तावित अधिनियम भी शासन को प्रेषित की जा चुकी है। योगी सरकार वानिकी विश्वविद्यालय के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में 50 करोड़ रुपये का प्रावधान फरवरी में ही कर रखा है।

**उत्तर भारत का अपनी तरह का यह इकलौता विश्वविद्यालय होगा :** 6 सितंबर 2024 को सीएम योगी आदित्यनाथ ने कैम्पियरगंज में दुनिया के पहले राजगिद्ध जटायु (रेड हेडेड वल्चर) संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र के लोकार्पण अवसर पर गोरखपुर वन प्रभाग में फॉरेस्ट्री यूनिवर्सिटी (वानिकी विश्वविद्यालय) बनाने की घोषणा की थी। यह वानिकी विश्वविद्यालय न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि समूचे उत्तर भारत का अपने तरह का पहला विश्वविद्यालय होगा। यही नहीं, यह देश का दूसरा और पूरी दुनिया का चौथा वानिकी विश्वविद्यालय होगा। देश की पहली और दुनिया की तीसरी फॉरेस्ट्री यूनिवर्सिटी तेलंगाना में है जहां वानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान संस्थान को अपग्रेड कर विश्वविद्यालय बनाया गया है। देहरादून में 1906 में स्थापित फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट डीम्ड यूनिवर्सिटी के रूप में है। गोरखपुर में

### 621 करोड़ रुपये से अधिक खर्च का अनुमान

फॉरेस्ट्री यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिए वन विभाग की तरफ से लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने 621 करोड़ 26 लाख 90 हजार रुपये की कार्ययोजना तैयार की है। फरवरी माह में इसे प्रमुख सचिव वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को भेजा दिया गया है। 50 हेक्टेयर की कार्ययोजना में 6 हेक्टेयर मुख्य भवन और हॉस्टल के लिए होगा जबकि 44 हेक्टेयर खुला क्षेत्र होगा।

### गोरखपुर में पहले से संचालित हैं चार विश्वविद्यालय

वानिकी विश्वविद्यालय से पूर्व गोरखपुर में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय और महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय अस्तित्व में हैं। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद द्वारा स्थापित निजी क्षेत्र का पहला और महायोगी गुरु गोरखनाथ विश्वविद्यालय योगी सरकार की तरफ से राज्य का पहला आयुष विश्वविद्यालय है।

फॉरेस्ट्री यूनिवर्सिटी खोलने की मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद प्रशासन और वन विभाग ने जमीन की तलाश शुरू की। इस तलाश में कैम्पियरगंज रेंज के भारी वैसी ब्लॉक में 50 हेक्टेयर भूमि को विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए उपयुक्त पाया गया। चूंकि यह चिन्हित भूमि आरक्षित वन है इसलिए फॉरेस्ट्री यूनिवर्सिटी बनाने हेतु वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम 2023 के तहत भारत सरकार से अनुमति लेनी जरूरी है। विधिवत अनुमति प्राप्त करने के लिए 50 हेक्टेयर गैर वन भूमि उपलब्ध कराकर इस पर प्रतिपूरक वनारोपण कराना होगा। इस संबंध में जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश बताते हैं कि फॉरेस्ट्री यूनिवर्सिटी के लिए प्रयुक्त होने वाले 50 हेक्टेयर आरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग के लिए वन भूमि हस्तांतरण को भारत सरकार से अनुमति प्राप्त करने के लिए केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के परिवेश पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया जा चुका है। उम्मीद है कि लैंड ट्रांसफर का काम इसी माह पूरा हो जाएगा। जिलाधिकारी के मुताबिक विश्वविद्यालय की डीपीआर भी जल्द ही अनुमोदित होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की तैयारी अगले तीन-चार माह में निर्माण कार्य शुरू कराने की है। प्रभागीय वनाधिकारी विकास यादव बताते हैं कि वानिकी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए सैद्धांतिक प्रदेश शासन के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-1 से प्राप्त हो चुका है। इसके साथ ही प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा 'उत्तर प्रदेश वानिकी विश्वविद्यालय' की स्थापना हेतु तैयार अधिनियम शासन को भेजा दिया गया है। इस विश्वविद्यालय में वानिकी के अलावा कृषि वानिकी, सामाजिक वानिकी और औद्यानिक के भी डिग्री और डिप्लोमा कोर्स संचालित कराने की योजना है ताकि बड़ी संख्या में युवाओं के सामने नौकरी और रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध हो सकें।

# नौ मई से दरभंगा-अमृतसर के लिए चलेगी विशेष गाड़ी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** अमृतसर-दरभंगा-अमृतसर साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन अमृतसर से 9 मई से 11 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को तथा दरभंगा से 11 मई से 13 जुलाई तक प्रत्येक रविवार को 10 फेरों के लिये किया जायेगा।

04608 अमृतसर-दरभंगा साप्ताहिक विशेष गाड़ी 9 मई से 11 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को अमृतसर से 20.10 बजे प्रस्थान कर ब्यास जं. से 20.42 बजे, जलन्धर सिटी से 21.20 बजे, फगवाड़ा से 21.40 बजे, ढंडारीकला से 22.40 बजे, सरहिन्द से 23.24 बजे, राजपुरा से 23.52 बजे, दूसरे दिन अम्बाला कैंट से 00.40 बजे, मुरादाबाद से 06.00 बजे, बरेली से 07.32 बजे, सीतापुर से 11.25 बजे, गोण्डा से 14.20 बजे, गोरखपुर से 17.20 बजे, सीवान से 19.22 बजे, मुजफ्फरपुर से 23.20 बजे, तीसरे दिन समस्तीपुर से 00.55 बजे छूटकर दरभंगा 02.30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 04607 दरभंगा-अमृतसर साप्ताहिक विशेष गाड़ी 11 मई से 13 जुलाई तक प्रत्येक रविवार को दरभंगा से 04.00 बजे प्रस्थान कर समस्तीपुर से 05.30 बजे, मुजफ्फरपुर से 06.35 बजे, हाजीपुर से 07.35 बजे, छपरा से 10.00 बजे, सीवान से 10.57 बजे, गोरखपुर से 13.40 बजे, गोंडा से 16.10 बजे दूसरे दिन मुरादाबाद से 00.30 बजे, सहारनपुर से 03.50 बजे, ढंडारी कलां से 07.45 बजे, फगवाड़ा से 08.25 बजे, जलन्धर सिटी से 08.55 बजे तथा ब्यास से 09.30 बजे छूटकर अमृतसर 10.30 बजे पहुँचेगी।

# तीसरी विद्युतीकृत रेल लाइन के गति का हुआ प्रशिक्षण

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**



**गोरखपुर।** परिचालन दक्षता बढ़ाने हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर जं.-गोरखपुर कैंट स्टेशनों के मध्य नवनिर्मित 3.5 किमी लंबी, 25,000 वोल्ट एसी क्षमता वाली तीसरी विद्युतीकृत रेल लाइन का निर्माण पूरा हो जाने पर उत्तर पूर्व परिमंडल के रेल संरक्षा आयुक्त प्रणजीव सक्सेना ने मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अभय कुमार गुप्ता, मुख्य विद्युत इंजीनियर (निर्माण) ओपी सिंह, मण्डल रेल प्रबन्धक, लखनऊ गौरव अग्रवाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के आरंभ में गोरखपुर जंक्शन पर उन्होंने एआई आधारित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग पैनल, स्टेशन अधीक्षक कक्ष, संरक्षा अभिलेख, यार्ड प्लान, स्टेशन वर्किंग रूल, इंटीग्रेटेड पावर सप्लाई और बैटरी रूम का गहण निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने गोरखपुर स्टेशन-गोरखपुर कैंट खण्ड पर नव निर्मित तीसरी लाइन का मोटर ट्राली के माध्यम से पॉइंट एंड क्रॉसिंग, कर्व एवं पुल की गहनता से संरक्षा जांच की। गोरखपुर कैंट स्टेशन पर श्री सक्सेना ने सिगनलिंग, बैलास्ट, प्लेटफॉर्म क्लियरेंस, रिले रूम एवं अन्य संरक्षा कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रेन परिचालन से संबंधित कर्मचारियों से संरक्षा प्रश्न पूछकर उनकी कार्यकुशलता परखी। निरीक्षण के उपरांत, नव निर्मित तीसरी विद्युतीकृत रेल लाइन पर स्पेशल ट्रेन द्वारा गति परीक्षण किया गया, जो पूरी तरह सफल रहा। इस लाइन के निर्माण से रेलवे नेटवर्क की क्षमता बढ़ेगी, जिससे अधिक ट्रेनों का संचालन संभव होगा और यात्रा समय में कमी आने के साथ ही समय पालन में सुधार होगा विद्युतीकरण से डीजल ट्रेनों पर निर्भरता कम होगी। जनता से अपील है कि इस विद्युतीकृत रेल खण्ड और ओवरहेड लाइन से सुरक्षित दूरी बनाए रखें, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# अस्पताल प्रबंधक पर बदमाशों ने की फायरिंग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** अंबेडकर चौराहे पर मौजूद एक निजी अस्पताल के प्रबंधक पर चार पहिया सवार बदमाशों ने फायर झोंक दिया। घटना शुक्रवार की रात करीब 11 बजे की है। इसमें प्रबंधक बाल-बाल बच गए। घटना के बाद एडवोकेट हाइकोर्ट लिखी चार पहिया वाहन में सवार चारों बदमाश हथियार लहराते हुए भाग निकले।

सूचना पर पहुंची पुलिस सीसी फुटेज खंगालते हुए बदमाशों के बारे में जानकारी ले रही है। इधर, पूर्व में भी रंगदारी की मांग को ले अस्पताल के संचालक व तैनात एक डॉक्टर को धमकी मिल चुकी है। पुलिस को दी गई तहरीर में प्रबंधक मनोज तिवारी ने कहा है कि मैं शुक्रवार की रात लगभग 11 बजे हास्पिटल से राउंड लेकर अपने किराए के कमरे पर स्कूटी से जा रहा था। अभी मैं अंबेडकर चौराहे के पास पहुंचा ही था कि एक सफेद रंग की यूको स्पोर्टस कार जिस पर एडवोकेट हाईकोर्ट लिखा था, मेरा पीछा करने लगी। जब मैं बाईपास रोड स्थित सत्कार होटल के आगे बढ़ा तो उस कार में बैठे चार लोग मुझे ओवरटेक कर रोकने का प्रयास किए, जब मैं नहीं रूका तो कार सवार बदमाशों ने असलहा निकाल जान से मारने की नियत से फायर झोंक दिया। मैं जान बचाने के लिए तेज गति से भागा तो उन लोगों ने भी अपनी गति तेज कर दी। मैं जनसेवा हॉस्पिटल गली में घुसकर किसी तरह अपनी जान बचाई। कोतवाल चंद्रभान सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। रास्ते में जगह-जगह लगी सीसीटीवी खंगाला जा रहा है। वाहन को ट्रेस कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

### पूर्व में संचालक व चिकित्सक को मिल चुकी है धमकी

दुर्गावती हास्पिटल के संचालक सर्जन डॉ. मनोज यादव व उनके हास्पिटल पर कार्यरत डॉ. रोली पुरवार को पूर्व में धमकी मिल चुकी है। करीब दो वर्ष पूर्व दोनों से धमकी देकर रंगदारी मांगी गई थी। इसके बाद डॉ. मनोज यादव को पुलिस की तरफ से सुरक्षा भी महैया हुई थी। प्रबंधक पर फायरिंग की घटना के बाद डॉ. मनोज ने कहा कि अगर अस्पताल के चिकित्सक व प्रबंधक सुरक्षित नहीं हैं तो वह मरीज की सेवा कैसे करेंगे। इस घटना के बाद अस्पताल संचालकों में रोष व्याप्त है।

# डीडीयू के शोधार्थी शिव शंकर का आईआईएससी बेंगलुरु में चयन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के लिए एक और गौरवपूर्ण क्षण आया है। भूगोल विभाग के पीएचडी शोधार्थी शिव शंकर यादव का चयन देश की शीर्ष वैज्ञानिक संस्था भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु द्वारा आयोजित ग्लेशियर अध्ययन और रिमोट सेंसिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु किया गया है। शिव शंकर का शोध विषय ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड्स है, जो वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के दृष्टिगत अत्यंत प्रासंगिक माना जा रहा है। हिमालयी क्षेत्रों में ग्लेशियरों से बनने वाली झीलों के फटने की घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं, जो न केवल पर्यावरणीय संकट को जन्म देती हैं, बल्कि मानव जीवन व बुनियादी ढांचे पर भी खतरा उत्पन्न करती हैं। आईआईएससी द्वारा प्रस्तावित यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शिव शंकर को उपग्रह आंकड़ों, जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम और रिमोट सेंसिंग तकनीकों के व्यावहारिक प्रशिक्षण का अवसर देगा। शिव शंकर वर्तमान में डॉ. स्वर्णिमा सिंह के निर्देशन में अपना शोधकार्य कर रहे हैं। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने भी शिव शंकर को बधाई देते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। हमारे शोधार्थियों का देश के सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक संस्थानों में चयन होना हमारे शैक्षणिक वातावरण और मार्गदर्शकों की प्रतिबद्धता को प्रमाणित करता है।

## युवक की बेहरमी से पिटाई, मामला दर्ज

**गोरखपुर।** गुलरिहा क्षेत्र आयुष चौकी अन्तर्गत भैरवा में शुक्रवार की शाम एक युवक को गांव के मनबढ़ भाइयों ने बेवजह घेरकर पीट दिया। घायल की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस चार के खिलाफ मारपीट,गाली गलौज व धमकी का केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के भैरवा निवासी सोमनाथ का आरोप है कि शुक्रवार की शाम घर की तरफ जा रहा था। पटेल चौराहे पर गांव के रहने वाले सगे भाई संदीप सिंह,सतवीर सिंह के साथ मौजूद रितेश व अंकुश शराब के नशे में गली देने लगे,कारण पूछने पर मारपीट कर घायल कर दिए। प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा जितेन्द्र कुमार सिंह ने बताया केस दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है।

## सिगरेट नहीं देने पर दुकानदार को पीटा

**गोरखपुर।** गुलरिहा क्षेत्र के मोगलहा स्थित सिटी हॉस्पिटल के पास बीती रात चाय बेचने वाले दुकानदार को मनबढ़ो ने मारपीट कर धमकी दी कि पुलिस में शिकायत किए तो गम्भीर अंजाम भुगतने को तैयार रहना। गुलरिहा पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के हरसेवकपुर नंबर दो मुसलमान टोला निवासी फ़ैयजान मोगलहा सिटी हॉस्पिटल के पास चाय की दुकान लगाता है आरोप है कि शुक्रवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे चार-छह युवक सिगरेट मांगने लगे। सिगरेट नहीं मिला तो उल्टे रुपए मांगने लगे। मना करने पर सभी मारने पीटने लगे। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ गुलहरिहा थाने मे लिखित तहरीर दी है।

## एमजीयूजी में आवेदन पत्र की तिथि बढ़ी

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) ने सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों हेतु आवेदन पत्र जमा करने की आखिरी तारीख 15 मई तक बढ़ा दी है। अब 15 मई तक विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट (https://www.mgug.ac.in) पर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। उप कुलसचिव (प्रशासन) श्रीकांत ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह निर्णय छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया है। अधिक जानकारी के लिए छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जा सकते हैं या फोन नम्बर 9559991801 पर संपर्क कर सकते हैं।

## वालीबॉल डे नाईट स्पर्धा का हुआ शुभारंभ



**गोरखपुर।** तीन मई आज स्वर्गीय सुनील कुमार राजभर, राज्य स्तरीय वालीबॉल डे नाईट प्रतियोगिता का शुभारंभ विधान परिषद सदस्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा डॉ धर्मेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच गोरखपुर क्लब विकास यादव कंपनी एवं राणा स्पोर्टिंग क्लब के बीच संपन्न हुआ। उक्त मैच में भाजपा राजा यादव पार्षद, अमलेश शुक्ला, विनय सिंह, रोहित राजभर, अजीत निषाद पूर्व पार्षद, धर्मेंद्र पासवान, हरिश्चंद्र पासवान, सर्वेंद्र राय, शिव पासवान, राजकुमार, महेंद्र पासवान कमेंटेटर, रामदयाल प्रजापति, पंकज राय, छोटू लाल गुप्ता, चंद्रजीत पासवान, नागेंद्र पासवान विशाल निषाद एवं सैकड़ो की संख्या में दर्शन बंधू उपस्थित रहे।

## गई गाड़ियों के संचलन में हुआ विस्तार

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की सुविधा हेतु पूर्व से चल रही निम्नलिखित विशेष गाड़ियों के संचलन अवधि में निम्नवत विस्तार किया गया है। ये गाड़िया अपने पूर्ववत ठहराव एवं समयानुसार विस्तारित अवधि तक चलाई जायेगी। 07323 हुबली-बनारस ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 17 मई से 28 जून तक सात फेरों के लिए किया गया है। यह गाड़ी 28 जून तक प्रत्येक शनिवार को हुबली से चलाई जायेगी। 07324 बनारस-हुबली ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 20 मई से 01 जुलाई तक सात फेरों के लिए किया गया है। यह गाड़ी 1 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार को बनारस से चलाई जायेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 2, शयनयान श्रेणी के 7, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 9 तथा एसएलआरडी के 2 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे। 07327 बेलगावि-मऊ जं. ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 18 मई से 29 जून तक 7 फेरों के लिए किया गया है। यह गाड़ी 29 जून तक प्रत्येक रविवार को बेलगावि से चलाई जायेगी। 07328 मऊ जं.-बेलगावि ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 21 मई से 02 जुलाई तक 07 फेरों के लिए किया गया है। यह गाड़ी 02 जुलाई तक प्रत्येक बुधवार को मऊ से चलाई जायेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 05, शयनयान श्रेणी के 10, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 02 तथा एस.एल.आर./डी. के 02 कोचों सहित कुल 21 कोच लगाये जायेंगे।

# पिस्टल लूट का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**चौरीचौरा।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पंसरही के टोला अहिरौली में शुक्रवार की देर रात एक व्यक्ति का पिस्टल लूटने का मामला थाने पर आया। पुलिस के पीड़ित की तहरीर पर एक नामजद दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर घटना की जांच की।

पुलिस ने पिस्टल लूटने वाले मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर पिस्टल बरामद कर लिया है। लूट करने वाले दो अन्य लोग फरार है। पुलिस फरार आरोपितों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है। चौरीचौरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत डुमरी खास निवासी श्याम नारायण यादव उर्फ रुदल यादव शुक्रवार की देर रात अहिरौली में अपने मछली पालन करने वाले पोखरे पर ट्यूबवेल व मोटर देखने गये थे। पोखरे से वापस आते वक्त नशे की हालत में तीन युवकों ने मारपीट कर पिस्टल छीन लिया। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। चौरीचौरा थाना प्रभारी वेद प्रकाश शर्मा ने शनिवार को मुख्य आरोपित पंसरही निवासी देवानंद पुत्र जनार्दन को गिरफ्तार कर पिस्टल बरामद कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि फरार आरोपितों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस पूरे मामले को लेकर गंभीरता से जांच कर रही है। जल्द ही सभी आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर लेगी ।

### एक नामजद दो अज्ञात पर केस हुआ था दर्ज

# विकसित भारत के लिए कर्मयोग के मूल को समझना जरूरी : वेंकटेश्वरलू

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**



**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय की तरफ से 'कर्मयोग, अभ्युदय एवं विकसित भारत' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव समाज एल. वेंकटेश्वरलू ने कहा कि भारत एक प्राचीन संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं का देश है। आध्यात्मिकता, कर्म का सिद्धांत और सतत विकास इसकी पहचान रहे हैं। आज जब भारत 'विकसित भारत' की दिशा में तेज़ी से बढ़ रहा है, तब यह आवश्यक हो जाता है कि हम उस मूल विचारधारा को फिर से समझें जिसने इस महान राष्ट्र को सदियों तक ऊर्जावान बनाए रख वह है 'कर्मयोग'। श्री वेंकटेश्वरलू ने कहा कि कर्मयोग न केवल आत्म-विकास का मार्ग है बल्कि राष्ट्र निर्माण की भी एक सशक्त आधारशिला भी है। विद्यार्थियों को टिप्स देते हुए श्री वेंकटेश्वरलू ने कहा कि आज समय का प्रबंधन आवश्यक है, बातों से नहीं व्यवस्था में अनुशासन होना चाहिए। प्रमुख सचिव समाज कल्याण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विद्यार्थियों और समाज के हर वर्ग को शिक्षा का अधिकार देने के संकल्प से अभ्युदय योजना को साकार किया है। इससे विद्या का अमृत ज्ञान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को अभ्युदय योजना से लाभान्वित होकर विद्या की रोशनी को ग्रहण करने का अवसर मिला है। उन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। व्याख्यान के विशिष्ट वक्ता वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अश्वनी कुमार राय ने कहा कि कर्मयोग, अभ्युदय एवं विकसित भारत तीनों विषय अद्भुत है। कर्मयोग के द्वारा अभ्युदय होता है। व्याख्यान की अध्यक्षता करते हुए संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सुनील कुमार सिंह ने कहा कि भारत विश्व शक्ति बनने की ओर अग्रसर है, तब राष्ट्र के युवाओं से अपेक्षा है कि वे केवल सपने न देखें, बल्कि उन्हें साकार करें। ऐसे समय में कर्मयोग युवाओं के लिए केवल एक आध्यात्मिक अवधारणा नहीं, बल्कि जीवन का व्यावहारिक मार्गदर्शन है। संचालन डॉ. अनुकृति राज और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अमित कुमार दुबे ने किया। इस अवसर पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव, उपनिदेशक समाज कल्याण विभाग सुरेशचंद पाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभिनव मिश्रा, समाज कल्याण अधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह, चंद्रबलि, डॉ. धीरेंद्र कुमार सिंह, डॉ. पवन कुमार कनौजिया, डॉ. अवेद्यनाथ सिंह, डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव, डॉ.अंकिता मिश्रा, डॉ.कीर्ति कुमार यादव, डॉ. प्रेरणा अदिती, डॉ. किरन कुमार ए., डॉ.आशुतोष श्रीवास्वत, धनंजय उपस्थित रहे।

# एबीएस पब्लिक स्कूल में मनाया गया विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बड़हलगंज।** विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर क्षेत्र के मामखोर गांव स्थित एबीएस पब्लिक स्कूल में एक कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंधक चंद्र प्रकाश शुक्ल ने कहा कि 1991 में यूनेस्को और संयुक्त राष्ट्र के जन सूचना विभाग ने इस दिन को मनाने का निर्णय लिया था। भारत के प्रेस स्वतंत्रता संविधान के अनुच्छेद 19 में अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार दिए गए। उन्होंने कहा कि विश्व स्वतंत्रता दिवस हर वर्ष तीन मई को मनाया जाता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्र प्रेस की अहमियत को उजागर करना और पत्रकारों की सुरक्षा की ओर ध्यान आकर्षित करना है। संचालन अध्यापक नीरज त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में पत्रकार डॉ. श्रीकांत शाही, संतोष शुक्ला को अंगवस्त्र व पेन डायरी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रबंधक चंद्र प्रकाश शुक्ल, प्रिंसिपल कामाख्या चरण शुक्ल, अध्यापक कुशल मिश्रा, खुशी राठौर, शिवांगी मिश्रा, आदि मौजूद थे।

## समाधान दिवस पर आये 184 मामले

**चौरीचौरा।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम रोहित मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समाधान दिवस पर फरियाद लेकर आए फरियादियों द्वारा कुल 184 मामले आये थे। जिसमें मात्र 4 का निस्तारण हो सका। सबसे अधिक मामले राजस्व से संबंधित आये थे। संपूर्ण समाधान दिवस पर सरदार नगर के ग्राम सभा अवधपुर के निवासी ने शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि फूलचंद के दरवाजे से काली स्थान होते हुए शंकर ठगई रामप्रीत के दरवाजे तक रास्ता निकला है। जिसको अगल बगल के चकदार कब्जा कर लिए हैं। लोगों ने प्रार्थना पत्र देकर उक्त मार्ग को चिंहित करने की मांग प्रशासन से किया है। ब्रम्हपुर के ग्राम पंचायत गलाईकोल के प्रधान ने गांव के नवीन परती की भूमि पर बाहरी व्यक्तियों द्वारा 300 ट्राली खनन करने का आरोप लगाया है।

# महेवा मछली मंडी में फूड विभाग ने की छापेमारी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**



**गोरखपुर।** शासन के निर्देश पर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सहायक आयुक्त खाद्य डॉ सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में फूड विभाग की टीम ने महेवा मछली मंडी में छापेमारी की कार्रवाई की। फूड विभाग की कार्रवाई से मंडी में हड़कंप मच गया । प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में ट्रकों से मछली मंडी में बाहर के अन्य प्रदेशों से मछलीयां यहाँ आती है यहां से गोरखपुर के आसपास जिलों में बड़े पैमाने पर थोक का कारोबार होता है।

सहायक आयुक्त खाद्य डॉ सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि आज रात तड़के 2.00 बजे खाद्य सुरक्षा विभाग एवं मत्स्य विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से महेवा मंडी में छापेमारी की कार्रवाई की गई यहां पर बाहर के प्रदेशों से ट्रैकों में मछलियां लाई जाती है इनकी जांच के लिए नमूने लिए गए हैं फॉर्मलीन व अन्य प्रिजर्वेटिव की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व में फूड विभाग की टीम ने सर्विसलांस सैंपल लिए थे। जिसमें कालरा के बैक्टीरिया की पुष्टि हुई थी। मंडी में अत्यधिक गंदगी पाया गया और गंद भी आ रही थी कारोबारी को साफ सफाई के निर्देश दिए गए हैं। सभी को निर्देशित किया गया है कि जो लोग मछली का कारोबार कर रहे हैं वह हाइजीनिक कंडीशन में करें। साथ ही साथ जो मछलियां बाहर के अन्य प्रदेशों जैसे आंध्रा से आ रही है। किसी भी प्रकार के रासायनिक का प्रयोग ना करें और अपना खाद्य लाइसेंस अवश्य प्राप्त कर ले अन्यथा की दशा में ऐसे लोगों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी और यह जांच आगे भी जारी रहेगी। जानकारी के मुताबिक मछली मंडी में 40 से अधिक कारोबारी वर्षों से कारोबार कर रहे हैं लेकिन शायद ही किसी के पास लाइसेंस होगा उसको लेकर विभाग का पूरी तरीके से सख्त है ऐसे लोगों के खिलाफ लाइसेंस न पाए जाने की स्थिति में मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई भी की जा सकती है।

# 120 लाख की योजनाओं का हुआ शिलान्यास

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**



**बड़हलगंज।** विकास की नई इबारत लिख रहे नगर पंचायत बड़हलगंज में विभिन्न वार्डों के 120 लाख रुपए के विकास परियोजनाओं का शिलान्यास विधायक राजेश त्रिपाठी व चेयरमैन प्रीति उमर द्वारा किया गया।

शनिवार को उपनगर के संत रविदास में आयोजित शिलान्यास-लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक राजेश त्रिपाठी ने चेयरमैन प्रीति उमर व विभिन्न सभासदों के साथ लगभग 120 लाख की लागत से हनुमान नगर वॉर्ड के आरसीसी सड़क व नाला, अब्दुल कलाम नगर में आरसीसी सड़क व नाला, संत रविदास नगर में इंटरलॉकिंग सड़क व नाला तथा सत्यदेव शास्त्री नगर वॉर्ड में काली मंदिर प्रांगड़ में इंटरलॉकिंग सड़क, रंगाई पुताई तथा स्टील रेलिंग आदि कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने चेयरमैन व अधिशासी अधिकारी से बारिश से पूर्व सभी नाली व नालों की सफाई करने का भी निर्देश दिया। चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने बताया कि राज्य वित्त आयोग तथा सीवरेज व जल निकासी योजना अंतर्गत उक्त विकास के कार्यों को पूर्ण कराया जाएगा। चेयरमैन प्रीति उमर ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस दौरान ईओ राम समुख, सभासद जितेंद्र पासवान, दीपक गौंड, रवि साहनी, दीपक शर्मा, सूरज सोनकर, राकेश राय, ऋषि चंद, वीरेंद्र गुप्ता, सुनील यादव रामदास मद्धेशिया, सुदीप वर्मा, भाजपा जिला मंत्री स्वतंत्र सिंह, मंडल अध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा, बृजेश वर्मा, राजकुमार निगम, विनय तिवारी, रमेश शाही, आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, संजय यादव, अष्टभुजा सिंह, कृष्णा गुप्ता, अनूप जायसवाल, अमरनाथ उमर, अमलेश कुमार, अरविंद सिंह, शैलेन्द्र सिंह, हरिकेश यादव, संजय मौर्य, राजू शर्मा, आकाश पटवा, छोटू उमर, रणधीर भारति, मोहन मद्धेशिया, प्रेम नारायण राय मौजूद रहें।


## मई में हीटवेव की आशंका

**गोरखपुर।** भीषण गर्मी की चपेट में रहने वाला है। मौसम विभाग ने पूरे मई महीने के लिए हीटवेव का अलर्ट जारी किया है, जिससे शहरवासियों को तीखी धूप और गर्म हवाओं से कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। डॉक्टरों ने स्वस्थ के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी है। अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। दिन भर आसमान साफ रहेगा और तेज धूप रहेगी।

इस बार मई का महीना उत्तर भारत के लिए चुनौती भरा हो सकता है। बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और उत्तर-पश्चिमी गर्म हवाओं के कारण तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। 10 मई के बाद हल्की बारिश की संभावना जताई जा रही है, लेकिन तब तक गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है। तेज गर्मी के कारण शहर में दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है।

# अजय बने स्काउट और गाइड के गवर्नर अवार्ड कैंप में परीक्षक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**



**गोरखपुर।** प्रदेश मुख्यालय लखनऊ के दिशा निर्देशन में भारत स्काउट और गाइड के कार्यवाहक प्रदेशिक संगठन आयुक्त नौशाद अली सिद्दीकी ने आगामी पांच से नौ मई तक देवीपाटन मंडल में मनकापुर में आयोजित स्काउट गाइड के पंचदिवसीय गवर्नर अवार्ड टेस्टिंग कैंप में गोरखपुर के सहायक लीडर ट्रेनर स्काउट अजय गुप्ता बजरंगी को परीक्षक नियुक्त किया है,इस आशय का पत्र प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ द्वारा अजय बजरंगी को प्राप्त हुआ जिसमें उन्हें मनकापुर स्थित फात्मा इंटर कॉलेज में बतौर परीक्षक स्काउट गाइड बच्चों का टेस्ट लेने का निर्देश प्राप्त हुआ है। अजय बजरंगी बतौर परीक्षक अपनी सेवा देने के लिए 4 को प्रस्थान करेंगे। परीक्षक नियुक्त किए जाने पर राज्य मुख्यायुक्त डॉ प्रभात कुमार, प्रदेशिक प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट हीरालाल यादव, प्रादेशिक संगठन आयुक्त नौशाद अली सिद्दीकी, प्रदेशिक संगठन आयुक्त गाइड रविंन्दर सोखी, सितारा त्यागी, एएसओसी राकेश कुमार सैनी, रामजन्म सिंह, डॉ. दिनेश मणि त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र ओझा, गाइड कमिश्नर विनीता, कब कमिश्नर राम आशीष, सचिव रंजना राय, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट अजय सिंह, प्रशिक्षण आयुक्त गाइड प्रतिमा शुक्ला, शशांक पांडे ने हर्ष व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई ।

# सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर मेला लगने को नहीं मिली अनुमति



**स्वतंत्र भारत बहराइच।** सैयद सालार मसूद गाजी (र०अ०) की दरगाह पर इस वर्ष परंपरागत मेला नहीं लगेगा। जिला प्रशासन ने सुरक्षा कारणों के चलते मेले की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। बताया जा रहा है, कि यह पहली बार होगा जब सैकड़ों वर्षों से लगने वाला यह मेला स्थगित किया गया है। सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर और सीओ सिटी पहुप सिंह ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर मेले को अनुमति न देने की पुष्टि की, दरगाह प्रबंध समिति ने मेले के आयोजन के लिए प्रशासन से अनुमति मांगी थी, लेकिन अधिकारियों द्वारा की गई समीक्षा और सुरक्षा रिपोर्ट के आधार पर आयोजन को मंजूरी नहीं दी गई। प्रशासन का कहना है कि हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देशभर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ऐसे में किसी भी बड़े आयोजन में कानून-व्यवस्था को लेकर खतरा बढ़ सकता है। लोकल इंटेलिजेंस यूनिट की रिपोर्ट में भी यह सिफारिश की गई है, कि देश के वर्तमान हालातों को देखते हुए मेले जैसे बड़े आयोजनों से बचा जाए। रिपोर्ट में मेले में संभावित विरोध प्रदर्शनों की आशंका जताई गई है। गौरतलब है, कि यह मेला हर साल 15 मई से 15 जून तक लगता था। जिसमें हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोग बड़ी संख्या शामिल होते थे। इस बार प्रशासन की ओर से कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अनुमति न देने का निर्णय लिया गया है।

## छात्रा से लैंगिक दुर्व्यवहार मामले से आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** कुंडा कोतवाली के क्रिसेंट माडल स्कूल में पढ़ने वाली साढ़े तीन वर्षीय बच्ची के साथ अश्लील और अमानवीय हरकत के बाद पूरे क्षेत्र के लोग आक्रोशित है।घिनौनी और शर्मनाक हरकत के विरोध में शनिवार को कुंडा के व्यापारियों ने दुकानें बंद रखी और सड़कों पर उतर आए।आक्रोशित व्यापारी प्रदर्शन करते हुए क्रिसेंट माडल स्कूल पहुंच गए।हजारों की संख्या मे जुटे व्यापारी और नौजवानों ने स्कूल संचालक के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया।आक्रोशित लोगों का कहना था कि पूरे घटनाक्रम मे स्कूल प्रबंधक और कर्मचारियों ने पीड़ित परिवार का सहयोग नही किया।पीड़ित परिवार ने बार-बार सीसीटीवी फुटेज दिखाने को कहा लेकिन प्रबंधक टाल मटोल करता रहा।जिस क्लास में बच्ची पढ़ती है उसका कैमरा खराब बताया गया।आक्रोशित लोगों ने कहा कि ड्राइवर को पुलिस भले ही जेल भेज रही है लेकिन इस घटना में और भी लोग शामिल हैं जिन्हें क्रिसेंट स्कूल का मैनेजमेंट बचा रहा है।सुबह दस बजे से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन दो बजे तक चला।इस दौरान सीओ कुंडा अमरनाथ गुप्ता समाज के संभ्रांत लोगों के साथ बार बार शांत होने की अपील कर रहे थे लेकिन आक्रोशित भीड़ कुछ सुनने को तैयार नहीं थी।भीड़ का गुस्सा देखकर कई थानों की फोर्स और पीएसी बल बुला ली गई।अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिम संजय राय भी पहुंचे लेकिन आक्रोशित भीड़ किसी की बात सुनने को तैयार नहीं थी।पीड़ित परिवार की मांग है कि स्कूल प्रबंधक की तत्काल गिरफ्तारी हो और स्कूल सीज किया जाए तभी धरना प्रदर्शन खत्म होगा।मामले की जानकारी होने पर एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी और बाबागंज विधायक विनोद सरोज मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर उनकी समस्या को सुना।

# डीएम व एसपी की अध्यक्षता में तहसील इकौना में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**स्वतंत्र भारत, श्रावस्ती, ।** सू0वि0। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया की अध्यक्षता में तहसील इकौना में सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में आये फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना तथा उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि भूमि विवादों से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से निस्तारण कराएं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने 05 शिकायती प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कराया तथा सम्बन्धित को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित भी किया। इस दौरान प्रार्थिनी आशिया बेगम पत्नी बुद्धु द्वारा अवगत कराया गया कि 04 वर्ष पहले उनके खिलाफ पराली जलाने का मुकदमा वापस हुआ था। जिसमें प्रार्थिनी द्वारा जुर्माना राशि जमा करते हुए उसकी रसीद भी प्राप्त की थी। लेकिन उसके बाद भी प्रार्थिनी के विरूद्ध नोटिस जारी किया गया है, जिसमें प्रार्थिनी को जमानत करानी पड़ी है। उन्होने जिलाधिकारी से अपने ऊपर लगे मुकदमे को समाप्त कराने हेतु अपील किया। जिस पर जिलाधिकारी ने तुरन्त मौके पर ही उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार के माध्यम से जांच कराकर उनकी शिकायत का निराकरण कराया।वहीं प्रार्थी तिलकराम पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी भाभेपारा दा0 इटवरिया तहसील इकौना द्वारा अवगत कराया गया कि प्रार्थी द्वारा गाटा संख्या-1095 की पैमाईश धारा 24(1) में कराया गया था, जिसकी मेड़बन्दी हेतु उपजिलाधिकारी न्यायिक द्वारा आदेश पारित किया गया था। लेकिन आज तक उसकी मेड़बन्दी नहीं हो सकी है, जिससे प्रार्थी को काफी क्षति हो रही है। उन्होने जल्द से जल्द मेड़बन्दी कराने हेतु जिलाधिकारी महोदय से प्रार्थना की। जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल राजस्व एवं पुलिस की टीम को निर्देशित किया मौके पर जाकर कार्यवाही की जाए और कृत कार्यवाही से उन्हें भी अवगत कराया जाए।इसके अलावा प्रार्थी राम सवारे पुत्र सुखराम निवासी भुतहा तहसील इकौना के द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा विगत दिवस नक्शा दुरूस्ती हेतु राजस्व निरीक्षक को पत्रावली प्रस्तुत की गई थी, लेकिन उस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई हैं। उन्होने नक्श दुरूस्ती हेतु जिलाधिकारी महोदय से फरियाद लगायी।

## खबर एक नजर

### जनपद में अबतक कुल 68 अवैध मदरसों को कराया गया बन्द, 164 पर की गई कार्रवाई

**स्वतंत्र भारत,श्रावस्ती, ।** सू0वि0। जिले में अवैध एवं बिना मान्यता के संचालित मदरसों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज जनपद में कुल 15 मदरसों को मान्यता के सम्बन्ध में कोई वैध कागजात प्रस्तुत न करने के कारण बन्द कराया गया। जिसमें तहसील भिनगा में 04, इकौना में 02 एवं जमुनहा में 09 मदरसे बन्द कराये गये। इसके अलावा धारा-67 के तहत 13 स्थाई/अस्थाई अवैध अतिक्रमण पर प्रचलित बेदखली की कार्यवाही की गई है।इस प्रकार अबतक जनपद में की गई कार्यवाही में कुल 68 मदरसे बंद कराए गए है तथा 164 प्रकरणों पर धारा-67 के तहत प्रचलित बेदखली की कार्यवाही की गई है।

### डीएम ने इकौना देहात में अवैध मदरसे पर की कार्रवाई

**स्वतंत्र भारत,श्रावस्ती, ।** सू0वि0। जिले में अवैध एवं बिना मान्यता के संचालित मदरसों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी द्वारा विकास खण्ड इकौना के अन्तर्गत इकौना देहात में अवैध मान्यता संचालित मदरसा जामिया नरिया फातिमा लिल्बनात को सील करने की प्रचलित कार्यवही की गई गया। जिलाधिकारी ने मदरसा प्रबंधक के बैंक खातों कि जांच करने को लेकर निर्देश भी दिया है। जिलाधिकारी ने बताया कि इसके पूर्व में भी मदरसा की जांच करने हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारी को भेजकर चिन्हांकन की कार्यवाही की गई थी और उसे बन्द करने हेतु आदेशित भी किया गया था। यह मदरसा निजी भूमि में स्थित है जिसे आज बन्द करने की कार्यवाही की गईइस अवसर पर उपजिलाधिकारी इकौना ओम प्रकाश, तहसीलदार इकौना, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार सहित सम्बन्धित थानाध्यक्ष व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### पीएनबी शाखा प्रबंधक के स्थानांतरण पर दी गई विदाई

**स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच।** पंजाब नेशनल बैंक शाखा नानपारा में प्रबंधक के पद पर लगभग 9 माह से कार्यरत धर्मेंद्र कुमार की पदोन्नति आगरा मंडल में स्थानांतरण होने पर पंजाब नेशनल बैंक शाखा नानपारा के समस्त कर्मचारी व अन्य लोगों ने धर्मेंद्र कुमार को दी भावभीनी विदाई आपको बताते चलें कि धर्मेंद्र कुमार ने अपने कम अवधि के कार्यकाल में पंजाब नेशनल बैंक शाखा नानपारा का सुंदरीकरण करवाया जिसके लिए उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की गई।

### पदीय दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता पर निलम्बित हुए ग्राम पंचायत सचिव

**स्वतंत्र भारत बहराइच ।** तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत ग्राम कठौतिया के निवासियों द्वारा 23 अन्त्योदय कार्ड धारकों के नाम सूची से काटे जाने से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना-पत्र के सम्बन्ध में जिलाधिकारी मोनिका रानी के आदेश पर नायब तहसीलदार मिहींपुरवा, सहायक विकास अधिकारी (पं.) मिहींपुरवा व पूर्ति निरीक्षक मिहींपुरवा की संयुक्त टीम द्वारा की गई जांच में 23 कार्डधारकों में 10 कार्डधारक पात्र व 13 कार्डधारक अपात्र पाये गये। जिससे स्पष्ट है कि ग्राम सभा की खुली बैठक में अन्त्योदय कार्डधारकों का प्रस्ताव नियमानुसार नहीं कराया गया था।उक्त के दृष्टिगत तत्समय ग्राम कठौतिया में तैनात ग्राम पंचायत सचिव दयानन्द को अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता, लापरवाही, उदासीनता बरतने के कारण प्रथम दृष्ट्या दोषी पाये जाने पर डीएम मोनिका रानी के निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है तथा अनुशासनिक कार्यवाही संस्थगित करते हुए सहायक विकास अधिकारी (पं.) फखरपुर-बहराइच को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

### मृदा नमूना संग्रहण के लिए 5 से संचालित होगा विशेष अभियान

**स्वतंत्र भारत बहराइच ।** उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के चयनित 14 ग्राम पंचायतों में मृदा नमूना एकत्रीकरण का कार्य विशेष अभियान चलाकर संपादित किया जा रहा है। श्री वर्मा ने बताया कि प्रदेश के मा. मंत्री कृषि एवं प्रमुख सचिव कृषि की ओर से 05 मई 2025 को मृदा नमूना संकलन हेतु विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश प्राप्त हुए है।उप निदेशक कृषि श्री वर्मा ने बताया कि मृदा नमूना संकलन हेतु संचालित विशेष अभियान के कुशल क्रियान्वयन के लिए सहायक निदेशक कंप्यूटर एवं समन्वय, कृषि भवन लखनऊ को जनपद का नोडल अधिकारी नामित किया गया है जो जनपद की एक उच्च उत्पादकता वाली ग्राम पंचायत एवं एक निम्न उत्पादकता वाली ग्राम पंचायत में अपने समक्ष मृदा नमूना गृहीत कराएंगे। श्री वर्मा ने मृदा नमूना एकत्रीकरण के लिए जिले की चयनित समस्त ग्राम पंचायतों के कृषकों को सुझाव दिया है कि अधिक से अधिक संख्या में मृदा नमूना एकत्रीकरण कार्य में सहयोग प्रदान करें जिससे आने वाली फसलों के उत्पादन को ब?ाया जा सके।

### आवास दिलाने के नाम पर ठगी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता** प्रतापगढ़।सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का झांसा देकर ठगों द्वारा आए दिन नए-नए हथकंडे अपनाए जा रहे है,जिसमे सीधे-साधे लोग फंसकर जहां एक तरफ आर्थिक नुकसान उठाते है,वहीं दूसरी ओर ठगों से दुश्मनी मोल ले लेते है।शिकायत करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी जाती है।ऐसा ही मामला पट्टी थाने के अंतर्गत बहुता गांव का है जहां के निवासी मोहम्मद असलम ने शनिवार को आयोजित समाधान दिवस मे शिकायत करके आरोप लगाया है कि गांव का एक युवक उसे आवास दिलाने के लिए 5000 रूपये लगभग तीन माह पूर्व ले लिया था और बताया कि उसे शीघ्र ही आवास मिल जाएगा ।

## यातायात नियंत्रण ने 118 वाहनों का चालान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** सड़कों पर बेतरतीब खड़े वाहनों व अवैध पार्किंग करने वालों पर कार्यवाही जारी है।आवागमन की स्थिति को संभालने के लिए 118 वाहनों का चालान करने के साथ तीन वाहन सीज किए गए।तीन वाहनों से 1500 रूपये जुर्माना जमा कराया गया।गलत ढंग से पार्किंग करने पर 17 गाड़ियों का चालान हुआ।ई-रिक्शा चालकों का हुआ सत्यापन के साथ उन पर स्टीकर चस्पा किये गये।पुलिस एवं प्रभारी यातायात आदित्य कुमार सिंह द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए सड़क मार्ग पर निरन्तर भ्रमणशील रहकर व्यापारियों,राहगीरों व आमजन से सड़क पर अवैध अतिक्रमण व पार्किंग न करने के संबंध में वार्ता कर जागरुक किया गया।सड़क-सुरक्षा,जीवन-रक्षा के तहत वाहनों पर रेट्रो रिफ्लैक्टिव टेप लगाकर राहगीरों को जागरूक किया गया तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही की गई।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान



**स्वतंत्र भारत बहराइच ।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की क?ी में तहसील नानपारा में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, डीएफओ बहराइच अजीत प्रताप सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, उप जिलाधिकारी नानपारा लालधर यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रद्युम्य सिंह, पीडीडीआरडीए अरूण कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ आए हुए फरियादियों के समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए।सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अंश निर्धारण से सम्बन्धित अधिक शिकायतें प्राप्त होने पर डीएम ने नारा?गी व्यक्त करते हुए उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि पैमाईश से सम्बन्धित सभी प्रकरणों को समयबद्धता के साथ निस्तारित कर उन्हें दर्ज करने की कार्यवाही की जाय। डीएम ने कहा कि अंश निर्धारण हो जाने से भूमि विवाद से सम्बन्धित वादों में स्वतः कमी आयेगी। डीएम ने कहा कि धारा 24 के मामलों में लापरवाही को कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और कुर्रा दाखिला में लापरवाही मिलने पर सम्बन्धित राजस्व अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर उन्हें निलम्बित करने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। डीएम ने तहसील प्रशासन को निर्देश दिया कि खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय बनाकर चक मार्गों को पटवाने का कार्य शीघ्र कराएं। लेखपालों का निर्देश दिया गया कि चकमार्गों की पैमाईश कराकर खण्ड विकास अधिकारी को लिखित सूचना उपलब्ध करा दी जाये। डीएम ने कहा कि प्राप्त होने वाली शिकायतों में फरियादी को एक पटल से दूसरे पटल पर अनावश्यक रूप से दौ?ने की प्रवत्ति ठीक नहीं होती है। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस बात का प्रयास किया जाय कि पी?ित व्यक्ति की समस्या का समाधान कम से कम समय में हो जाय। ग्रीष्म ॠतु को देखते हुए डीएम ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र का भ्रमण कर पोखरों और तालाबों को भरवाया जाय जिससे आमजन व मवेशियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। उल्लेखनीय है कि तहसील नानपारा में सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 38 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 07 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी प्रकार अन्य तहसीलों महसी में प्राप्त 35 में 04, सदर बहराइच में प्राप्त 24 में 02, कैसरगंज में प्राप्त 54 में 06, पयागपुर में प्राप्त 29 में 03 तथा मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 20 में 03 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया।

## ग्राम पंचायत सचिवालय का संचालन न होने पर नोटिस जारी

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** कुंडा ब्लॉक के ग्राम पंचायत जमेठी में 22 लाख रुपए से बने ग्राम पंचायत सचिवालय का जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत दर्वे ने निरीक्षण किया। मौके पर पंचायत सचिव विक्रम सिंह उपस्थित मिले, पंचायत सहायक के सम्बन्ध मे जानकारी करने पर सचिव ने बताया कि गौशाला गए है। डीपीआरओ ने कुर्सियां तितर बितर होने और कंप्यूटर आदि उपलब्ध नहीं होने और आर आर सी सेंटर के अधूरे कार्यों के सम्बन्ध मे पंचायत सचिव विक्रम सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है तो पंचायत सहायक को सेवा मुक्त करने का निर्देश दिया गया है। आपको बता दें कि योगी सरकार ने शासन सचिवालय की तर्ज पर ग्रामीणों का स्वयं का ग्राम पंचायत सचिवालय हो इसके लिए 22 लाख रुपए मे सचिवालय निर्माण और 1 लाख 75 हजार रुपए में कुर्सी मेज अलमारी सोलर पैनल के साथ इनवर्टर बैटरी सोफा कंप्यूटर उपकरण आदि की व्यवस्था दी गई ।

# भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में चला अतिक्रमण विरोधी अभियान



**स्वतंत्र भारत बहराइच।** भारत-नेपाल सीमा से सटे मूर्तिहा कोतवाली क्षेत्र के भगड़िया ग्राम सभा में शनिवार को प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही करते हुए खलिहान की जमीन पर बने 34 अवैध दुकानों को हटवाया। यह कार्यवाही गाटा संख्या 516 पर स्थित ग्राम समाज की भूमि पर की गई, जहां वर्षों से अतिक्रमण कर अस्थायी व पक्के निर्माण कर व्यापारिक गतिविधियाँ चलाई जा रही थीं।इस अतिक्रमण विरोधी अभियान का नेतृत्व उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा अश्वनी कुमार पांडेय ने किया। उप जिलाधिकारी अश्वनी कुमार पांडेय ने जानकारी दी कि यह जमीन ग्राम सभा की खलिहान के रूप में दर्ज है, जिस पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर दुकानों का निर्माण कर लिया था। कई बार नोटिस देने के बावजूद अतिक्रमणकारियों ने कब्जा नहीं छोड़ा, जिसके बाद प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी पड़ी। उन्होंने बताया कि यह अभियान भारत-नेपाल सीमा से लगे 0 से 10 किमी क्षेत्र में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत किया गया है। मौके पर किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। प्रशासन ने साफ किया है कि सार्वजनिक या सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। अभियान के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा हर्षिता तिवारी, कोतवाल मुर्तिहा, राजस्व विभाग की टीम और भारी संख्या में पुलिस बल व सशस्त्र सीमा बल के जवान भी मौजूद रहे।

## डाक विभाग से सेवानिवृत्त साथी को सहकर्मियों ने दी विदाई

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** डाक विभाग में चार दशकों तक समर्पित सेवा देने के बाद उप डाकघर सुजौली के पोस्ट मास्टर (बीपीएम) देव प्रकाश अवस्थी 65 वर्ष की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर 3 मई को उप डाकघर परिसर में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें डाक विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में डाक सर्वेक्षक नानपारा उपमंडल नितेश कुमार, एबीपीएम श्री गोविंद पांडे, पुनीत मिश्रा, मुकेश चंद्र तिवारी, पूर्व बीपीएम रमेश सिंह, वर्तमान बीपीएम अजय यादव समेत बड़ी संख्या में डाक विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने माल्यार्पण कर और मिठाई खिलाकर देव प्रकाश अवस्थी को उनके सेवाकाल के लिए शुभकामनाएँ और बधाइयाँ दीं। डाककर्मियों ने उनके अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और विनम्र स्वभाव की सराहना करते हुए कहा कि अवस्थी जी जैसे समर्पित की।

## युवक का शव अंतिम संस्कार करने से परिजनों ने किया इनकार

**स्वतंत्र भारत संवाद बिहार प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश मे पालिटेक्निक छात्र को फाफामऊ प्रयागराज मे मारपीट कर घायल कर दिया,जिसका ईलाज दौरान मौत हो गई।उक्त प्रकरण मे पूर्व से फाफामऊ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।पीएम उपरान्त शव घर पहुंचने पर परिजनों ने अन्तिम संस्कार करने से इनकार कर दिया।बाघराय थाना के रामपुर कोटवा निवासी लल्लन मिश्रा का पुत्र अनुराग मिश्रा उर्फ सत्यम शांतिपुरम फाफामऊ मे रहकर पालिटेक्निक का अंतिम वर्ष का छात्र था,जिसे गांव मे जमीनी विवाद मे आरोपीगण ने जानलेवा हमला कर दिया था,जिसे गम्भीर चोटें आई थीं।परिजनों ने अनुराग मिश्रा को ईलाज के लिए भर्ती कराया था,जिसका एक माह बाद ईलाज दौरान मौत हो गई।शव पीएम उपरान्त रामपुर कोटवा पहुंचने पर चीख पुकार मच गई और परिजनों ने शव अन्तिम संस्कार करने से इनकार कर दिया।परिजनों ने पड़ोसी पर जमीन विवाद मे हत्या का आरोप लगाया है।आरोपियों पर कार्यवाही की मांग करने लगे।एसडीएम कुंडा देश दीपक सिंह,सीओ सदर करिश्मा गुप्ता,विधायक बाबागंज विनोद सरोज के मान मनौव्वल और आरोपियों पर कार्यवाही करने के आश्वाशन पर परिजन शव अन्तिम संस्कार करने को राजी हो गए।जानकारी के मुताबिक परिजन देर शाम शव अन्तिम संस्कार करने के लिए श्रृंगवेरपुर लेकर चले गए और अन्तिम संस्कार कर दिया।

## पोस्टल आर्डर के अभाव में जन सूचना मांगने में परेशानी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना हासिल करने के लिए 10 रूपये नगद या उतने का बैंकर्स चेक या बैंक ड्राफ्ट या पोस्टल आर्डर प्रार्थना पत्र के साथ लगाने पर ही सूचना देने का प्रावधान है।जिसमें सबसे आसान तरीका 10 रूपये नगद जमा करके लोग सूचना हासिल कर लेते थे, लेकिन नए शासनादेश के अनुसार नगद राशि नहीं जमा कराई जा सकती जिससे लोग पोस्टल आर्डर का सहारा लेना है।लेकिन लगभग सभी डाकघरों में इसका अभाव कई महीनो से चला आ रहा है।पहले 10 रूपये की जगह 50 रूपये का पोस्टल आर्डर मिलता था अब वह भी बंद हो गया है, जिसे लोग लगाकर किसी तरह काम चला लेते थे।जिले पर प्रधान डाकघर मे 50 रूपये का पोस्टल आर्डर बड़ी मुश्किल से मिल पाता है। इसके संबंध में सहायक सूचना अधिकारी व तहसीलदार पट्टी श्वेताभ सिंह से पूछने पर उन्होंने बताया कि नये शासनादेश के अनुसार नगद राशि नहीं जमा कराई जाएगी बगैर पर्याप्त धन राशि का पोस्टल आर्डर या बैंक ड्राफ्ट लगाए प्रार्थना पत्र स्वीकार ही नहीं किए जाएंगे।इससे लोगों को सूचना मिलने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। देवरखा गांव के राम सुखराम यादव व औराईन गांव के सदाशिव पांडे अशोक कुमार पांडे सहित कई लोगों ने प्रधान डाकघर से 50 रूपये पोस्टल ऑर्डर खरीद कर प्रार्थना पत्र के साथ लगाए है। 10 रूपये की जगह 50 रूपये का पोस्टल ऑर्डर लगाना पड़ रहा है और दूसरी ओर प्रधान डाकघर का चक्कर अलग से लगाना पड़ रहा है।यदि बैंक ड्राफ्ट बनवाने जाते हैं तो कई घंटे लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है।लोगों ने 10 रूपये का पोस्टर ऑर्डर उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

## विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर गोष्ठी आयोजित

**श्रावस्ती** (नि0सं0)। जनपद में तहसील जमुनहा के प्रांगण में शनिवार को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के तहसील अध्यक्ष बाबूराम पाठक ने की। इस दौरान पत्रकारिता की भूमिका, उसकी चुनौतियाँ और समाज में मीडिया की अहमियत पर विस्तार से चर्चा की गई।गोष्ठी में जमुनहा तहसील अध्यक्ष बाबूराम पाठक ने उपस्थित पत्रकारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रेस लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। एक सच्चा पत्रकार निडरता और ईमानदारी से समाज को सच से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि यह दिवस उन पत्रकारों को सम्मान देने का अवसर है जो तमाम कठिनाइयों के बावजूद निष्पक्ष पत्रकारिता करते हैं। इस अवसर पर यूनियन के जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ सिंह, तहसील संरक्षक सुधीर सिंह, वर्ष 1993 में संयुक्त राष्ट्र ने तीन मई को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के रूप में मान्यता दी थी। यह दिवस वर्ष 1991 में विंडहोक घोषणापत्र की

## तिल की खेती को प्रोत्साहन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापग?।** जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने बताया है कि तिल एक अत्यंत लाभकारी तिलहन फसल है,जो कम पानी में भी अच्छी उपज देती है और सूखा प्रभावित क्षेत्रों के लिए उपयुक्त मानी जाती है।तिल में तेल की मात्रा 45-50 प्रतिशत तक होती है,जिससे यह किसानों के लिए आर्थिक दृष्टिकोण से लाभकारी साबित हो सकती है।तिल के बीजों का उपयोग तेल निकालने,मसालों,मिठाइयों और स्वास्थ्य उत्पादों में किया जाता है।दोमट या बलुई दोमट मिट्टी जिसमें जल निकासी अच्छी हो,तिल के लिए सर्वोत्तम होती है।

## चोरी की मोटर साईकिल के साथ एक गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना के उपनिरीक्षक सुनील कुमार ने वादी की मोटर साईकिल अन्नावा से चोरी होने के मामले मे थाना हाजा पर दर्ज मुकदमा से सम्बन्धित आरोपी साहिल गौतम पुत्र विनोद कुमार गौतम निवासी ग्राम लालूपट्टी थाना संग्रामगढ़ को चोरी की मोटर साईकिल के साथ पूरे किसुनी ईंट भट्ठे के पास से गिरफ्तार कर मुकदमा उपरोक्त में सुसंगत धारा बढ़ोत्तरी कर जेल भेज दिया है।

## नाबालिग से दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना के उपनिरीक्षक प्रभा शंकर सचान ने नाबालिग से दुराचार करने के मामले मे दर्ज मुकदमा से सम्बन्धित फरार आरोपी सतीश सरोज पुत्र संतलाल निवासी ख़ामतीपुर आजादनगर को नहर पुल से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया

## श्रीमद्भागवत कथा पूर्व निकाली कलश यात्रा

**स्वतंत्र भारत संवाद बिहार प्रतापगढ़।** बिहार ब्लॉक के ग्राम उमरा पट्टी में श्रीमद्भागवत कथा आयोजन से पहले पूजित कलश यात्रा बैंड बाजे के साथ निकाली गई। कथा वाचक आचार्य रामदर्शन मिश्रा के मुखारबिंद से श्रोता रसपान करेंगे।मुख्य यजमान सुरेन्द्र पांडेय व धर्मपत्नी लक्ष्मी देवी,अरुण पांडेय,विनोद पांडेय,सचेंद्र पांडेय,दिनेश त्रिपाठी,संदीप त्रिपाठी,अनुज त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## कच्ची शराब व चाकू के साथ तीन गिरफ्तार

**श्रावस्ती** (नि0सं0)। थाना को0 भिनगा पुलिस' द्वारा अभियुक्त 1. भज्जू पुत्र राससूरत निवासी चंदनकुड़ी थाना को0 भिनगा जनपद श्रावस्ती के कब्जे से '10 लीटर' अवैध कच्ची शराब बरामद होने के अपराध में थाना को0 भिनगा पर धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया।थाना गिलौला पुलिस' द्वारा अभियुक्त ददऊ उर्फदादे पुत्र कोने निवासी पवली नौना थाना को0 देहात जनपद बहराइच के कब्जे से '01 नाजायज चाकू' बरामद होने के अपराध में थाना गिलौला पर धारा 4/25 शस्त्र अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया। थाना सिरसिया पुलिस' द्वारा अभियुक्त पिंटू पाण्डेय पुत्र विजयराम निवासी सहियापुर बेलभरिया थाना हर्रैय्या जनपद बलरामपुर के कब्जे से '01 नाजायज चाकू' बरामद होने के अपराध में थाना सिरसिया पर धारा 4625 शस्त्र अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया।

# वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने किया प्रयागराज जंक्शन एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशन का किया औचक निरीक्षण

□ प्रयागराज जंक्शन पर 15 खानपान स्टालों पर 5 लाख रुपये जुर्माना

□ प्रयागराज छिवकी पर 8 खानपान स्टालों पर 3 लाख रुपये जुर्माना





**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** प्रयागराज मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, हिमांशु शुक्ला ने दिनांक 02 मई, 2025 को प्रयागराज जंक्शन पर एवं 03 मई, 2025 को प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर औचक निरीक्षण का निरीक्षण किया । खानपान व्यवस्थाओं के इस विशेष निरीक्षण में मानकों के अनुपालन में लापरवाही पर प्रयागराज जंक्शन पर 15 खानपान स्टालों पर लगाया 5 लाख रुपये जुर्माना एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर 8 खानपान स्टालों पर 3 लाख रुपये जुर्माना लगया गया । इस निरीक्षण के दौरान सहायक वाणिज्य प्रबंधक, अनिल गुप्ता, सहायक वाणिज्य प्रबंधक, दिनेश कुमार, वाणिज्य निरीक्षक, कैटरिंग निरीक्षक, सुपरवाइजर भी मैजूद थे । वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग ने दिनांक 02.05.2025 को प्रयागराज जंक्शन के निरीक्षण के दौरान प्लेटफार्म संख्या 1 पर नीलम एएस सेल्स, ललिता देवी एवं आरके फूड प्रोडक्ट्स में गंदगी, जनता खाना की अनुपलब्धता और मानको की अनदेखी पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और जुर्माना लगया । प्रयागराज जंक्शन पर करीब 35 खानपान के स्टाल्स/रेस्टोरेंट हैं । चेकिंग के दौरान अधिकांश स्टाल्स पर जनता खाना मौजूद नहीं था । रेलवे की योजना के तहत जनता खाना कम मूल्य पर यात्रियों के लिए स्टाल्स पर बेचा जाता है । कुछ स्टाल्स पर मूल्य सूची और जनता खाना के पैकेट पर ठीक तरह मूल्य अंकित नहीं था ।प्रयागराज जंक्शन एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशन के निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग ने प्लेटफार्मों पर नए स्टाल्स खोलने के लिए कई जगह चिन्हित की और निरीक्षकों को निर्देश दिया गाड़ियों की जनरल बोगी के सामने पर्याप्त खानपान स्टाल्स और सामग्री मौजूद होनी चाहिए ।निरीक्षण के दौरान कई जगहों पर पर उचित साफ़ सफाई नहीं थी, इसके लिए फर्मों को नोटिस देने के निर्देश दिए गये । निरीक्षण के दौरान जन सुविधाओं को भी देखा और उचित साफ सफाई बनाये रखने के लिए चेतावनी दी ।

प्रयागराज छिवकी पर निरीक्षण के दौरान गाड़ियों के पैंट्री कर भी चेक किये । वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने कहा कि खानपान सामग्री पर निर्धारित मूल्य से अधिक लिए जाने पर लाइसेंस निरस्त किये जायेंगे और कड़ी कार्यवाई भी की जाएगी ।इसी क्रम में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशानुसार आज दिनांक 03.05.2025 को प्रयागराज जंक्शन पर किलेबंदी कर चेकिंग अभियान चलाया । इस अभियान में बिना टिकट और अनियमित टिकट के लिए 349 यात्रियों पर 193735 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## रोजगार मेले का आयोजन 06 को

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज परिसर में दिनांक 06.05.25 को प्रातः 10:00 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाना है । उक्त मेलों में निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा लगभग 600 विभिन्न रिक्त पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेगी। रोजगार मेलों में हाईस्कूल/इण्टर/सनतक/आई0टी0आई0/डिप्लोमा उत्तीर्ण, आयु सीमा 18 से 45 वर्ष के अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in job seekar पर अपना पंजीयन करके अपने समस्त अंक-पत्र एवं जाति प्रमाण-पत्र की छायाप्रति के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थी रिक्तियों से सम्बन्धित विस्तृत विवरण रोजगार संगम पोर्टल पर प्राप्त कर सकते है । इस मेले में प्रतिभाग हेतु यात्रा भात्ता देय नहीं होगा।

## मांडा थाने में तबादले के बाद भी लम्बे समय से जमे हुए तीन पुलिस कर्मी थाना अध्यक्ष मेहरबान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता मेजा प्रयागराज।** पुलिस मुख्यालय से तबादला सूची जारी होने के बावजूद आदेश का पालन नहीं करते है मांडा थाना अध्यक्ष जबकि आदेश में तत्काल प्रभाव से नए पदस्थापना पर पदभार ग्रहण करने का आदेश जारी है लेकिन थाना अध्यक्ष मेहरबान है कारखास हेड कांस्टेबल संतोष कुमार यादव का मांडा थाना से खीरी थाना मे स्थांतरण हो गया है उसके बावजूद लम्बे समय से जमे हुए हैं । वही हरे राम का मांडा थाना से कीटगंज थाना हुआ है और राजू यादव का मांडा से बारा थाना स्थानांतरण किया गया था किंतु थाना अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह मेहरबान है । सूत्रों की मानो तो थाने की सारी गोपनीयताएं क्षेत्र में दे देते हैं और गाजा अफीम की बिक्री करवाते हैं क्षेत्र में अवैध वसूली का भी काम करते हैं क्षेत्र में हरे पेड़ का कटान भी करवाते हैं पैसा लेकर रात दिन खनन का भी काम करवाते हैं । क्षेत्र में चर्चा का का विषय बना हुआ है। स्थानांतरण होने बावजूद किसके सह पर लंबे समय जमे हुए हैं। क्षेत्र कहते कि मेरा कोई कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता है । जब तक डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव साहब है तब तक मेरा कोई कुछ नही बिगाड़ सकता है हम लोग जब तक चाहूंगा तब तक रहूंगा। अब देखना है कि डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव के आदेश का पालन किया जाता है या मेहरबान रहेंगे थाना अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह

## गंगा नदी पर पक्का पुल निर्माण को लेकर सीएम से मिले पूर्व विधायक

**मुख्यमंत्री ने उरुवा पुल निर्माण की स्वीकृति का दिया आश्वासन**



**मेजा, प्रयागराज।** शुक्रवार को पूर्व विधायक कलेक्टर पांडेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उरुवा ब्लॉक की गंभीर समस्याओं का ज्ञापन दिया। उन्होंने यहां गंगा नदी पर पुल निर्माण, ब्लॉक मुख्यालय में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना और देवरी कलां करछना में बंद पड़े पावर प्रोजेक्ट को पुनः शुरू करने जैसे आदि मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने मांगों पर शीघ्र स्वीकृति और कार्यान्वयन का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्व विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री से भेंट के दौरान अन्य स्थानीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ, जिसमें क्षेत्रीय विकास से जुड़े कई प्रस्ताव शामिल हैं। कहा कि पूर्ण विश्वास है कि लंबित परियोजनाओं को अब शीघ्र शुरू किया जा सकेगा। इससे क्षेत्र की संयोजकता, स्वास्थ्य सेवाओं और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

## उत्तर मध्य रेलवे बना देश में ऊर्जा संरक्षण का अग्रणी ज़ोन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) का बिजली विभाग पर्यावरण संरक्षण और सतत ऊर्जा उपयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक मिशन के रूप में आगे बढ़ा रहा है। एनसीआर ने अपने कार्यालय भवनों को 'शून्य' और 'शून्य-प्लस' ऊर्जा प्रमाणीकरण दिलाने की दिशा में एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की है, जो देशभर में रेलवे द्वारा हरित ऊर्जा को अपनाने की दिशा में एक मिसाल है।

इस योजना के अंतर्गत भवनों की कुल ऊर्जा खपत का आकलन कर, विश्वस्तरीय तकनीकों और सौर पैनलों की सहायता से उनकी ऊर्जा आवश्यकताओं की आपूर्ति स्व-निर्भर तरीके से की जाती है। परिणामस्वरूप, इन भवनों को ऊर्जा संरक्षण ब्यूरो (बीईई) द्वारा 'शून्य' और 'शून्य-प्लस' प्रमाणपत्र जारी किया गया है।

**वर्ष 2024-25 की प्रमुख उपलब्धियाँः**

□ एनसीआर के 10 भवनों को BEE द्वारा 'शून्य/शून्य-प्लस' प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ है। इसमें धौलपुर (राजस्थान) का यात्री आरक्षण कार्यालय, झांसी के वैगन मरम्मत कारखाना परिसर का प्रशिक्षण केंद्र, अलीगढ़ का पार्सल कार्यालय, कानपुर विद्युत लोको शेड के 4 भवन और महाप्रबंधक कार्यालय प्रयागराज के 3 भवन शामिल हैं।

**भविष्य की संभावनाएँः**

□ अगले चरण में 19 भवनों की पहचान की गई है, जिनमें BEE प्रमाणीकरण की पूर्ण संभावना है। इसमें सूबेदारगंज स्टेशन, एम.डी.डी.टी.आई. कानपुर, खजुराहो और टीकमगढ़ स्टेशन, झांसी वैगन कारखाने के कई भवन आदि शामिल हैं।

**सौर ऊर्जा उत्पादन में उल्लेखनीय प्रगतिः**

□ वर्ष 2024-25 अप्रैल से मार्च में एनसीआर द्वारा 12.7 मेगावाट क्षमता के सौर संयंत्रों से 11.87 मिलियन यूनिट स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन किया गया। इससे 5.34 करोड़ की बचत हुई और लगभग 9968 मीट्रिक टन $CO_2$ उत्सर्जन रोका गया।

**आगामी योजनाः**

□ जून 2025 तक 17.84 मेगावाट के नए सौर संयंत्र लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे सालाना 32.3 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन और 14.9 करोड़ की अनुमानित बचत होगी। इससे 27187 मीट्रिक टन $CO_2$ उत्सर्जन में कमी आएगी।

**राष्ट्रीय मान्यताः**

□ ऊर्जा संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए उत्तर मध्य रेलवे को 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2023' जोनल रेलवे श्रेणी, 'उत्तर प्रदेश ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2024' प्रथम स्थान, और सूबेदारगंज स्टेशन को 'सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट' प्राप्त हुआ है।

उत्तर मध्य रेलवे अपनी हरित ऊर्जा पहल के माध्यम से रेलवे नेटवर्क को पर्यावरण के अनुकूल, सस्टेनेबल और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

## पाठा क्षेत्र के इलाकों में टैंकर से पेयजल आपूर्ति की बनी रणनीति

**स्वतंत्र भारत संवाददाता मेजा प्रयागराज।** पेयजल संकट, हीट वेव और भीषण गर्मी से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए मांडा ब्लॉक में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। ब्लॉक के पहाड़ी गांवों में गर्मी के दिनों में पेयजल का संकट उत्पन्न हो जाता है। पेयजल संकट को देखते हुए टैंकर से पानी आपूर्ति किए जाने की रणनीति बनाई गई है।

खंड विकास अधिकारी अमित मिश्रा ने बताया कि एडीओ (पंचायत) रमाकांत पांडेय को मांडा ब्लॉक स्थित कंट्रोल रूम का प्रभारी बनाया गया है। उनके सहयोग के लिए बीटी राम रतन और संजय कुमार को लगाया गया है। हीट वेव और पेयजल संकट की किसी भी समस्या को लेकर लोग कंट्रोल रूम में संपर्क स्थापित कर सकते हैं। बताया कि मांडा क्षेत्र के पहाड़ी गांवों में गर्मी के दिनों में हर साल गर्मी में पीने के पानी का गंभीर संकट गहरा हो जाता है। समस्या के समाधान के लिए पहले से ही पूरी तैयारी कर ली गई है। मांडा खास पहाड़ी, गिरधरपुर पहाड़ी, चपरतला, सिरावल, धनवाल, गजाधरपुर, पियरी, मझिगवां, नेवढ़िया 42, हाटा, महुआरी खुर्द मुसहर बस्ती, बदौआ, केड़वर, बेरी, पूरा लक्षन, सहित दो दर्जन गांवों में पानी के लिए टैंकर की व्यवस्था कर दी गई है। इससे लोगों को पेयजल की समस्या से निजात मिल जाएगी।

## दिव्य कुंभ, भव्य कुंभ, ऐतिहासिक कुंभ में निस्वार्थ सेवा को मिला सम्मान

**उत्तर मध्य रेलवे मंडल प्रयागराज और जिला अपराध नियोजन समिति का संयुक्त आयोजन**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के तहत 'दिव्य कुंभ, भव्य कुंभ, ऐतिहासिक कुंभ' की थीम पर कार्य करते हुए उत्तर मध्य रेलवे मंडल प्रयागराज एवं जिला अपराध नियोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य महाकुंभ जैसे विराट एवं ऐतिहासिक आयोजन में निस्वार्थ सेवा भाव से कार्य कर रहे समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों को सम्मानित करना था।

**कार्यक्रम की अध्यक्षता और विशिष्ट अतिथि-** कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति लखनऊ के चेयरमैन श्री कमलेश श्रीवास्तव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में अपर मंडल रेल प्रबंधक संजय कुमार सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में प्रयागराज के महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, समिति वाइस चेयरमैन समिति, पंकज जयसवाल, आर्य कन्या शिक्षण ग्रुप, आर एस वर्मा आईएएस पूर्व कमिशन्र उत्तर प्रदेश सरकार, समिति के कोषाध्यक्ष राकेश द्विवेदी (कानपुर) मौजूद रहे।

**अतिथियों का स्वागत और प्रेरणादायी संबोधन-** समारोह का शुभारंभ समिति के सचिव संतोष कुमार द्वारा स्वागत भाषण से किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत पारंपरिक अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह, एवं प्रशंसा पत्र भेंट कर किया गया।

मुख्य अतिथि संजय कुमार सिंह ने कहा, 'महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह सेवा, अनुशासन और सामाजिक समर्पण का जीवंत प्रतीक है। हम रेलवे प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।' महापौर प्रयागराज उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने समिति की सराहना करते हुए कहा, 'मैं स्वयं इस समिति का सेवक और पदाधिकारी हूं। समिति जब भी मुझे पुकारेगी, मै 24 घंटे सेवा के लिए तत्पर रहूंगा। यह मेरे लिए गौरव और कर्तव्य दोनों है।'

**265 पदाधिकारियों के साथ मीडिया कर्मियों को मिला सम्मान-** समारोह का मुख्य आकर्षण वह क्षण था जब समिति के 265 सदस्यों एवं पदाधिकारियों को उनके योगदान के लिए मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। उन्हें प्रशंसा पत्र, सम्मान चिह्न, और सार्वजनिक सराहना प्रदान की गई। इन कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं के मार्गदर्शन, यातायात नियंत्रण, साइबर जागरूकता, महिला सुरक्षा, अपराध निरोध, एवं सार्वजनिक सहयोग जैसे क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**सेवा का संकल्प और आयोजन का समापन-** आज के आयोजन में मुख्य रूप से बीके श्रीवास्तव राजेश कुमार अजीत कुमार सिन्हा, शोएब आलम संजय उपाध्याय श्रवण गौर राजेश निषाद खनन, संजय शुक्ला, आर ए फारुकी विशाल श्रीवास्तव प्रशांत सिंह हसन ए नकवी, शकील अहमद खान राकेश शर्मा, फैजानुद्दीन अंसारी मोहम्मद राजू, फैयाज अली फैजी रामबाबू सिंह मनीष विश्वकर्मी पंकज कुमार, मोहम्मद जावेद, लक्ष्मीकांत मिश्रा, अर्जुन सिंह, अमित कुमार गुप्ता सिद्धार्थ शर्मा, मोहम्मद हलीम यासीन अहमद शेख.

## किसानों के खेतों की मिट्टी की होगी जांच

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** खेतों की मिट्टी अच्छी होगी, उसमें सभी पोषक तत्व मौजूद होंगे, तभी किसानों को अच्छा उत्पादन मिलेगा। इसको लेकर इफको की ओर से जिले के किसानों की मृदा का परीक्षण कराया जाएगा। इफको किसान सेवा केंद्र घियानगर प्रयागराज प्रभारी अमन सिंह ने बताया कि जिले के 500 से अधिक किसानों की मृदा का निशुल्क परीक्षण कराया जाएगा।किसानो को अपने खेतों की मिट्टी का नमूना किसान सेवा केंद्र पर दे दे जाँच के उपरांत रिपोर्ट उनके मोबाइल पर भेज दिया जाएगा और रिपार्ट वह सेवा केंद्र से भी प्राप्त कर सकते है इफ़को द्वारा अभियान चलाकर मृदा परीक्षण का कार्य जल्द पूरा कराया जाएगा। सोमवार से चलने वाले अभियान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 257 शिकायतें मिली निस्तारण शून्य

**स्वतंत्र भारत संवाददाता मेजा प्रयागराज।** सम्पूर्ण समाधान दिवस पर विभिन्न विभागों से कुल 257 शिकायतें दर्ज की गई, जिसमें राजस्व से सर्वाधिक 103, पुलिस से 43, विकास से 27, समाज कल्याण से 9, शिक्षा से 2 और अन्य विभाग से 73 शिकायतें रहीं। सभी शिकायतों के निस्तारण के लिए एसडीएम ने विभागीय अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। शनिवार को मेजा तहसील पर सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम मेजा दशरथ कुमार की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान छतवा निवासी गंगा देवी पतनी नेब्बूलाल ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 10 वर्ष पूर्व उसकी अजिया सास गोल्हरी पतनी लोटन ने अपनी चल और अचल संपत्ति उसके नाम वसीयत किया था। वसीयत कागज उसके पास मौजूद है। पिछले 10 वर्षों से वह वसीयत के मुताबिक घर में रह रही थी। गत 31 मार्च शाम 6 बजे खमनिया निवासी रामलाल, संतलाल और श्यामलाल स्वजन के साथ जबरन घर में घुस कर कब्जा कर लिया और उसके समान को बाहर फेंक दिया। इसी बीच 14 अप्रैल को रात 10 बजे श्यामलाल शराब पीकर उसके साथ अभद्रता की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाई है। अमिलिया कला निवासी अधिवक्ता आलोक श्रीवास्तव ने गांव के ही दबंगों द्वारा तालाब संख्या 602, नवीन परती संख्या 603 पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। डांडी भटौती निवासी अधिवक्ता आनंद पांडेय ने बारिश में जल भराव के चलते डूबते घरों को बचाने के लिए जल निकासी की व्यवस्था कराए जाने की मांग की। पटखौली निवासी जयंती देवी, अमिलिया निवासी आशीष मिश्रा ने दफ्तर से धारा 38 और हुबलाल ने धारा 24 की फाइल गायब होने की शिकायत की। सभी मामलों में एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार मेजा आकांक्षा मिश्रा, नायब मेजा नंदलाल, बीडीओ मेजा अमित सिंह सीडीपीओ मेजा रागिनी कौशिक, आपूर्ति निरीक्षक आरके तिवारी, एडीओ समाज कल्याण सुशांतु पांडेय सहित सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



## लखनपुर पेट्रोल टंकी पर ग्राहकों की जेब पर डाला जा रहा डाका

### सीएनजी में हो रहा खेला 9 लीटर की टंकी में 972 की सीएनजी 135 रूपए का डाका

**स्वतंत्र भारत संवाददाता मेजा, प्रयागराज।** क्षेत्र के लखनपुर गांव स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने इंडियन आयल से संबंधित पेट्रोल पंप पर ग्राहकों की जेब पर सीधे-सीधे डाका डाला जा रहा है। पूर्व में भी सीएनजी घटतौली कावे आरोप उक्त पेट्रोल पंप पर लग चुका है, लेकिन जिम्मेदार बेखबर है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार शाम मेजारोड व्यापार मंडल के अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय के माल वाहक का चालक संजय पेट्रोल पंप पर सीएनजी भरवाने के लिए पहुंचा था। आरोप है कि पेट्रोल टंकी पर तैनात कर्मचारियों ने 9 लीटर की टंकी में 93 रुपए के हिसाब से 972 रूपए लिए। जबकि इस हिसाब 9 लीटर की टंकी में टोटल 837 रूपए बनते हैं। इस हिसाब से 135 रुपए का उपभोक्ता की जेब पर डाका डाला गया। देखा जाए तो उपरोक्त पेट्रोल टंकी पर आए दिन उपभोक्ता के जेब पर डाका डालने की शिकायत मिलती रही है बावजूद इसके कार्रवाई के नाम पर जिम्मेदार बेखबर है। अध्यक्ष ने बताया कि सीएनजी भरवाने के पूर्व उनकी गाड़ी में एक प्वाइंट सीएनजी पहले से मौजूद रही। सवाल उठता है कि आखिर क्या ? कर्मचारियों के द्वारा सीएनजी की जगह गाड़ियों में एक्स्ट्रा हवा भरी जा रही है। विवादों का अड्डा ग्राहकों की जेब पर डाका इंडियन आयल का यह पेट्रोल पंप हमेशा किसी न किसी कारणों से विवाद को लेकर चर्चा में रहता है, कभी ग्राहकों की शिकायत होती है कि पेट्रोल कम मिल रहा तो कभी शिकायत होती है कि सीएनजी कम मिल रहा है। पूर्व में भी कई बार ऐसे कितने मामले शिकायत के मिल चुके हैं बावजूद इसके ध्यान नहीं दिया जा रहा।

**135 रुपए का उपभोक्ता की जेब पर डाका**-अब तो एक और नया आरोप इकलौते पेट्रोल पंप पर 135 रुपए की कालाबाजारी का आरोप लगा है। आखिर ऐसे पेट्रोल पंप पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही यह जिम्मेदारो पर सवाल खड़ा हो रहा है।

**अध्यक्ष ने जताई नाराजगी-** मेजारोड व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने पेट्रोल पंप कर्मियों की लूट खसोट पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंप कर्मी हजारों उपभोक्ताओं की जेब पर सीधे-सीधे डाका डाल रहे हैं। ऐसे कर्मचारियों का संज्ञान लेते हुए उन पर कार्रवाई होनी चाहिए, उन्होंने कहा कि जल्द ही पेट्रोल पंप पर तैनात कर्मचारियों के ऊपर कार्रवाई नहीं हुई तो वह उपभोक्ता फोरम में इसकी शिकायत दर्ज कराएंगे।

## नकाबपोश बाइक सवार बदमाशो ने दिन दहाड़े अधिवक्ता को मारी गोली

**स्वतंत्र भारत संवाददाता सोरांव प्रयागराज** ।नकाबपोश बाइक सवार बदमाशो ने सोरांव तहसील जा रहे।अधिवक्ता को गोली मार दी जिससे वहां दहशत का महौल बन गया थोड़ी देर में वहा राहगीर की भीड़ जमा हो गयी गंभीर घायल अवस्था उन्हे इलाज के लिए स्वरूप रानी हास्पिटल में भेज दिया तथा मौका पाकर हमलावर फरार हो गये ।सूचना मिलते ही गंगापार पुलिस उपायुक्त सोरांव एसीपी जंगबहादुर यादव व थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ आला अधिकारी घटनास्थल पहुंचे। विभिन्न विन्दुओ पर संदिग्धो की जांच पड़ताल शुरू कर दी बतादे मऊआइमा थाना क्षेत्र के किंगरिया गांव के अधिवक्ता मान सिंह यादव पुत्र फूल चन्द्र शनिवार को डेढ बजे अपने घर से तहसील सोरांव जा रहे थे। वह नहर ददौली कल्याण शाह (लकड मण्डी) के पास पहुंचे थे कि पीछे से आ रहे बाइक सवार अज्ञात बदमाशो ने गोली मार दी। जिससे लहुलुहान अवस्था सड़क के गिर गये उन्हे इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया। गंगापार पुलिस उपायुक्त ने बताया कि घायल अधिवक्ता के अनुसार दो संदिग्धो परिवारजनो की जानकारी हुई इस घटना अंजाम जमीनी रंजिश बताई जा रही है

## हम्माद और बशर का हरफनमौला खेल, नोमान की हैट्रिक

**प्रयागराज।** मोहम्मद हम्माद (73 रन, 51 गेंद, आठ चौके, दो छक्के एवं दो विकेट), मोहम्मद बशर (25 रन एवं 6-0-18-3) और मोहम्मद नोमान की हैट्रिक सहित तीन विकेट के दम पर दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने डीएसए क्लब बी को 37 रन से हराकर फखरुद्दीन अली स्मृति अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये।

दौलत हुसैन कॉलेज ने शनिवार को अपने मैदान पर टॉस हारकर 30 ओवर में 6 विकेट पर 211 रन (मोहम्मद हम्माद 73, अबु बकर 38, मोहम्मद बशर 25, अनुज विश्वकर्मा 22 नाबाद, कार्तिकेय तिवारी 2/16, प्रियांशु, तरेश, फैंज व नमस्या सिंह एक-एक विकेट) बनाये।

## भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ द्वारा विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर पत्रकार सम्मान समारोह संपन्न

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** अंतरराष्ट्रीय विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ गंगापार प्रयागराज के तत्वावधान में लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, शांतिपुरम, फाफामऊ के सभागार में शनिवार को पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। चसमारोह की अध्यक्षता डॉ. बालकृष्ण पांडेय (राष्ट्रीय संरक्षक, भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ) ने की। मुख्य अतिथि गुरु प्रसाद मौर्य विधायक फाफामऊ व विशिष्ट अतिथि उपेंद्र सिंह डायरेक्टर कोऑपरेटिव बैंक उत्तर प्रदेश लखनऊ अति विशिष्ट उप जिलाधिकारी सोराव हीरालाल सैनी व डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय राष्ट्रीय संयोजक भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ, डॉ अनिल मिश्रा प्रोफेसर लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज उपस्थित रहे । कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित करके किया गया। उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। स्वतंत्र और निडर पत्रकार ही जनभावनाओं को शासन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने पत्रकारों की सुरक्षा और गरिमा के लिए निरंतर समर्थन की बात कही। अति विशिष्ट अतिथि उपेंद्र सिंह (डायरेक्टर, को-ऑपरेटिव बैंक, उत्तर प्रदेश) ने कहा कि आज के समय में पत्रकारों की भूमिका केवल समाचार देने तक सीमित नहीं है, बल्कि वे सामाजिक चेतना और न्याय के वाहक बन चुके हैं। समाज को दिशा देने में उनकी भूमिका अमूल्य है।

# अद्वैतवादी अद्वितीय हैं शंकराचार्य



- हृदयनारायण दीक्षित

शंकराचार्य छठी सदी के मध्य जन्मे थे। अतिविशिष्ट महानुभावों के जन्म स्थल और जन्म तिथि पर अक्सर विवाद रहता है। आर. जी. भंडारकर के अनुसार शंकराचार्य का जन्म सन 680 में हुआ था। प्रख्यात विद्वान मैक्समूलर के अनुसार शंकर का जन्म 788 ईस्वी में हुआ था। यही तिथि मैकडनल को भी मान्य है। शंकराचार्य का जीवन अल्पकाल का था। इस अल्पकाल में उन्होंने दुनिया के सभी विद्वानों की तुलना में सभी विषयों पर बड़ा काम किया। ज्ञान और कर्म दोनों ही उनके जीवन में शीर्ष पर पहुंचे। डॉक्टर राधाकृष्णन ने 'भारतीय दर्शन' (हिंदी अनुवाद पृष्ठ 384) में लिखा है कि, 'अपनी बाल्यावस्था में ही 8 वर्ष की आयु में उन्होंने गहन अभिलाषा प्रसन्नता के साथ सब वेदों को कंठस्थ कर लिया था। वे प्रकट रूप में वैदिक ज्ञान तथा स्वतंत्र प्रज्ञा से युक्त तेजस्वी व्यक्ति थे। वे सन्यासी हो गए थे। किन्तु वीतरागी परिव्राजक नहीं थे।'

वे गृहस्थ जीवन त्याग कर राग द्वेष से मुक्त होकर एकांतवास करने वाले सामान्य योगी नहीं थे। मजेदार बात है कि दर्शन में संसार को मिथ्या सिद्ध करने वाले आचार्य शंकर संसार और समाज को सत्य और आनंद से भरने के लिए पूरे भारत का भ्रमण किए थे। उन्होंने जगह-जगह प्रवचन किए। तर्क हुए। सत्य का विशुद्ध प्रकाश था उनके अन्तस्तल में। एक आचार्य के रूप में उन्होंने स्थान स्थान पर भ्रमण किया। विभिन्न मतों के नेताओं के साथ संवाद और शास्त्रार्थ हुए। परंपरागत वर्णनों के अनुसार, वे अपनी विजय यात्राओं में कुमारिल और मण्डन मिश्र के संपर्क में आए। आगे चलकर मण्डन मिश्र उनके शिष्य बने। अमरूक के मृत शरीर में शंकर के प्रवेश करने की कहानी यह प्रकट करती है कि शंकर योग सम्बंधी क्रियाओं में निपुण थे। उन्होंने चार मठों की स्थापना की। जिनमें मुख्य वह है जो मैसूर प्रांत में श्रृंगेरी में है। अन्य तीन मठ क्रमशः पूर्व में पुरी में, पश्चिम में द्वारका में और हिमालय प्रदेश में बद्रीनाथ में है। शारदा शक्तिपीठ की प्रतिष्ठा उन्होंने ही की थी। यह अब पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में है।

समूचे विश्व में दो दिन पहले प्रख्यात दार्शनिक शंकराचार्य की जयंती के उत्सव आयोजित हुए हैं। शंकराचार्य ने भारत के अद्वैत दर्शन को लेकर तमाम अभियान चलाए थे। उन्होंने देश की सांस्कृतिक एकता के लिए लगातार अभियान चलाए। उत्तर, दक्षिण, पूरब, पश्चिम एकात्म ब्रह्म-दर्शन की धूम थी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आदि शंकराचार्य की जयंती के अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि तीन वर्ष पूर्व सितंबर में उन्हें आदि शंकराचार्य के पवित्र जन्मस्थान का दौरा करने का सौभाग्य मिला था। आदि शंकराचार्य की भव्य प्रतिमा उनके संसदीय क्षेत्र काशी में विश्वनाथ धाम परिसर में स्थापित की गई है। प्रतिमा आदि शंकराचार्य के विशाल आध्यात्मिक ज्ञान और शिक्षाओं के प्रति सम्मान है। उत्तराखंड के पवित्र केदारनाथ धाम में आदि शंकराचार्य की दिव्य प्रतिमा का अनावरण करने का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री मोदी ने रेखांकित किया कि केरल से निकलकर आदि शंकराचार्य ने देश के विभिन्न भागों में मठों की स्थापना करके राष्ट्र की चेतना को जगाया। उन्होंने एकीकृत और आध्यात्मिक रूप से प्रबुद्ध भारत की नींव रखी। शंकराचार्य विरल थे। अविश्वसनीय शिखर ऊँचाई से भी ऊंचे। पाताल की गहराई से भी गहरे।


उन्होंने अद्वैत दर्शन के सूक्ष्म सूत्रों का भाष्य किया। विज्ञान में थोड़ी सी चूक भी सारे परिणाम बदल देती है। दर्शन में एक शब्द के भिन्न प्रयोग से अर्थ का अनर्थ हो जाता है। यह बात महाभाष्य में पतंजलि ने कही है। आचार्य ने ब्रह्म को सत्य और जगत् को मिथ्या कहा था। यहाँ ब्रह्म सम्पूर्णता है। मिथ्या का अर्थ झूठ नहीं है। अंग्रेजी का मिथ संस्कृत के मिथ्या का पड़ोसी हो सकता है। मिथ्या का अर्थ विनाशी है। ब्रह्म काल बंधन से परे है और अविनाशी है। जगत् काल गति के भीतर है, इसलिए भंगुर है। मर्त्य है। नाशवान है। शंकर के विरोधियों ने इसकी गलत व्याख्या की। उन्होंने ज्ञान के समकालीन मानदण्डों, विश्वास व प्राचीन सूत्रों का परंपराओं के साथ समन्वय किया। शंकराचार्य के समय की परिस्थितियों विचारणीय हैं। दक्षिण भारत में बौद्ध धर्म का ह्रास हो रहा था। जैन मत शिखर पर था। वैदिक परंपरा का भी ह्रास हो रहा था। शैव मतावलंबी भक्त (उदियार) और वैष्णव मत वाले भक्त (आलवार) भक्ति मार्ग का प्रचार कर रहे थे। मंदिरों में पूजा, पाठ, पर्व, त्यौहार प्रचलित थे। कुमारिल और मण्डन मिश्र ने अपने बौद्धिक ज्ञान के बल पर ज्ञान और सन्यास के महत्व को कम किया था। दोनों ने गृहस्थ आश्रम की उपयोगिता पर अधिक बल दिया था। इसी वातावरण में शंकराचार्य की प्रतिभा का बिस्फोट हुआ था। वे सनातन धर्म के रक्षक और रूढ़ियों के विरोध में अभियान चला रहे थे। पूरे देश में वैदिक दर्शन की जगह पुराण ले रहे थे। शंकराचार्य ने पुराणों के प्रकाशमान स्वर्ग आकांक्षी युग के स्थान पर उपनिषदों के सत्य को फिर से लौटा लाने का अभियान चलाया। उन्होंने संपूर्ण भारत और युग धर्म को प्रवर्तित करने का काम किया। धर्म की शक्ति को बड़ा बताया। डॉ. राधाकृष्णन ने



लिखा है कि, ÷उन्होंने अपने युग को धार्मिक दिशा में मोड़ने के प्रयत्न करने में अपने को विवश पाया। इसकी सिद्धि उन्होंने एक ऐसे दर्शन व धर्म की व्यवस्था के द्वारा सम्पन्न की जो बौद्ध धर्म, मीमांसा तथा भक्ति धर्म की अपेक्षा जनता की आवश्यकताओं को कहीं अधिक सन्तोषप्रद सिद्ध हो सकती थी। आस्तिकवादी सत्य को भावावेश के कुहरे से आवृत्त किए हुए थे। रहस्यवादी अनुभव प्राप्त करनेवाली अपनी प्रतिभा से सम्पन्न वे लोग जीवन की क्रियात्मक समस्याओं के प्रति उदासीन थे। मीमांसकों द्वारा कर्म के ऊपर दिए गए बल से एक आत्मविहीन क्रियाकलाप का विकास हुआ। धर्म वस्तुतः जीवन के अंधकारमय संकटों का सामना करने की प्रेरणा व अचार संहिता है। यह केवल उसी अवस्था में जीवित रह सकता है जब यह विचार का उत्तम परिणाम हो। शंकर की सम्मति में, अद्वैत दर्शन ही एकमात्र परस्पर विरोधी सम्प्रदायों में निहित सत्य है। वही उसकी न्यायोचितता का प्रतिपादन कर सकता है। उन्होंने अपने सब ग्रन्थों की रचना इसी एक उद्देश्य को लेकर की थी। यही जीवात्मा को ब्रह्म के साथ अपने एकत्व को पहचानने में सहायक है। सिद्ध होने के लिए और यही संसार में मोक्ष प्राप्ति का उपाय है। सभी दुखों और बंधनों से छुटकारा ही मोक्ष है। उन्होंने केरल के अपने जन्म स्थान दक्षिण से उत्तर की यात्रा की। उत्तर में हिमालय तक उन्हें पूजा व उपासना के अनेक रूप देखने को मिले। उन्होंने सभी उपासना पद्धतियों का अध्ययन किया। सबके सनातन तत्व को स्वीकार किया। उनके इस अभियान में संपूर्ण मानवता को उच्चस्तरीय मेधा संपन्न बनाने का ध्येय था। उन्होंने सनातन धर्म के सभी देवताओं की उपासना को उचित ठहराया। विष्णु, शिव, शक्ति (देवी) और सूर्य आदि प्रकाशमान देवताओं के लिए विशेष छंदों की रचना की। तत्कालीन धर्म आचार में नए प्राण डालने का काम किया। उन्होंने दक्षिण भारत में शक्ति पूजा की मूर्त रूप अभिव्यक्ति को उचित नहीं पाया। शरीर को विविध चिन्हों से दागने की प्रथा को अनुचित ठहराया।

महापुरुषों के जीवन में अंतर्विरोध होते हैं। आचार्य शंकर के जीवन में, श्रीराम के जीवन की तरह विरोधी भावों का समन्वय है। श्रीराम कोमल हैं, तो युद्ध में कठोर भी हैं। वे सामान्य आदमियों की तरह विचलित होते हैं और ऐश्वर्यवान देवता की तरह निर्लिप्त भी हैं। शंकराचार्य समाज सुधारक हैं। ज्ञान प्रचारक हैं। कवि हैं। परम विद्वान और ज्ञानी पंडित भी हैं। योगी हैं। शैव हैं। संत हैं और वैरागी भी हैं। तरुणाई में वे परम जिज्ञासु बौद्धिक हैं। वस्तुतः वे प्रशांत अद्वैतवादी हैं और ज्ञान को ही मुक्ति का उपाय बताते हैं, लेकिन भक्ति को त्याज्य नहीं बताते। अद्वैतवादी शंकर की प्रतिभा अद्वितीय है। डॉक्टर राधाकृष्णन ने सही कहा है कि, 'वे हमारी जानकारी से ज्यादा महान हैं। सामाजिक क्षेत्र में उनके समान मेधावी बहुत कम हैं।'

## प्रेमचंद की कहानियां



### ईदगाह

कितने ठिकाने की बात कही है पढे ने। चिमटा बाबरचीखाने में पड़े रहने के सिवा और क्या कर सकता है।

हामिद को कोई फड़कता हुआ जवाब न सूझा तो उसने धांधली शुरू की-मेरा चिमटा बाबरचीखाने में नहीं रहेगा। वकील साहब कुर्सी पर बैठेंगे तो जाकर उन्हें जमीन पर पटक देगा और उनका कानून उनके पेट में डाल देगा।

बात कुछ बनी नहीं। खासी गाली-गलौज थी; कानून को पेट में डालने वाली बात छा गयी। ऐसी छा गयी कि तीनों सूरमा मुंह ताकते रह गये, मानो कोई धेलचा कनकौआ किसी गण्डेवाले कनकौए को काट गया हो। कानून मुंह से बाहर निकलने वाली चीज है। उसको पेट के अन्दर डाल दिया जावे, बेतुकी-सी बात होने पर भी कुछ नयापन रखती है। हामिद ने मैदान मार लिया। उसका चिमटा रुस्तमे-हिन्द है। अब इसमें मोहसिन, महमूद, नूरे, सिम्मी किसी को भी आपत्ति नहीं हो सकती।

विजेता को हारने वालों से जो चमत्कार मिलना स्वाभाविक है, वह हामिद को भी मिला। औरों ने तीन-तीन, चार-चार आने पैसे खर्च किये; पर कोई काम की चीज न ले सके। हामिद ने तीन पैसे में रंग जमा लिया। सच ही तो है, खिलौनों का क्या भरोसा ? टूट-फूट जायेंगे। हामिद का चिमटा बना रहेगा बरसों !

सन्धि की शर्त तय होने लगी। मोहसिन ने कहा- जरा अपना चिमटा दो, हम भी देखें, तुम हमारा भिश्ती लेकर देखो।

महमूद और नूरे ने भी अपने-अपने खिलौने पेश किये।

हामिद को इन शर्तों के मानने में कोई आपत्ति न थी। चिमटा बारी-बारी से सबके हाथ में गया; और उनके खिलौने बारी-बारी से हामिद के हाथ में आये।

कितने खूबसूरत खिलौने हैं। हामिद ने हारने वाले के आंसू पोंछे- मैं तुम्हें चिढ़ा रहा था, सच! यह लोहे का चिमटा भला इन खिलौनों की क्या बराबरी करेगा; मालूम होता है, अब बोले, अब बोले।लेकिन मोहसिन की पार्टी को इस दिलासे से संतोष नहीं होता। चिमटे का सिक्का खूब बैठ गया है। चिपका हुआ टिकट अब पानी से नहीं छूट रहा है।

क्रमशः...

# तकनीक का अंधेरा पक्ष : ई-वेस्ट और हमारी लापरवाही

- रीतेश कुमार जैन

क्या आपने कभी सोचा कि आपके चमकदार स्मार्टफोन का अंत कहाँ होता है? वह फोन, जिसे आप रात-दिन थामे रहते हैं, एक दिन 'बेकार' होकर कूड़े के ढेर में दफन हो जाता है। लेकिन रुकिए—यह सिर्फ कचरा नहीं है; यह इलेक्ट्रॉनिक कचरा (ई-वेस्ट) है, एक ऐसा ज़हर जो हमारी धरती की नसों में घुल रहा है, हवा को विषैला कर रहा है, और हमारी सेहत को चुपके से निगल रहा है। हम तकनीक की चकाचौंध में खोए हैं, लेकिन इस चमक के पीछे छिपा है एक अंधेरा खतरा, जो हमारी अनदेखी का इंतज़ार कर रहा है। ई-वेस्ट सिर्फ पुराने गैजेट्स का ढेर नहीं—यह हमारी लापरवाही का वह दाग है, जो आने वाली पीढ़ियों को भी भुगतना पड़ेगा।हम तकनीक के युग में जी रहे हैं, जहाँ हर साल नया स्मार्टफोन, टीवी, या लैपटॉप बाजार में आता है, और पुराना सामान या तो घर के किसी कोने में धूल खाता है या कचरे में फेंक दिया जाता है। लेकिन यह कचरा इतना साधारण नहीं। संयुक्त राष्ट्र की 2024 ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में दुनिया ने 62 मिलियन टन ई-वेस्ट पैदा किया, और यह 2030 तक 82 मिलियन टन तक पहुँच सकता है। भारत इस मामले में तीसरे नंबर पर है, जहाँ हर साल 3.2 मिलियन टन ई-वेस्ट उत्पन्न होता है, जैसा कि सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (CPCB) बताता है। लेकिन चिंता की बात? इसमें से सिर्फ 32% ही सुरक्षित रूप से रीसाइकल होता है। बाकी या तो लैंडफिल में सड़ता है या असंगठित क्षेत्रों में जहरीले तरीकों से निपटाया जाता है।ई-वेस्ट में लेड, मरकरी, कैडमियम, और ब्रोमीन जैसे जहरीले रसायन होते हैं। जब पुराने उपकरण खुले में जलाए जाते हैं, तो डाइऑक्सिन और फ्यूरान जैसी विषैली गैसें निकलती हैं, जो हवा को प्रदूषित करती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, इन रसायनों के संपर्क में रहने से कैंसर, श्वसन रोग, त्वचा विकार, और मस्तिष्क संबंधी समस्याएँ हो सकती हैं। बच्चे और गर्भवती महिलाएँ इनके सबसे आसान शिकार हैं। जब ये उपकरण लैंडफिल में दबाए जाते हैं, तो उनके रसायन मिट्टी और भूजल में मिलकर उन्हें ज़हरीला बनाते हैं। एक अध्ययन के मुताबिक, भारत के 70% से ज्यादा भूजल स्रोत पहले ही प्रदूषित हो चुके हैं, और ई-वेस्ट इसका एक बड़ा कारण है।भारत में ई-वेस्ट की तस्वीर और भी डरावनी है। दिल्ली के सीलमपुर, मुंबई के धारावी, और बेंगलुरु के बाहरी इलाकों में हजारों गरीब मजदूर और बच्चे असंगठित क्षेत्रों में ई-वेस्ट को तोड़ते हैं। बिना मास्क या दस्तानों के, वे जहरीली धूल और गैसों के बीच तांबा, सोना, और अन्य धातुएँ निकालते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, ऐसे क्षेत्रों में काम करने वाले 70% से ज्यादा लोग श्वसन और त्वचा रोगों से पीड़ित हैं। यह सिर्फ पर्यावरणीय आपदा नहीं, बल्कि मानवीय त्रासदी भी है। इन मजदूरों को न तो उचित मजदूरी मिलती है, न स्वास्थ्य सुविधाएँ, और न ही उनके अधिकारों की रक्षा होती है। दिल्ली के मंडोली जैसे इलाकों में ई-वेस्ट जलाने से निकलने वाला धुआँ आसपास के लोगों के लिए साँस लेना मुश्किल कर देता है। यह एक ऐसा चक्र है, जो गरीबी, अज्ञानता, और लापरवाही से चल रहा है। सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए कदम उठाए हैं। 2016 में लागू 'ई-वेस्ट (प्रबंधन) नियम', जिन्हें 2022 में और सख्त किया गया, इलेक्ट्रॉनिक उत्पादकों को अपने उत्पादों के निपटान की जिम्मेदारी सौंपते हैं। लेकिन हकीकत निराशाजनक है। CPCB की एक रिपोर्ट कहती है कि भारत में सिर्फ 10% उपभोक्ता अपने पुराने उपकरण अधिकृत रीसाइक्लिंग सेंटर में जमा करते हैं। कारण? जागरूकता की कमी और रीसाइक्लिंग सेंटरों की अपर्याप्त संख्या। कई शहरों में ऐसे सेंटर हैं ही नहीं, और अगर हैं, तो लोगों को उनकी जानकारी नहीं। कंपनियाँ भी नियमों का पालन करने में लापरवाही बरतती हैं। नतीजा? ई-वेस्ट का पहाड़ बढ़ता जा रहा है।

इस संकट का समाधान असंभव नहीं। हमें व्यक्तिगत, सामाजिक, और सरकारी स्तर पर मिलकर काम करना होगा। सबसे पहले, जागरूकता जरूरी है। स्कूलों, कॉलेजों, और सोशल मीडिया के जरिए लोगों को ई-वेस्ट के खतरों और इसके सही निपटान के बारे में बताया जाना चाहिए। सरकार और गैर-सरकारी संगठन (NGOs) मिलकर अभियान चला सकते हैं। दूसरा, रीसाइक्लिंग को आसान बनाना होगा। हर शहर में अधिकृत कलेक्शन सेंटर होने चाहिए, और कंपनियों को पुराने उपकरण वापस लेने के लिए डिस्काउंट या कैशबैक जैसे प्रोत्साहन देना चाहिए। तीसरा, हमें अपनी आदतें बदलनी होंगी। नया स्मार्टफोन खरीदने की जल्दबाजी से बचें। अगर उपकरण खराब है, तो उसे फेंकने की बजाय मरम्मत कराएँ। जो उपकरण काम नहीं कर रहे, उन्हें कबाड़ीवाले को देने की बजाय रीसाइक्लिंग सेंटर में जमा करें।

## ।। चाणक्य नीति ।।

+++

**अन्तःसारविहीनानामुपदेशो न जायते।**
**मलयाचलसंसर्गान् न वेणुश्चन्दनायते।।**

जिस प्रकार मलयाचल पर उगने और चन्दन का संसर्ग पाकर भी बांस सुगन्धित नहीं हो सकता, उसी प्रकार जिनके भीतर समझने की शक्ति नहीं है, उन कोरे व्यक्तियों को उपदेश देने का कोई लाभ नहीं होता।

+++

**ईप्सितं मनसः सर्चं कस्य सम्पद्यते सुखम्।**
**दैवायत्तं यतः सर्वं तस्मात् सन्तोषमाश्रयेत्।।**

संसार में किसी को भी मनचाहा सुख नहीं मिलता। सुख- दुःख की प्राप्ति ईश्वर के अधीन है। अतः मनुष्य को जितना भी सुख मिलता है, उसे उतने से ही सन्तोष कर लेना चाहिए, अधिक प्राप्ति की चाह में अपने को दुखी नहीं करना चाहिए।

+++

**यश धेनुसहस्त्रेषु वत्सो गच्छति मातरम्।**
**तथावद्धि कृतं कर्म कर्तारमनुगच्छति।।**

जिस प्रकार गाय का बछाड़ा हजारों गायों की बीच खड़ी अपनी माता के पास जा पहुंचता है, उसी प्रकार मनुष्य का कर्म भी कर्त्ता को खोज निकालता है, अर्थात् मनुष्य अपने किये कर्म का फल भोगने से बच नहीं सकता।

+++

## ।। अमृत कलश।।

### सम्मान-असम्मान का पैमाना

मैले-कुचैले कपड़े पहने एक चित्रकार जब सम्राट नेपोलियन के पास पहुंचा तो उसने वस्त्र देखकर उसका कोई सम्मान नहीं किया। इतना ही नहीं उसे दूसरे किनारे पर बैठने को कह दिया।

थोड़ी देर बाद जब चित्रकार व सम्राट में बातचीत हुई जब सम्राट को ज्ञात हुआ कि वह बड़ा कुशल चित्रकार है। बात खत्म कर जब चित्रकार जाने लगा तो नेपोलियन उठा और उससे हाथ मिलाकर आदरपूर्वक द्वार तक छोड़ने स्वयं गया। पहले अपमान व बाद में सम्मान होते देख चित्रकार आश्चर्यचकित रह गया। उसने डरते-डरते नेपोलियन से इसका राज जानना चाहा। नेपोलियन बोला, आने पर किसी भी व्यक्ति का सम्मान उसकी वेशभूषा को देखकर ही किया जाता है। लेकिन जाते समय उसके गुणों के कारण उसको सम्मान दिया जाता है।



## काँव-काँव



+++

**गंगा एक्सप्रेसवे पर लड़ाकू विमानों के करतब**
बिहार के वोटरों का मनोरंजन होना चाहिये!

**पहलगाम हमले में एनआईए को मिले कई सबूत**
सांप निकलने के बाद लकीर पीटी जा रही है!

**आगरा में दिनदहाड़े सर्राफा व्यापारी की हत्या**
मरने से पहले रामराज्य के मुगालते में होगा!

**पत्नी ने शुभम के लिये मांगा शहीद का दर्जा**
पुलवामा शहीद अभी तक इंतजार कर रहे हैं!

**एनआईए ने बनायी आतंकियों की हिट लिस्ट**
पहलगाम घटना का इंतजार कर रहे थे क्या?

**विहिप ने की राष्ट्रीय जनगणना रजिस्टर की मांग**
पहले पाकिस्तान से दो दो हाथ तो कर लेने देते!

**निजीकरण के विरोध में शक्तिभवन पर अनशन**
इतने पढ़े लिखे इंजीनियर सड़क पर आ गये!

**नेशनल हेराल्ड केस में राहुल सोनिया को नोटिस**
यही समय मिला है दुश्मनी बराबर करने का!

+++

# ना 'पाक' हरकतें कब तक करेंगे बर्दाश्त!



- निशिकांत ठाकुर

जिन्होंने गोमुख देखा है, उन्हें याद होगा कि गंगा की मुख्य धारा जहां पर नीचे की ओर गिरती है, वह एक पत्थर हैं। हजारों वर्षों से गंगा की मुख्य धारा उस पत्थर पर गिरती आ रही है, लेकिन इसके बावजूद वह उस तेज प्रवाह से खंडित नहीं हुआ और आज भी जस का तस है। लेकिन, यह भी देखा होगा कि उसी पत्थर पर बार–बार रस्सी को रगड़े जाने से वहां उसका निशान बन जाता है। यानी, पत्थर को घिसना पड़ता है। वह पानी से नहीं, बल्कि उस पर रस्सी के आने जाने से निशान बन जाता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि पाकिस्तान के जन्म से ही हम उस पर प्रेम की धारा लगातार बहाते रहे, समझाते रहे, पुचकारते रहे, लेकिन वह कुत्ते की दुम की भांति अपनी प्रकृति को बदल नहीं पा रहा है। जब तक उस पत्थर रूपी पड़ोसी देश को ठीक से समझाया नहीं जाएगा, वह पहलगाम और पुलवामा जैसे जघन्य अपराध कहिए या नरसंहार, को अंजाम देने की अपनी कुत्सित मानसिकता से बाज नहीं आएगा। इसलिए उस पत्थर रूपी देश को उसी तरह खींच खींचकर गले पर निशान डालना होगा और बताना होगा कि बहुत हो गया, अब और सहन नहीं करेंगे।

भारत हमारा देश है, हमारे पूर्वजों सहित हम भी भारत की खुशबू में पले बढ़े। जब हम एक जगह पर रहेंगे, तो निश्चित रूप से बर्तनों की तरह आवाजें आती रहेंगी, लेकिन यदि कोई घर में अपने ही जयचंदों के इशारे पर हमारे ऊपर हमला करे, यह कब तक सहन करेंगे? अब यह तो साफ हो गया है कि हमारा पड़ोसी देश हमारे विकास से चिढ़ता ही नहीं है, बल्कि षड्यंत्र रचकर हमारा नुकसान कर रहा है, निर्दोषों के खून की नदियां बहा रहा है। अब पहलगाम की दर्दनाक घटना के बाद आतंकी संगठन और पाकिस्तान से भी इस बात की स्वीकारोक्ति आ गई है ; क्योंकि उसके रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ कहते हैं कि 'हम तीस सालों से कर रहे हैं आतंकी तैयार करने का गंदा काम।' सच तो यह है कि तीस सालों से नहीं, बल्कि अपने जन्मकाल से ही भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचकर भारत की प्रभुता पर पाकिस्तान हमला करता रहा है। वह तो साफ कहता है कि आप अपनी सुरक्षा में लगे रहें, हम उसे तबाह करते रहेंगे। इतनी सीनाजोरी के बाद भी हम अहिंसा के पुजारी बनकर उसके आतंकी हमले को सह लेते हैं और वह आए दिन बड़ी बड़ी हिंसा को अंजाम देकर अपने बिल में चूहों की तरह छुप जाता है।

वैसे तो हमारे देश के भाग्य निर्माता इस विषय पर गंभीरता से विचार विमर्श कर ही रहे हैं । लेकिन , निर्मम प्रहार से, निहत्थे आनंद उठाने की नीयत से जो पहलगाम घूमने गए उनका जीवन ही समाप्त कर दिया। यहां प्रश्न यह भी उठता है कि आखिर कैसे वह हमारी सीमा पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों को धता बताकर अंदर घुस जाते हैं और नरसंहार को अंजाम दे देते हैं? इस विषय में कुछ न कुछ हमसे चूक तो हुई ही है। अब इस गंभीर मामले को लेकर हमारे देश के सर्वोच्च भाग्य निर्माता गहन विचार विमर्श कर ही रहे हैं, लेकिन विचार विमर्श में सबसे पहले यह तय किया गया है कि उस आतंकियों के देश से अपने सारे संबंध तोड़ ले। उसी क्रम में दूतावासों को बंद करना, एक दूसरे देश के नागरिकों को अपने अपने देश वापस लौट जाने के लिए आदेश जारी कर देना शामिल है। लेकिन, ऐसा तो पहले से ही किया जाता रहा है। उसका परिणाम क्या मिला? वह तो इस तरह का देश हो गया है, जो यह मानने को तैयार ही नहीं है कि भारत में घुसना या किसी देश में बिना वैध कागजात के घुसना अपराध है। अपने कार्यकाल के दौरान पाकिस्तानी सीमा से लगे कई लाइन ऑफ कंट्रोल पर हमें जाने का अवसर मिला। एक बार वहां तैनात सुरक्षा रेंजर से पूछा कि भारत की इतनी सुरक्षा व्यवस्था को तार तार करते हुए किस तरह कोई एक दूसरे देश में घुस सकता है, तो रेंजर का उत्तर सुनकर चकित होना पड़ा। उसका कहना था कि यह फेंसिंग हिंदुस्तान ने अपनी सुरक्षा के लिए लगाया है, पाकिस्तान इसकी रक्षा क्यों करेगा! चूंकि हिंदुस्तान ने इसे अपनी सुरक्षा के लिए लगाया है, इसलिए उसकी जिम्मेदारी बनती है कि वह इसकी सुरक्षा खुद करे। पाकिस्तान की एक अलग सोच है और वह हर समय युद्ध के लिए भारत को उकसाता रहता है, इसलिए तो सदैव इस तरह के आतंकी संगठन हमारे देश में नरसंहार कर जाते हैं। एक सच पहलगाम हमले के बाद यह भी आया है कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देने के लिए हमारे ही देश में स्थित उसके स्लीपर सेल काम करते रहते हैं, जो समय समय पर अपने देश के राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करते हुए गुप्त सूचना दूसरे देश को देते हैं और हमारे ही बगल में खड़े होकर हमारे ही पीठ पर छुरा घोंपते हैं। पहलगाम हमले के बाद यह बात तो तय हो गई है और आतंकियों की पकड़ धकड़ में उनके घर नष्ट कर दिए गए। पर, एक मूल प्रश्न जो अनसुलझा है, वह यह कि आखिर हमारी सीमा में ये आतंकी घुस कैसे आते हैं? फिलवक्त, उत्तर तो यह दिया जा सकता है कि दोनों देश के बीच इतनी लंबी सीमा रेखा है और इतने भूले भटके स्थान हैं, जहां से यह आतंकी अपनी स्लीपर सेल के माध्यम से पहुंच जाते हैं और नरसंहार को अंजाम दे देते हैं। यह चूक तो हुई ही है कि हमारी लाख कोशिश के बावजूद ऐसे आतंकी कभी सुरंग खोदकर, कभी तार काटकर हमारी सीमा में प्रवेश कर जाते हैं। यदि आप सीमा पर जाकर देखें, तो यह स्थिति साफ हो जाएगी कि कोई भी व्यक्ति जो इस तरह की ट्रेनिंग लेकर घासपैठ करने की कोशिश करता है वह किसी न किसी तरह हमारी सीमा में प्रवेश कर हमारी सुरक्षा व्यवस्था को तार तार कर देता हैं। एक बात जिस पर अभी पूरे देश में चर्चा जोरों पर है, वह यह कि केंद्रीय सरकार भाजपा की, उप राज्यपाल उन्हीं का, पुलिस और सेना के जवान भी केंद्रीय गृहमंत्री के अधीन, पर इतनी बड़ी सुरक्षा के बावजूद यह आतंकी कैसे भेद देते हैं।

यह ठीक है कि पूरा देश शोक में डूबा हुआ है और जिन्होंने अपने निज को बिना अपराध के खोया है, उनकी तो आत्मा व्याकुल होगी ही। उस परिवार के लिए सरकार क्या करेगी? उनकी आत्मा तो कचोटती ही रहेगी और फिर कश्मीर जाने की बात वह कभी सोच भी नहीं सकेंगे? कश्मीर की घाटियां, जिन्हें भारत का स्वर्ग कहा जाता है, क्या फिर से वीरान हो जाएगा? अभी तो लोगों ने वहां जाना शुरू ही किया था, लेकिन इस नरसंहार के बाद क्या फिर से वह आबाद और जीवंत हो पाएगा? कश्मीर का व्यवसाय ही पर्यटकों से चलता है, उसका क्या होगा? वैसे देश में तरह तरह की अफवाहें फैली हुई हैं कि हमारा देश ईंट का जवाब पत्थर से देगा। लेकिन कब? इंतजार किस बात का है? इस तरह का निर्णय पूरे देश के भविष्य के लिए लेना है, जो सर्वदलीय बैठक में तय हुआ और इसकी चर्चा और गहन मंथन जारी है, लेकिन जानमाल का जो नुकसान हुआ है और भय का जो माहौल बना है, उसकी भरपाई कैसे होगी? भारत, पाकिस्तान के प्रति सदैव सदाशयता दिखता रहा है। एक स्थानीय कश्मीरी नागरिक का कहना है कि पाकिस्तान तो स्वयं कंगाल देश है, वह कैसे इन घटनाओं को अंजाम देने के लिए धन खर्च कर सकता है? उसका आरोप तो यह भी था कि आतंकियों को तो अपने ही देश के राजनीतिज्ञ पालते हैं और आतंक को अंजाम देने के लिए दहशतगर्दी को अपनाते हैं। जो भी हो, यह तो गहन मंथन और जांच का विषय है और चूंकि पूरा देश गहन शोक में डूबा है इसलिए तरह-तरह की बातें की जाएंगी, लेकिन इसका हल शांत मन से ही निकाला जा सकता है और पत्थरों पर निशान बनाने के लिए कुछ कठोर कदम तो देशहित में सरकार को उठाने ही पड़ेंगे, चाहे उसका निपटान युद्ध से ही क्यों न हों। इस बार केवल इतना ही, क्योंकि चूंकि सरकार अभी गहन मंथन कर रही है, इसलिए इस संबंध में अभी कुछ और कहना देशहित में उचित नहीं होगा।

# इस तरह से रख सकते है शरीर को अंदर से ठंडा



गर्मियों का मौसम आ चुका है और इसी के साथ हीट स्ट्रोक और कई अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी होने लगी हैं। गर्मी के दिनों में न सिर्फ बाहर का वातावरण गर्म होता है बल्कि हमारा शरीर खुद भी अंदर से बहुत गर्म हो जाता है। जब हमारा शरीर अंदर से गर्म हो जाता है तो हमें थकान और हीट स्ट्रोक जैसी कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने का भी खतरा रहता है। आपके साथ ऐसा न हो इसके लिए आज हम आपको कुछ ऐसे उपाय बताने जा रहे हैं जिन्हें अपनाकर आप अपने शरीर को अंदर से ठंडा रख सकते हैं। तो चलिए बिना देर किए आपको इन उपायों के बारे में बताते हैं।

**पानी और जूस पीते रहें**

अगर आप इन गर्मियों के दिनों में अपने शरीर को ठंडा रखना चाहते हैं, तो आपको पानी पीते रहना चाहिए। गर्मियों के दिनों में यह बहुत ज़रूरी हो जाता है कि आप सामान्य से ज़्यादा पानी पिएं। इतना ही नहीं, आपको इलेक्ट्रोलाइट्स युक्त हाइड्रेटिंग ड्रिंक्स का सेवन भी शुरू कर देना चाहिए। ऐसे पेय पदार्थ आपके शरीर को अंदर से ठंडा रख सकते हैं।

**नहाने के लिए ठंडे पानी का इस्तेमाल करें**

अगर गर्मी के मौसम में आपका शरीर अंदर से बहुत ज़्यादा गर्म हो रहा है, तो आपको नहाने के लिए ठंडे पानी का इस्तेमाल करना चाहिए। जब ??आप ऐसा करते हैं, तो आपके शरीर का तापमान नियंत्रण में रहता है। अगर नहाने के बाद भी आपको बहुत ज़्यादा गर्मी लग रही है, तो आप अपनी कलाई, गर्दन, माथे और पैरों पर कूलिंग पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसा करने पर आपको गर्मी से राहत मिलती है।

**हाइड्रेटिंग फल और सब्जियां खाएं**

अगर आप गर्मियों में अपने शरीर को ठंडा रखना चाहते हैं, तो यह बहुत ज़रूरी हो जाता है कि आप अपनी डाइट में हाइड्रेटिंग फल और सब्जियां शामिल करना शुरू कर दें। जब आप अपनी डाइट में खीरा, तरबूज़ और खट्टे फल शामिल करते हैं, तो आपको गर्मी से काफ़ी राहत मिलती है।

**हल्के और ढीले कपड़े पहनने से आराम मिल सकता है**

गर्मी के इन दिनों में आप किस तरह के कपड़े पहनते हैं, इसका आपके शरीर के तापमान पर गहरा असर पड़ता है। आपको हल्के और ढीले कपड़े चुनने चाहिए ताकि आपके शरीर का तापमान न बढ़े, दिनभर ठंडक बनी रहे।

# वास्तुकला का नमूना है वेटिकन शहर



पोप फ्रांसिस कैथोलिक समुदाय के राष्ट्राध्यक्ष थे। पोप फ्रांसिस के निधन के बाद नए पोप के चयन के लिए कॉन्क्लेव नाम की प्रक्रिया होनी है। अगले पोप का चुनाव वेटिकन शहर में होगा। रोमन कैथोलिक चर्च के प्रमुख पोप वेटिकन शहर के संप्रभु होते हैं। पोप इस शहर के निवासी और शासक होते हैं।

वेटिकन सिटी न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि कला, संस्कृति और इतिहास के दृष्टिकोण से भी एक अद्भुत स्थान है। भारतीय यात्रियों के लिए यहां की यात्रा एक यादगार अनुभव हो सकती है, बस योजना सही बनानी होगी। आइए जानते हैं भारतीय यात्री वेटिकन शहर की यात्रा कैसे कर सकते हैं, यहां घूमने के लिए कौन -कौन से पर्यटन स्थल हैं और वीजा प्रक्रिया क्या है।

**वेटिकन सिटी कहां है?**

वेटिकन सिटी इटली की राजधानी रोम के बीचों बीच स्थित एक स्वतंत्र संप्रभु राष्ट्र है। यह दुनिया का सबसे छोटा देश है और आबादी के लिहाज से भी सबसे छोटा देश है। यह रोमन कैथोलिक चर्च का आध्यात्मिक केंद्र और पोप का निवास स्थान भी है।

**भारत से वेटिकन शहर कैसे जाएं?**

भारत से वेटिकन सिटी जाने के लिए सबसे पहले आपको इटली की राजधानी रोम पहुंचना होगा। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु से रोम के लिए सीधी उड़ान या एक स्टॉप वाली फ्लाइट उपलब्ध हैं। भारत से रोम की यात्रा के लिए फ्लाइट में औसतन 10 से 14 घंटे का समय लग सकता है।

**रोम से वेटिकन शहर की यात्रा**

रोम से वेटिकन महज चार-पांच किमी दूर है। रोम हवाई अड्डे से टैक्सी, मेट्रो, स्थानीय बस या पैदल सफर किया जा सकता है।

**वेटिकन सिटी के लिए वीजा प्रक्रिया**

वेटिकन शहर का कोई अलग वीजा नहीं है। भारतीय नागरिकों को शेंगेन वीजा लेना होता है, क्योंकि वेटिकन इटली की सीमा में स्थित है। शेंगेन वीजा आवेदन आप इटली एम्बेसी या वीएफएस ग्लोबल सेंटर के जरिए कर सकते हैं। वीजा प्राप्त करने के लिए जरूरी दस्तावेज में पासपोर्ट, फोटो, फॉर्म, यात्रा बीमा, होटल बुकिंग, फ्लाइट टिकट, बैंक स्टेटमेंट आदि चाहिए होते हैं।

**वेटिकन के प्रमुख पर्यटन स्थल**

**सेंट पीटर्स बेसिलिका**

यह दुनिया का सबसे बड़ा चर्च है। यहां आपको बेहद शानदार वास्तुकला का नमुना देखने को मिलेगा। चर्च के गुंबद से रोम का शानदार दृश्य दिखता है। अगर आप चर्च और चैपल जा रहे हैं तो यहां प्रवेश करते समय कंधे और घुटने ढकने वाले कपड़े पहनकर जाएं, क्योंकि यहां एक ड्रेस कोड अपनाया जाता है।

**सेंट पीटर्स स्क्वायर**

वेटिकन शहर में सेंट पीटर्स स्क्वायर नाम का स्थान है जो किए एक विशाल चौक है। यहां हर रविवार को पोप श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हैं। यहां का ओबेलिस्क और सुंदर कॉलोनेड्स बहुत प्रसिद्ध हैं। अगर आप पोप को देखना चाहते हैं तो रविवार या बुधवार को जाएं।

**वेटिकन म्यूजियम**

दुनिया के सबसे बड़े और बेहतरीन संग्रहालयों में से एक वेटिकन म्यूजियम है, जहां प्राचीन मूर्तियां, कला कृतियां और ऐतिहासिक वस्तुएं संग्रहित हैं। यहां के राफेल रूम्स, गैलरी ऑफ मैप और इजिप्टियन म्यूजियम मुख्य आकर्षण हैं। म्यूजियम घूमने जा रहे हैं तो ऑनलाइन टिकट बुकिंग करा लें, इससे समय बचता है।

**सिस्टिन चैपल**

इटली के मशहूर मूर्तिकार, चित्रकार और वास्तुकार माइकल एंजेलो द्वारा बनाई गई विश्व प्रसिद्ध पेंटिंग सिस्टिन चैपल में ही है। इसी चैपल में पोप का चुनाव भी होता है। सिस्टिन चैपल के अंदर फोटोग्राफी मना है।

**वेटिकन गार्डन**

शहर में वेटिकन गार्डन नाम की जगह है, जो एक सुंदर उद्यान और फव्वारे वाला स्थान है। इसे गाइडेड टूर के जरिए देखा जा सकता है। सुबह जल्दी पहुंचने पर लंबी लाइन से बच सकते हैं।

**वेटिकन यात्रा का खर्च**

भारतीयों के लिए शेंगेन वीजा का शुल्क वयस्कों के लिए लगभग 7 हजार और 6 से 12 साल के बच्चों के लिए साढ़े तीन हजार है। भारत से रोम की फ्लाइट राउंड ट्रिप के लिए 45000 से 80000 तक टिकट में खर्च हो सकते हैं। यहां तीन सितारा होटल रूम का किराया एक रात का लगभग 3000 रुपये या उससे अधिक हो सकता है। स्थानीय परिवहन, पर्यटन स्थलों के टिकट आदि में 10000 से 15000 रुपये अनुमानित खर्च आ सकता है। चार से पांच दिन की वेटिकन यात्रा में कुल अनुमानिक खर्च 90000 से 160000 रुपये तक आ सकता है।

# इम्यूनिटी बढ़ाने और तनाव खत्म करने में मदद करती है लाफ्टर थेरेपी



अंग्रेजी की एक कहावत 'लाफ्टर इज द बेस्ट मेडिसन' के बारे में तो आप सभी ने सुना होगा। लेकिन वर्तमान समय में लोग शायद इस कहावत को जैसे भूल चुके हैं। आजकल की बिजी लाइफस्टाइल की वजह से लोगों के पास खुलकर हंसने का भी समय नहीं है। लेकिन अगर आप दिनभर में सिर्फ एक बार खुलकर हंसते हैं, तो इससे आपकी कई परेशानियां दूर हो सकती हैं। बता दें कि खुलकर हंसने को लाफ्टर थेरेपी या हास्य योग भी कहा जाता है। लाफ्टर थेरेपी में सिर्फ खुलकर हंसा जाता है। यह योग एक प्राकृतिक तरीका है मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को ठीक रखने का। हालांकि बहुत सारे लोगों को इसके लाभ के बारे में नहीं पता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हास्य योग के फायदे के बारे में बताने जा रहे हैं। जिससे कि आप भी अपनी डेली रूटीन का हिस्सा बना लेना चाहिए और खुद को फिट रख सकते हैं।

**तनाव से मिलेगी मुक्ति**-अगर आप दिन में लाफ्टर क्लब में अपने दोस्तों, करीबियों और परिवार के साथ कुछ समय बिताते हैं और खुलकर हंसते हैं। तो इससे तनाव से राहत मिलती है। क्योंकि जब आप खुलकर हंसते हैं, तो शरीर में एंडोर्फिन नामक हार्मोन रिलीज होता है। जोकि आपके मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने के साथ ही तनाव को भी कम करता है।

**दिल होगा मजबूत**- जब आप खुलकर हंसते हैं तो इससे आपका दिल मजबूत होता है। क्योंकि हंसने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है। इसलिए दिन में किसी ऐसे इंसान से जरूर बात करें, जिनसे बात करके आपको अच्छा महसूस होता है।

**पाचन तंत्र में होगा सुधार**- खुलकर हंसने से पेट की मांसपेशियों पर सीधा असर होता है। अगर आप दिन में एक अच्छे से हसेंगे तो इससे पाचन तंत्र भी मजबूत होगा। वहीं पेट संबंधी समस्याओं का खतरा भी कम होता है। साथ ही यह कैलोरी बर्न करने में भी सहायता करता है।

**इम्यूनिटी होगी मजबूत**- बता दें कि हंसने की वजह से आपकी इम्यूनिटी बढ़ती है। ऐसे में आप बिता बात के लाफ्टर क्लब में हंसे या फिर अपने दोस्तों के साथ ठहाके लगाएं। इससे आपकी इम्यूनिटी पर अच्छा असर पड़ता है। क्योंकि हंसने से शरीर में ऑक्सीजन का संचार होता है और इम्यूनिटी भी मजबूत होती है।

# एसी का बिल कम करने के आसान और असरदार तरीके



गर्मियों के मौसम में तेज़ धूप और उमस से राहत पाने के लिए एयर कंडीशनर एक ज़रूरी उपकरण बन जाता है। लेकिन जैसे ही एसी की ठंडी हवा मिलती है, वैसे ही बढ़ते बिजली बिल का डर भी सताने लगता है। खासतौर पर जब घर में दिनभर एसी चलता है तो महीने के अंत में भारी बिल आपकी जेब पर बोझ डाल सकता है। हालांकि कुछ आसान उपाय अपनाकर आप न केवल एसी का बेहतर उपयोग कर सकते हैं, बल्कि बिजली के खर्च में भी कमी ला सकते हैं। आइए जानते हैं कैसे।

**1. एसी का सही टेम्प्रेचर सेट करें-24°C है सबसे उपयुक्त**

बहुत से लोगों को लगता है कि अगर एसी को 18°C या 20°C पर चलाया जाए तो कम समय में कमरे को ठंडा किया जा सकता है और बिजली की बचत होगी। लेकिन यह सोच पूरी तरह गलत है। Bureau of Energy Efficiency के अनुसार, एसी को 24 डिग्री सेल्सियस पर चलाना सबसे अधिक ऊर्जा-कुशल और स्वास्थ्य के लिए भी उपयुक्त माना गया है। रिसर्च बताती है कि अगर आप का तापमान हर 1 डिग्री कम करते हैं, तो बिजली की खपत में लगभग 10 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होती है। ऐसे में 24एष्ट पर एसी चलाकर आप अच्छा खासा बिजली बिल बचा सकते हैं।

**2. टाइमर और स्लीप मोड का उपयोग करें-पूरी रात एसीचलाना न बनाएं आदत**- एसी को पूरी रात बिना रुके चलाना न केवल बिजली की खपत बढ़ाता है, बल्कि आपके शरीर पर भी असर डाल सकता है। इसलिए, बेहतर यही है कि आप, एसी में टाइमर सेट करें या स्लीप मोड का उपयोग करें। स्लीप मोड में एसी धीरे-धीरे तापमान बढ़ाता है, जिससे रातभर एक आरामदायक वातावरण बना रहता है और एसी की मोटर कम काम करती है। इससे बिजली की खपत अपने आप कम हो जाती है।

**3. रेगुलर सर्विस और फिल्टर की सफाई है ज़रूरी**-एसी की कार्यक्षमता बनाए रखने के लिए उसकी नियमित सर्विस और सफाई बेहद ज़रूरी है। जब एसी के फिल्टर या वेंट गंदे हो जाते हैं, तो उसे कमरे को ठंडा करने में ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है, जिससे बिजली की खपत बढ़ जाती है। कम से कम हर 3 से 6 महीने में एक बार एसी की सर्विस जरूर कराएं।

## रेसिपी

# घर पर बनाएं ये स्नैक्स, मिलेगी गर्मी से राहत



वीकेंड आने वाला है ऐसे में आपने भी अपना वीकेंड एंजॉय करने की तैयारी कर ली होगी। ज्यादातर लोग शनिवार और रविवार का समय अपने परिवार या दोस्तों के साथ एंजॉय करते हैं। अगर आपने भी अपने घर पर ही सहेलियों को समय व्यतीत करने के लिए घर पर बुलाया है तो उन्हें अपने हाथ से ही कुछ खास बनाकर खिलाएं। यहां हम आपको कुछ ऐसे स्नैक्स और ड्रिंक्स बनाने के आइडिया देने जा रहे हैं, जिसको आप पहले से तैयार करके रख सकते हैं। इन चीजों को बनकर फ्रिज में रख दें और अपनी सहेलियों के साथ गप्पे लड़ाएं।

**दही सैंडविच**

यदि कुछ हल्का बनाने का सोच रही हैं तो दही सैंडविच तैयार करें। ब्रेड में ठंडी दही, पुदीना-धनिया की चटनी और कटी हुई सब्जियां भरकर बनाएं ये हेल्दी सैंडविच। इसे खाकर न सिर्फ आपकी सहेलियों का पेटभर जाएगा बल्कि साथ ही में इससे ठंडक भी मिलेगी। ये जरूरी नहीं हैं कि आप इसे ग्रिल करें या सेके। आप इसे ऐसे ही खा सकते हैं।

**फ्रूट चाट**

इस मौसम में ऐसे फल आते हैं जो शरीर को गर्मी से राहत पहुंचाते हैं। ऐसे में आप मौसमी फलों जैसे कि तरबूज, खरबूज़ा, सेब, अनार को काटकर उसमें नींबू, काला नमक और भुना जीरा डालें। ये फरूट सलाद खाने हल्का, हेल्दी और रिफ्रेशिंग रहेगा।

**दही पापड़ी चाट**

इसे लिए आपको पापड़ी बाजार में मिल जाएगी। रेडीमेड पापड़ी में ठंडी दही, उबले आलू, चटनी और मसाले डालकर पापड़ी चाट तैयार करें। इसका स्वाद बढ़ाने के लिए इस चाट में ऊपर से नमकीन और सेव डालें। इससे पापड़ी चाट का स्वाद कई गुना बढ़ जाएगा।

**कोल्ड पास्ता सलाद**

कोल्ड पास्ता सलाद गर्मी के मौसम में खाने में मजेदार लगता है। इसे तैयार करने के लिए आपको केवल पास्ता उबालना है और फिर उसमें अपनी पसंद की सब्जियां डालनी हैं। जैसे की कॉर्न, ब्रोकली, शिमला मिर्च, खीरा, और टमाटर आदि। सभी चीजों को मिक्स करने के बाद इसमें नमक, ऑरिगेनो, और चिली फ्लैक्स डालकर मिक्स करें।

**आम पना शॉट्स**

गर्मी के मौसम में कुछ ऐसा पीना बेहद जरूरी है, जिसके सेवन से शरीर हाइड्रेट रहे। इसके लिए आम पना से बेहतर कुछ हो नहीं सकता। इसे बनाने के लिए आम पना को छोटे शॉट ग्लास में परोसें, मिंट लीफ से गार्निश करें। ये ड्रिंक गर्मी को मात देने वाला है।

# शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए है खतरा ज्यादा गुस्सा



गुस्सा आना एक स्वाभाविक प्रकिया है, ये एक सामान्य मानवीय भावना है। किसी चीज को लेकर निराशा, गलत महसूस करने या स्थितियों से नियंत्रण खोने की प्रतिक्रिया में आपको गुस्सा आता है। इसे तनाव को कम करने के लिए शरीर के मैकेनिज्म का भी एक हिस्सा माना जाता है। हालांकि गुस्सा या कोई भी शारीरिक भावना तभी तक अच्छी है जब तक ये आपके नियंत्रण में रहती है। क्या आपको बहुत ज्यादा या लगातार गुस्सा आता रहता है? अगर हां तो सावधान हो जाइए, ये स्थिति आपकी सेहत को कई प्रकार से प्रभावित करने वाली हो सकती है। बहुत ज्यादा गुस्सा आने की समस्या हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। कुछ स्थितियों में इसके जानलेवा दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं।



**ज्यादा गुस्सा आने का हृदय स्वास्थ्य पर असर**


कई शोध इस बात को प्रमाणित कर चुके हैं कि ज्यादा गुस्सा आने का आपके हृदय स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर हो सकता है। ब्रिटिश हार्ट एसोसिएशन की एक रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने बताया कि अगर आपको अक्सर गुस्सा आता रहता है तो ये ब्लड प्रेशर को काफी बढ़ाने वाली स्थिति हो सकती है। हाई ब्लड प्रेशर के कारण हृदय स्वास्थ्य पर दबाव बढ़ता है जिससे हार्ट अटैक आने का खतरा भी बढ़ जाता है। जर्नल ऑफ द अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की रिपोर्ट बताती है कि अक्सर गुस्से में रहने वाले लोगों की रक्त वाहिकाओं में मौजूद कोशिकाएं ठीक से काम करना बंद कर देती हैं जिसके कारण कोरोनरी आर्टरी डिजीज होने का खतरा बढ़ जाता है।

**हार्ट अटैक का बढ़ जाता है खतरा**

साल 2015 में सर्कुलेशन जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चलता है कि तीव्र स्तर के गुस्से के 2 घंटे के भीतर हार्ट अटैक होने की आशंका लगभग पांच गुना बढ़ जाती है। शोधकर्ताओं ने बताया कि गुस्से की अवस्था में स्ट्रेस हार्मोन (जैसे एड्रेनालिन और कोर्टिसोल) बहुत तेजी से बढ़ते हैं, जिससे ब्लड प्रेशर और दिल की धड़कन को असामान्य रूप से बढ़ा देते हैं। इससे हार्ट अटैक होने का खतरा बढ़ जाता है। लगातार गुस्सा करने वाले लोगों की धमनी में सूजन और संकुचन की दिक्कत भी अधिक होती है, जो समय के साथ धमनियों की कठोरता का कारण बनती है, इसके कारण भी हार्ट अटैक हो सकता है।

**ज्यादा गुस्सा आने के और भी कई नुकसान**

ज्यादा गुस्सा आने की समस्या सिर्फ हृदय स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, इसके और भी कई प्रकार के दुष्प्रभाव हो सकते हैं। बार-बार गुस्सा आने की समस्या मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर डालती है, जो डिप्रेशन और एंग्जायटी को बढ़ावा दे सकती है। गुस्सा आने की स्थिति नींद की समस्या उत्पन्न करने लगती है। इससे आपको एकाग्रता में कमी और निर्णय लेने की क्षमता पर भी असर हो सकता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**रविवार, 4 मई , 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वसंत ऋतौ वैशाख मासोमते शुक्ल पक्षे सप्तमी तिथौ रवि वासरे 07/20/ पुष्य नक्षत्रे 12/54/ गण्ड योग 24/42/ वणिज करणे 07/20/ कर्क राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

दैनिक पंचांग लखनऊ- भद्रा घं.07 मि.20 से घं.19मि.28 तक।

**मेष :** वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। सम्पत्ति के मामले सुलझेंगे। गृह कलह से मन अशांत रहेगा। सालस्य प्रमाद त्यागें।

**तुला :** आचरण की पवित्रता से कार्य सिद्धि होगी। सुयश में वृद्धि होगी। परिजनों पर व्यय होगा। प्रभावशाली व्याक्तयों का सहयोग मिलेग।

**वृष :** कारोबारी वातावरण अनुकूल रहेगा। सच्चरित का विकास होगा। कनिष्ठ जनों पर व्यय होगा। पूर्व संकल्पित कार्य पूर्ण होंगे।

**वृश्चिक :** घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे। यात्राएँ लाभप्रद रहेंगी। बनाएँ पर्ण होंगी। इच्छित वस्तु प्राप्ति का हर्ष रहेगा।

**मिथुन :** जीविकोपार्जन में सुधार होगा। सत्कर्म से शांति मिलेगी। विचार में उद्वेग रहेगा। शैक्षिकता का विकास होगा।

**धनु :** आत्मीय जनों का सानिध्य मिलेगा। काम का बोझ रहेगा। नए निवेश लाभप्रद रहेगा। बौद्धिक विकास होगा।

**कर्क :** आकामिक लाभ होगा। सत्पूरामर्श से लाभ मिलेगा। कार्यों पर व्यय होगा। कारीबारी दूर होगी। कारोबारी विषमता दूर होगी।

**मकर :** मनोनुकूल वातावरण रहेगा। रोजी - रोजगार में सफलता मिलेग सम्पर्को में वृद्धि होगी। अनावश्यक बहानेबाजी टालें।

**सिंह :** आय -व्यय संभावना रहेगी। उन्नति के नये अवसर बनेंगे। शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होगा। अभावग्रस्तता दूर होगी।

**कुंभ :** संचित कोष व्यय होगा। शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। रुकी योजनाएँ फलीभूत होंगी। यज्ञ प्राप्ति होगी।

**कन्या :** मित्रागमन होगा। घरेलू कार्यों में व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी का सहयोग रहेगा। उधार देने से बचे।

**मीन :**वाहन कष्ट रहेगा। चोट लगने का भय होगा । कारोबारी योजनाएँ सफल होंगी। जीवन ऊर्जा का विकास होगा।

# गमछे के सहारे फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**जौनपुर।** सरायख्वाजा जौनपुर थाना क्षेत्र के पतहना (काजी बाजार) गांव निवासी पंकज यादव (30 वर्ष) ने देर रात घर के प्रथम तल पर ग्रिल में गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक पंकज यादव पुत्र जगपति यादव स्लाइडिंग का कार्य करते थे।रात में किसी वैवाहिक कार्यक्रम से लौटने के बाद उन्होंने घर की पहली मंजिल पर बने कमरे में ग्रिल के सहारे फांसी लगा ली। देर रात हुई इस घटना की भनक परिजनों को तब लगी जब उनकी चीख-पुकार सुनकर आस–पास के लोग जमा हो गये। आनन-फानन में सूचना पुलिस को दी गयी जिसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।मृतक की पत्नी खुशबू यादव का रो-रोकर बुरा हाल है। पंकज अपने दो मासूम बेटों– उत्कर्ष (6 वर्ष) और आयुष (4 वर्ष) का सहारा थे। परिवार में पंकज 2 भाइयों और 3 बहनों में सबसे बड़ा था। उनकी असमय मौत से पूरे घर में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की गहराई से जांच कर रही है। फिलहाल परिजन किसी बात का स्पष्ट कारण नहीं बता पा रहे हैं जिससे यह घटना रहस्यमय बनी हुई है।।

# सपा नेता की अभद्र टिप्पणी पर मीडिया कर्मियों में आक्रोश

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में बीते सोमवार को राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के समर्थन में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और नेता धरना प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान खुले मंच से भाषण के दौरान सपा के मधुबन विधानसभा अध्यक्ष चंद्रकांत मौर्य उर्फ अप्पू मौर्य के द्वारा देश भर के मीडिया कर्मियों पर अश्लील टिप्पणी की है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसके बाद काफी संख्या में पत्रकारों ने जिला मुख्यालय सहित मधुबन थाने पर पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। धरने के दौरान सपा के जिलाध्यक्ष दूधनाथ यादव सहित तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद थे और जब चंद्रकांत मौर्य मीडिया कर्मियों पर अश्लील टिप्पणी कर रहा था तो सभी नेता तालियां बजा रहे थे जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# किशोर का अपहरण कर उठा ले गये बाइक सवार

**जफराबाद जौनपुर।** स्थानीय कस्बे के एक कोचिंग सेंटर में पढ़ कर लौट रहे 17 वर्षीय किशोर को दर्जन भर से ज्यादा बाइक सवार दबंग उठा ले गए।।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी।वहां से छात्र को छुड़वाया।दो लोगों को हिरासत में भी ले लिया। क्षेत्र के मिसिरपुर गांव निवासी अरुण कुमार पुत्र ज्ञान कुमार कस्बे के एक कॉलेज में पढ़ता है।वह देर शाम को कस्बे में ही एक कोचिंग संस्थान में पढ़ने आया था।कोचिंग के बाद जब वह जा रहा था तभी समोपुर गांव के कुछ लोग बाइक से पहुंच गए।उन लोगो ने अरुण को जबरदस्ती बाइक पर बैठा लिया।उसे अपने घर समोपुर ले गए। वहां पर उन लोगों ने अरुण कुमार को मारा पीटा।घटना की जानकारी छात्र के पिता ज्ञानप्रकाश को मिली।वह फास्टकोर्ट के जज के ऑफिस में चतुर्थ श्रेणी के पद पर कार्यरत है।उसने घटना की जानकारी पुलिस को दिया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस समोपुर गांव पहुंच गयी।जहा से छात्र को छुड़ाया गया।मौके से आरोपी जयप्रकाश चौहान ,अवनीश चौहान पुत्रगण श्याम बहादुर चौहान को गिरफ्तार कर लिया।अरुण के पिता ने पांच नामजद सहित आठ से दस लोगो के विरुद्ध तहरीर दिया।पुलिस ने आरोपियों पर अपहरण तथा एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।घटना स्थल पर सीओ सिटी देवेश सिंह भी पहुंच गए। दूसरी पक्ष के लोगो का कहना है कि ऊक्त छात्र ने उनके घर के लड़की का डीपी अपने मोबाइल पर लगाया था। सीओ सिटी ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई।वहां से बंधक बनाए गए छात्र को छुड़वाया।दो लोगो को गिरफ्तार कर लिया गया।बाकी आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए टीम बनाई गई है।

# विवाहिता ने की आत्महत्या

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** थाना क्षेत्र के परशुरामपुर में एक विवाहिता ने आत्महत्या कर ली। महिला अपने कमरे की छत के हुक से साड़ी का फंदा लगा कर झूल गयी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़ा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना शुक्रवार की रात 12 से 1 बजे के बीच की बताई जा रही है। विवाहिता का पति गुजरात में रह कर एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। घटना के समय वह गुजरात में ही था। मृतका के परिजनों द्वारा उसे इसकी सूचना दे दी गयी है। वह घर के लिए रवाना हो चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मीना देवी पत्नी कन्हैया पाल(35) अपने सास-ससुर से अलग रहती है। उसका पति गुजरात में एक निजी कंपनी में जॉब करता है। शुक्रवार की रात महिला ने यह ख़तरनाक कदम उठाया। अपने बैडरूम के छत के हुक से साड़ी का फंदा लगाकर झूल गयी। इसकी जानकारी होते ही घर के अन्य सदस्यों ने इसकी सूचना 112 नंबर पर डायल कर पुलिस को दी।

# लड़की के ऊपर तेजाब फेंकने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत मऊ।** पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी घोसी दिनेश दत्त मिश्रा के कुशल नेतृत्व में शनिवार को पुलिस व एसओजी स्वाट सर्विलांस टीम द्वारा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर असना नहर के पास से वांछित अभियुक्त राम जनम सिंह पटेल पुत्र स्व0 सदाफल पटेल निवासी कनकूडीह थाना घोसी जनपद मऊ को गिरफ्तार किया गया तथा नदवासराय अन्डरब्रिज के पास से आरोपी मनोज यादव पुत्र चन्द्रमा यादव निवासी लैरो दुनवार थाना कोपागंज जनपद मऊ व प्रदीप यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव निवासी चेरुईया थाना कोपागंज जनपद मऊ को गिरफ्तार किया गया । आरोपी राम जनम से कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि मेरा सीमा मौर्या पुत्री स्व0 अभिमन्यु मौर्या निवासी कटिहारी बुजुर्ग थाना घोसी से लगभग 05 वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसकी शादी लगभग 01 माह बाद ग्राम भटमीला निवासी शेखर मौर्या के साथ 27 मई को शादी होना था और राम जनम द्वारा वहाँ शादी करने से रोका जा रहा था , न मानने पर राम जनम अपने उपरोक्त साथियों के साथ मिलकर सीमा के ऊपर तेजाब डलवा दिया । जिसके संबंध में अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान किया

## खबर एक नजर

### पद्मविभूषण,पद्मभूषण तथा पद्मश्री उपलब्धियों के लिये आवेदन आमंत्रित

**स्वतन्त्र भारत।** गाजीपुर - सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विगत वर्ष के भॉति इस वर्ष भी आगामी 26 जनवरी 2026 गणतन्त्र दिवस को पद्मविभूषण, पद्मभूषण तथा पद्मश्री उपाब्धियो से भारत सरकार द्वारा पुरस्कृत किया जाना है, उक्त के क्रम में गाजीपुर जनपद के इच्छुक खिलाड़ी अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारुप पर भरकर तीन प्रतियो में जिला खेल कार्यालय गाजीपुर में 25 मई 2025 से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में जमा कर सकते है निर्धारित प्रारुप जिला खेल कार्यालय गाजीपुर से प्राप्त कर सकते है ।

### आज से 10 जून तक सद्भावना प्रदर्शनी एवं फन जोन मेला

**स्वतन्त्र भारत जमानिया।** स्वतंत्र भारत, जमानिया (गाजीपुर) स्थानीय नगर के राजपुर पोखरा स्थित नेशनल मोबाइल के बगल में हर साल की तरह इस वर्ष भी 4 मई जून से 10 जून तक ÷सद्भावना प्रदर्शनी एवं फन जोन मेला÷ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मेले में इस बार बच्चों और युवाओं के लिए खास आकर्षण के रूप में ÷लंदन ब्रिज सेल्फी पॉइंट÷ की स्थापना की गई है जहाँ लोग आकर्षक पृष्ठभूमि में सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर साझा कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त छोटे-बड़े विभिन्न प्रकार के मनोरंजन झूले, बच्चों के खिलौने, स्वादिष्ट व्यंजनों की स्टॉलें, और शिल्पकारी से सजी दुकानें मेले की रौनक बढ़ाएंगी।

### बैग छीनकर भागने वाला गिरफ्तार

**स्वतंत्रभारत मऊ।**पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में अपराध अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रह अभियान में क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद शीतला प्रसाद पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में थाना मुहम्मदाबाद पुलिस स्वाट एसओजी सर्विलांस टीम को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर रामनगर मोड़ थाना मुहम्मदाबाद के पास से अभियुक्त विवेक उर्फ दुर्योधन पुत्र चन्द्रभान चौहान निवासी महावतगढ़ थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़ के कब्जे से एक मंगलसुत्र दो नाक की कील दो नाक की नथिया एक जोड़ी पांव की पायल व घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटरसाइकिल हिरो स्प्लेण्डर प्लस बरामद किया गया। उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान किया गया ।

### राष्ट्रीय बीज विज्ञान संस्थान से मिलेंगे

**मऊ।**राष्ट्रीय बीज बिज्ञान संस्थान कुसमौर मऊ मे 5 मई से धान के बीज का बिक्रय किया जायेगा। नाटी मंसूरी, शाभा मंसूरी एवं काला नमक का बीज उपलब्ध हैं। किसान बीज बिक्रय केंद्र से आकर खरीदारी कर सकते हैं। शनिवार एवं रविवार को बंद रहेगा। उपरोक्त जानकारी राष्टीय बीज विज्ञान संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ अंजनी कुमार सिंह ने दी है।

### जनपद स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति की बैठक स्थगित

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित जनपद स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति की बैठक को स्थगित कर दिया गया। इस संबंध में अखिल भारतवर्षीय गोंड महासभा ने कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध जताया था। संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार गोंड व महामंत्री ऐडवोकेट केदारनाथ गोंड ने इस संबंध में विरोध पत्र जारी कर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा था कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय में सतर्कता समिति (विजिलेंस कमेटी) के गठन व उसकी जांच आख्या के बाद ही जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति की बैठक आयोजित किए जाने के दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। किंतु जनपद में सतर्कता समिति का गठन नहीं हो सका है। अतः जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति की बैठक आयोजित किया जाना माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना है।

### अवैध ताड़ी बनाने तथा बिक्री पर रोकथाम के लिए चलाया अभियान

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जिला आबकारी अधिकारी मोहम्मद असलम के निर्देश के क्रम में क्षेत्र में अवैधताड़ी बनाने तथा बिक्री की रोकथाम को लेकर आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के क्रम में शनिवार प्रातः आबकारी तथा प्रवर्तन विभाग की टीम ने अवैध शराब के निर्माण बिक्री परिवहन भंडारण के विरुद्ध तहसील क्षेत्र के ग्राम काज सार्सेना चिरैयाकोट हाफिजपुर धरोहिया मोड आज स्थान पर आबकारी निरीक्षक बजरंगी चौरसिया अभिषेक यादव संजय कुमार शशि यादव आदि विभाग के लोगों ने विभिन्न स्थानों पर दबीश दी गई लेकिन किसी भी स्थान पर कोई उपकरण अवैध नहीं पाया गया वहीं कई ताड़ी विक्रेताओं के लाइसेंस की भी जांच की गई आबकारी निरीक्षक बजरंगी चौरसिया ने सख्त निर्देश दिया कि कहीं भी किसी प्रकार की मिलावट अथवा सामग्री पाई गई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी

### लेखपाल संघ ने एसडीएम सेवराई को सौंपा पत्रक

**स्वतन्त्र भारत सेवराई।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की उप शाखा ने महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। तहसील अध्यक्ष झिंगुरी राम की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई।और एसडीएम सेवराई लोकेश कुमार को पत्रक सौंपा। लेखपालों ने वेतन से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। लेखपाल सुधांशु प्रकाश का दिसंबर 2024 का पूरा वेतन और जनवरी 2025 में कई लेखपालों का एक दिन का वेतन रोका गया है। साथ ही अप्रैल 2025 में भी अधिकांश लेखपालों के एक या दो दिन के वेतन को रोकने का आदेश दिया गया है। लेखपालों ने पिछले वर्षों के क्रॉप कटिंग प्रयोगों का मानदेय भुगतान की मांग की। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के डाटा सत्यापन का मानदेय भी लंबित है। तीन महीने से अलाव वाउचर का भुगतान नहीं हुआ है।

# पिकप ने बाइक सवार को रौंदा घटनास्थल पर मौत

**स्वतंत्र भारत मऊ।** कोपागंज थाना क्षेत्र के इंदारा बाजार के पास शनिवार की दोपहर पिकप ने बाइक सवार को रौंद डाला जिसकी घटना स्तर पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया।प्राप्त जानकारी के अनुसार दिलीप चौहान पुत्र नागेन्द्र चौहान 35 वर्ष निवासी पान्डेयपुर थाना रसड़ा जनपद बलिया अपने घर से शनिवार की सुबह बाइक पर सवार होकर अपने पत्नी आरती चौहान के ननिहाल इंदारा गांव स्थित (चौहान बस्ती)में आया हुआ था। दोपहर लगभग 1=30 बजे वह अपने बाइक से घर जा रहा था वह जैसे ही इंदारा बाजार से 200 मिटर पहले सड़क पर पहुंचा था तभी मऊ की ओर से तेज गति से आ रही एक अनियंत्रित पिकप ने बाइक सवार दिलीप चौहान को टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। दिलीप सड़क पर गिरकर खून से लतपथ सड़क पर छटपटाने लगा। देखते ही देखते काफी भीड़ एकत्रित हो गई तभी किसी ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से एम्बुलेंस द्वारा घायल को जिला अस्पताल भेजवाया।जहा डाक्टरों ने दीलीप चौहान को मृतक घोषित कर दिया। टक्कर इतना तेज था कि हेलमेट पहने के बाद भी दिलीप का सर फट गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

# ट्रक से चोरों ने चुराया हजारों का डीजल

**स्वतंत्रभारत मऊ।** कोतवाली क्षेत्र के मऊ-मुहम्मदाबाद गोहना मुख्य मार्ग के हलिमाबाद राजाराम फिलिंग पेट्रोल पंप के पास प्रतिदिन की भांति ट्रक चालक अपना ट्रक खड़ा कर घर चला गया। इस बीच रात्रि में पिकअप सवार दो अज्ञात चोरों ने ट्रक के डीजल टंकी के लाकर को तोड़कर लगभग 180 लीटर डीजल चुरा ले गए। सुबह जब ट्रक चालक रामायण यादव निवासी टेकई थाना मुहम्मदाबाद गोहना ने शनिवार को गाड़ी के पास पहुंचा तो देखा कि डीजल की टंकी टूटी हुई है और तेल गायब है। इसके बाद ट्रक चालक ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर उक्त चोरों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है। दिए गए प्रार्थना पत्र में इस बात का उल्लेख है कि ट्रक चालक रामायण यादव प्रतिदिन की तरह अपना ट्रक खड़ा कर घर चला गया। इस बीच चोरों डीजल टंकी के लाकर को तोड़कर हजारों रुपए के डीजल चुरा ले गए।

# ओवर लोड व फिटनेस फेल गाड़ियों का कटा चालान, मचा हड़कम्प

**स्वतन्त्र भारत।** ग़ाज़ीपुर जनपद के सेवराई तहसील के भदौरा क्षेत्र मेंआज सुबह सेवराई चौकी में दो ओवर लोड ट्रक जो बीस बीस टन लोड थी तथा एक फिटनेस फेल पिकअप व एक स्कूल वैन जिसका विगत कई वर्ष से सारे पेपर समाप्त थे को बंद किया गया जिससे लगभग एक लाख साठ हज़ार जुर्माना वसूला जाएगा इस के अलावा चार वाहनों का चालान किया गया है। इस कार्यवाही से क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित वाहनों संचालकों में हड़कंप मच गया। लव कुमार ने बताया कि बहुत स्कूल संचालक जिनके वाहन के फिटनेस के साथ सारे कागज़ फेल है धड़ल्ले से चल रहे हैं,स्कूल वाहन स्वामी बच्चों के जीवन के साथ खेलवाड़ कर रहें। स्कूल चालक वाहनों में ठूस कर



बस व अन्य वाहन में ला रहें। यात्री कर माल कर अधिकारी (पीटीओ) लव कुमार सिंह ने बताया है कि एक लाख 60 हज़ार.जुर्माना वसूला जाएगा यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# कुल प्राप्त हुए 302 शिकायत, 36 का निस्तारण

**स्वतंत्र भारत।** गाजीपुर जन समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर में मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार सम्पन्न हुआ। जिसमे 45 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए मौके पर 06 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातों तहसीलो की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 302 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 36 शिकायत/प्रार्थना पत्रो का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में तहसील जखनियां में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता 40 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 10 का मौके पर निस्तारण किया। तहसील सेवराई में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 22 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। जमानियॉ तहसील में उपजिलाधिकारी की



अध्यक्षता में 56 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मैके पर 05 का निस्तारण किया गया। तहसील मुहमम्दाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 36 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 02 निस्तारण किया गया। तहसील कासिमाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 72 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 04 का निस्तारण किया गया एवं तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 31 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त 06 का मौके पर निस्तारण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत/प्रार्थना पत्रो के आधार पर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कोई भी प्रार्थना पत्र लम्बित न हो, अविलम्ब मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करायी जाय। उन्होने आई जी आर एस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतो को शत-प्रतिशत निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा इसकी समीक्षा सीधे शासन स्तर से लगातार होती है।

# ठगी धनराशि साइबर टीम ने कराया वापस

**स्वतंत्र भारत मऊ।**पुलिस अधीक्षक मऊ इलामारन जी के निर्देशन में अपराध अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर अपराध के माध्यम से आंनलाइन ठगी गयी धनराशि वापस दिलाने व साइबर अपराध पर प्रभावी कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में थाना दक्षिणटोला साइबर पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुए स्कैमर द्वारा डिजिटल अरेस्टर कर फोन-पे के माध्यम से ठगी की गयी धनराशि 8020/- रुपये, पीडित नेहाल अहमद पुत्र मुख्तार अहमद नि0 डोमनपुरा थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ के कुल धनराशि 8020/-रुपये की धनराशि अथक परिश्रम कर उनके खाते में वापस कराया गया। आवेदक द्वारा उच्चाधिकारियों व थाना कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया ।


**लखनऊ नगर निगम, जलकल विभाग, जोन–1 लालबाग, लखनऊ**

पत्रांक :– 101/EE-1/नि0 दिनॉक 02.05.2025

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित आपूर्ति/कार्यों हेतु पृथक–पृथक निविदाएं इस कार्यालय में **दिनांक 09.05.2025 अपरान्ह 2:30 बजे तक** आमंत्रित की जाती है जो **दिनांक 09.05.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे** उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। सम्बन्धित कार्य की निविदा प्रपत्र अधिशासी अभियन्ता, जोन–1, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के कैश काउन्टर से निर्धारित शुल्क (Non-Refundable) जमा करके प्राप्त किये जा सकते है। निविदा की शर्तें निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, जो किसी भी कार्यदिवस में अवलोकित की जा सकती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। किसी भी या समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में विदित है।

| क्र0 सं0 | कार्य/आपूर्ति का विवरण | निविदा शुल्क(रु.) | धरोहर धनराशि(रु.) | कार्य/आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन–प्रथम अन्तर्गत रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के अन्तर्गत पुराना हाईकोर्ट जिसमें वर्तमान में जिला न्यायालय कियाशील है में एक नग मिनी नलकूप मिनी नलकूप (200एम०एम० डाया) की बोरिंग का कार्य। | 400.00 | 8500.00 | 15 दिवस |
| 2 | जोन–प्रथम अन्तर्गत रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के अन्तर्गत पुराना हाईकोर्ट जिसमें वर्तमान में जिला न्यायालय कियाशील है में एक नग मिनी नलकूप (200एम०एम० डाया) की बोरिंग उपरान्त पुनर्विकास कार्य पी–ग्रेविल एवं अन्य मैकेनिकल कार्य। | 400.00 | 8500.00 | 15 दिवस |
| 3 | जोन–प्रथम अन्तर्गत रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के अन्तर्गत पुराना हाईकोर्ट जिसमें वर्तमान में जिला न्यायालय कियाशील है में एक नग मिनी नलकूप (200एम.एम. डाया) की बोरिंग उपरान्त बाईपास सिस्टम की सप्लाई/फिक्सिंग एवं इलेक्ट्रिकल व अन्य सिविल कार्य। | 350.00 | 7000.00 | 15 दिवस |

अधिशासी अभियन्ता, जोन–1
जलकल विभाग



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता नलकूप मण्डल, अयोध्या**

**अल्पकालीन ई–टेण्डर नोटिस संख्या– 01/SE/TWC/AYO/2025-26**

उत्तर प्रदेश के माननीय राज्यपाल की ओर से एक साथ तीन भागों में ऑनलाइन ई–बोली अर्थात् (i) अर्नेस्टमनी बिड (ii) तकनीकी बिड (iii) मूल्य बिड। तालिका में विवरण के अनुसार सिंचाई प्रयोजनों के लिए वस्तुएं अधोहस्ताक्षरी द्वारा केवल आई0एस0ओ0–9001 और आई0एस0ओ0–14001 प्रमाणित मूल निर्माता से आमंत्रिक की जाती है, जो राज्य के उद्योग निदेशक/एन0एस0आई0सी0/उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के साथ Priming End Suction Centrifugal Pumps के मूल निर्माता के रूप में पंजीकृत हैं या उनके अधिकृत एजेंट जो फर्म के निर्धारित कीमतों पर हों। पत्रता, योग्यता, तकनीकी शर्तों और विनिर्देश और बोलियों को प्रस्तुत करने की विधि आदि का विवरण उत्तर प्रदेश सरकार की ई–खरीद वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अपलोड किए गए बोली दस्तावेज में है। बोलीदाता के पास निविदा दस्तावेज में निर्धारित तकनीकी विनिर्देश और तकनीकी स्थिति में किसी भी विचलन को स्वीकार करने का कोई दावा नही होगा। अधोहस्ताक्षरी बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी ई–बोली को रद्द करने/बोली प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। इस निविदा सूचना के अंग्रेजी और हिन्दी संस्करण में किसी भी तरह के अन्तर भिन्नता की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। विभिन्न गतिविधियों का विवरण इस प्रकार हैः–

| S.N | Detail of work and other particulars | Quantity |
|---|---|---|
| (a) | Composite work of Manufacture & Supply, Erection, Commissioning and Testing at site of 03 Nos. Self priming end suction Centrifugal Pumps, 40 Cusec capacity and 8.8 Meter Head along with suitable 03 Nos. 415V LT Squirrel Cage Induction Motor, 01 Nos Self priming end suction Centrifugal Pump, 20 Cusec capacity and 8.8 Meter Head along with suitable 01 Nos. 415V LT Squirrel Cage Induction Motor, Supply of Suitable 415 V 3-Phase. Incoming Panel 02 Nos., 01 No. Bus Coupler Panel 04 Nos. Outgoing Feeder Panel, 04 Nos. FCMA Soft starter for above pump set, suitable 415V LT Capacitor 4 Nos, compatible with latest technology of automation for monitoring through SCADA, 04 Nos Sluice Valve 600 mm dia and 04 No. Reflux Valve 600mm dia., 04 No. 600mm Dia SS metallic expansion joint for delivery pipe, 1 No. LT Panel for auxiliary equipments,2 No. Dewatering pump set of 5 H.P , 2 No. Mud Pump set of 5 H.P, 4 No. Dismantling Joint of 600mm Dia for Delivery side pipe line, and other allied work including all material, labour T&P etc at Naipura Pumping station, Rudauli District-Ayodhya, Uttar Pradesh. | 01 Job |
| (b) | वेबसाइट पर बिड दस्तोवज की उपलब्धता की तिथि एवं समय। | 06.05.2025 from 10.00 Hours onwards |
| (c) | प्री–बिड मीटिंग की तिथि व समय | 16.05.2025 from 13.00 Hours |
| (d) | पी0डी0एफ0/एक्सएलएस प्रारूप में ऑनलाइन बोली प्रस्तुत करने की अवधि | From 22.05.2025, 10.00 Hours Up to 04.06.2025, up to 17.00 Hours |
| (e) | बोली दस्तावेज शुल्क और बोली सुरक्षा/उद्योग पंजीकरण प्रमाण–पत्र ईएमडी से छूट के लिए बोली दस्तावेज के अनुसार आवेदन पत्र और अन्य सहायक दस्तावेज सम्बन्धित कार्यालय में जमा कराने तिथि एवं समय। | Up to 04.06.2025 up to 14.00 Hours |
| (f) | ऑनलाइन भाग "ए" खोलने की तिथि एवं तिथि जैसे–अर्नेस्टमनी बिड | 05.06.2025 at 12.00 Hours |
| (g) | ऑनलाइन भाग "बी" खोलने की तिथि एवं तिथि जैसे–तकनीकी बिड | 05.06.2025 at 16.00 Hours |
| (h) | ऑनलाइन भाग "सी" खोलने की तिथि एवं तिथि जैसे–फाइनेन्शियल बिड | ----- |
| (i) | प्री–बिड एवं बिड खोलने का स्थान | Office of the Superintending Engineer Tubewell Circle Ayodhya, Irrigation & Water Resources Department, U.P., Rammana colony -224001 |
| (j) | बिड दस्तावेज शुल्क | Rs. 7354.00 (Rupees Two Thousand Three Hundred and Fifty Four only) |
| (k) | बिड सुरक्षा ( अर्नेस्टमनी शुल्क जमा ) | Rs 965000.00 (Rupees Nine Lac Sixty Five Thousands Only) |
| (l) | कार्यावधि | 06 Months |

नोटः–1. यह निविदा सूचना सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://up.nic.in पर उपलब्धत है।
2. इस नोटिस के सम्बन्ध में संशोधत, यदि कोई हो, केवल उत्तर प्रदेश सरकार की ई–प्रोक्योरमेट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा।
3. यदि बोलियां खोलने की तिथि को अवकाश घोषित किया जाता है तो ई–बोलियां अगले सप्ताह के दिन उसी समय खोली जाएंगी।

उ0प्र0 233213 दिनांक- 01.05.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

अधीक्षण अभियन्ता
नलकूप मण्डल, अयोध्या


# तहसील समाधान दिवस पर उमड़े फरियादी

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** डीएम प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता व एसपी इलामारन जी की उपस्थिति में तहसील मधुबन सभागार में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को एक-एक कर गंभीरता पूर्वक सुना गया। वहीं शिकायतों के निस्तारण में कहीं न कहीं लापरवाही के चलते बड़ी संख्या में फरियादियों की कतार देखने को मिली। राजस्व व पुलिस विभाग को निर्धारित समय अवधि के भीतर निस्तारण के लिए निर्देश दिए गए। इस दौरान कुल 97 मामले आये, जिसमें से 8 मामलों का मौके पर निस्तारण किया जा सका। डीएम ने मधुबन एसडीएम को विशेष कर कहा कि प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में संवेदनशील रहें। प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में किसी भी स्तर की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें, जो आपके क्षेत्राधिकार के बाहर हो तत्काल प्रार्थी को अवगत कराएं। डीएम ने राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की 4 टीम बनाकर मौके पर जाकर प्रार्थना पत्रों व शिकायतों को गंभीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने का निर्देश दिया। समाधान दिवस में कुल 97 प्रार्थना पत्र आए, जिसमे से 8 का निस्तारण तत्काल किया गया।

# संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**जौनपुर।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा जन शिकायतों के निस्तारण के क्रम में ग्राम रामपुर कला की निवासी सावित्री देवी द्वारा खतौनी में गलत नाम दर्ज होने पर शिकायत दर्ज करायी गयी, जिसपर जिलाधिकारी द्वारा लेखपाल को निर्देशित किया गया कि तत्काल खतौनी में नाम संशोधन कराते हुए अवगत कराये, जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में खतौनी में संशोधन करते हुए खतौनी उपलब्ध करा दी गयी। जिलाधिकारी के समक्ष निकामुद्दीनपुर निवासी कार्तिक पुत्र लालता प्रसाद ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत लोन देने में देरी की जा रही है जिस पर जिलाधिकारी के द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए एसबीई शाखा मछलीशहर के प्रबन्धक को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि 02 दिन के भीतर सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए लोन देना सुनिश्चित करें अन्यथा की दशा में एफआईआर दर्ज करायी जाएगी। जिलाधिकारी के समक्ष ग्राम सलारपुर तहसील मछलीशहर के निवासी लल्लन पुत्र मोहन ने अवगत कराया कि उनकी पट्टा की जमीन को गलत तरीके से दूसरे को वरासत कर दी गयी है जिस पर जिलाधिकारी ने कानूनगो और लेखपाल को निर्देशित किया कि आज ही गांव में जाये, रात्रि विश्राम गांव में ही करें और पंचायत भवन में खुली बैठक कराते हूए पूरी तस्दीक कर प्रकरण का निस्तारण कर अवगत करायें। ग्राम गोवर्धनपुर के रामचन्द्र ने पत्थरगडडी कराने का प्रार्थना पत्र दिया जिस पर जिलाधिकारी ने कानूनगो और लेखपाल को प्रकरण का निस्तारण कर अवगत कराने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा सर्वाधिक भूसा दान करने वाले संतोष दूबे, डा0 आर बी चौहान, राजीव सिंह सहित अन्य जिनके द्वारा गो-आश्रय स्थलों में भूसा दान किया गया था उन्हे प्रमाण-पत्र और पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पुलिस और राजस्व विभाग को निर्देशित किया कि जमीन विवाद और आपसी विवाद एक ही विषय से सम्बन्धित होते है इस लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों और पुलिस विभाग के समन्वय से ही इसका निस्तारण हो सकता है। दोनों पक्षों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए शिकायत का निस्तारण करें। उन्होंने राजस्व निरीक्षकों को निर्देशित किया कि 20 पैमाइस से कम पत्थरगड्डी करें तो वेतन आहरण नही किया जाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा लेखपालों को निर्देशित किया गया कि शिकायतकर्ता की समस्याएँ जिनका तत्काल निस्तारण किया जा सकता है उसके लिए किसी व्यक्ति को परेशान न किया जाये। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता है अतः इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या उदासीनता अक्षम्य होगी।

# तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में तहसील सदर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि जन शिकायतों का निस्तारण अधिकारी गण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से करते हुए शिकायतकर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्ट किया जाय। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता ग्राम देवगिरिया थाना गोसाईगंज, विकासखण्ड मयाबाजार के द्वारा चकमार्ग व नाली से अवैध अतिक्रमण हटाने हेतु शिकायत की गयी जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारी को पुनः पैमाइश कर शिकायत के निस्तारण करने के निर्देश दिये। शिकायत कर्ता विकास खण्ड मसौधा के टोनिया (बिहारीपुर) के द्वारा चकरोड कब्जा करने की शिकायत में प्रार्थना पत्र दिया गया जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को पुनः जांच कराने के निर्देश दिये। इसी क्रम में कोतवाली अयोध्या के ग्राम आशापुर दर्शन नगर शिकायतकर्ता द्वारा अवैध कब्जा व फर्जी दस्तावेज लगाकर आवास पास के सम्बंध में शिकायत की गयी जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारी को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। विकासखण्ड मयाबाजार के शिकायतकर्ता द्वारा नाली अवरुद्ध की शिकायत में जिलाधिकारी ने तहसीलदार को संयुक्त टीम गठित कर जांच कराने के निर्देश दिये। इसी क्रम में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर में कुल 106 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 10 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित व प्रभावी ढंग से निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मुख्यतः शिकायतें पैमाइश, अतिक्रमण, पुलिस, राजस्व, विद्युत, सिंचाई आदि से सम्बंधित प्राप्त हुई। मौके पर उपजिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण/ प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कैम्पस के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया तथा सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# नगर आयुक्त खड़े होकर करा रहे नाला की सफाई



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अयोध्या नगर निगम के नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए पूर्ण रूप से जल निकासी सुनिश्चित कराने हेतु नाला की सफाई करा रहा है। आगामी वर्षा ऋतु के पूर्व समस्त छोटे बड़े नालों की सफाई कराने के निर्देश दिये गये हैं। जिससे वर्षा ऋतु में किसी भी क्षेत्र में जलभराव जैसी स्थिति उत्पन्न न हो सके। इसके लिये सफाई के निर्देश दिये हैं। नगर आयुक्त ने भगत सिंह वार्ड में नाला सफाई का कार्य, कौशलपुरी वार्ड के दक्षिण मोदहा नाला सफाई का कार्य, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के राजू सिब्बल के आवास से रामनगर मोड़ तक नाला सफाई का निरीक्षण नगर आयुक्त ने किया। पीडब्लूडी द्वारा जो नाला निर्माण कराया गया उसे वर्षा ऋतु से पूर्व निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया जाय। यदि जो नाला वर्षा ऋतु तक की सफाई नहीं हो पायेगी तो वार्डों में पानी भरने का संदेह रहेगा। इसके उपरान्त पुष्पराज चौराहा नाला सफाई का कार्य, बूथ नं. चार के अंडर पास के निकट अयोध्या लखनऊ मार्ग पर पोकलैंड के माध्यम से तिलोई नाला सफाई कार्य का भी नगर आयुक्त ने निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण तड़ीझाड़ सफाई एवं समयबद्धता के साथ नाले की सफाई सुनिश्चित करायी जाय। वर्षा ऋतु को देखते हुए नगर आयुक्त द्वारा नगर निगम द्वारा कार्य किया गया। इस अवसर पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. राममणि शुक्ला, अधिशाषी अभियन्ता पी.डब्लू.डी. सी.डी. 3 एस.पी. सिंह, सहायक अभियन्ता निर्माण राजपति यादव, मुख्य सफाई निरीक्षक कमल कुमार, सफाई निरीक्षक देवीप्रसाद शुक्ला, सफाई निरीक्षक राजेश वर्मा सहित अधिकारी, कर्मचारी व अन्य मौजूद रहे। नगर में हो रही सफाई का स्वास्थ्य पर व्यापक असर पड़ेगा। इसके साथ-साथ पर्यावरण पर भी इसका असर दिखायी देगा, क्योंकि अभी गर्मी की शुरुआत है और नालों की सफाई शुरू कर दी गयी है, जिससे गंदगी नहीं हो पायेगी और अनावश्यक जलभराव से भी शहर के लोगों को निजात मिलेगी। इसके साथ-साथ स्वास्थ्य पर भी इसका काफी सार्थक असर दिखायी देगा क्योंकि जहां भी जलभराव होता है खासकर के नालों में वहां पर मच्छरों की उत्पत्ति बड़े पैमाने पर होती है और नालों से पैदा हुए मच्छर नगर कालोनियों में जाते हैं जहां पर संक्रामक रोगों को जन्म देते हैं।

# कांचीमठ में मनाई गई आदि शंकराचार्य की जयंती



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** रामनगरी के प्रमोदवन मोहल्ला स्थित कांचीमठ में श्रीमज्जगद्गुरु आदि शंकराचार्य की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती महोत्सव पर पूरा कांचीमठ प्रांगण पुलकित रहा। उपस्थित जनों ने आदि शंकराचार्य का पूजन-अर्चन किया। सर्वप्रथम मंदिर में विराजमान आदि शंकराचार्य की मूर्ति का वैदिक मंत्रोच्चारण संग पंचामृत, फलों जूस और सर्व औषधियों से अभिषेक-पूजन किया गया। उसके बाद उनका श्रृंगार हुआ। तदुपरांत आदि शंकराचार्य की भव्य आरती उतारी। कांचीशंकर वेद विद्यालय कांचीमठ प्रमोदवन अयोध्याधाम के प्राचार्य अशोक वैदिक ने बताया कि जगद्गुरु आदि शंकराचार्य अलौकिक प्रतिभा, प्रकांड, पांडित्य, प्रचंड कर्मशीलता के धनी थे। इस धराधाम में आज से लगभग तीन हजार वर्ष पहले वैशाख शुक्ल पंचमी को उनका अवतरण हुआ था। युधिष्ठिर पंचांग के अनुसार आद्य पुरुष का आविर्भाव ईसा से लगभग 600 वर्ष पूर्व हुआ था। असाधारण प्रतिभा के धनी आद्य जगद्गुरु शंकराचार्य ने सात वर्ष की उम्र में ही वेदों के अध्ययन मनन में पारंगतता हासिल कर ली थी। उन्होंने शैशव में ही संकेत दे दिया कि वे सामान्य बालक नहीं है। सात वर्ष के हुए तो वेदों के विद्वान, बारहवें वर्ष में सर्वशास्त्र पारंगत और सोलहवें वर्ष में ब्रह्मसूत्र भाष्य रच दिया। आज से लगभग तीन हजार वर्ष पूर्व भगवान परशुराम की कुठार प्राप्त भूमि केरल के ग्राम कालड़ी में जन्मे शिवगुरू दम्पति के पुत्र शंकर को उनके कृत्यों के आधार पर ही श्रद्धालु लोक ने शंकरः शंकरः साक्षात्कार अर्थात शंकराचार्य तो साक्षात् भगवान शंकर ही है घोषित किया। अवतार घोषित करने का आधार शुक्ल यजुर्वेद घोषित करता है। भक्तों के विश्वास को सुदृढ़ करने हेतु भगवान अपने चतुर्थांश से अवतार ग्रहण कर लेते हैं। उन्होंने शताधिक ग्रंथों की रचना शिष्यों को पढ़ाते हुए कर दी। लुप्तप्राय सनातन धर्म की पुनर्स्थापना, तीन बार भारत भ्रमण, शास्त्रार्थ दिग्विजय, भारत के चारों कोनों में चार शांकर मठ की स्थापना, चारों कुंभों की व्यवस्था, वेदांत दर्शन के शुद्धाद्वैत संप्रदाय के शाश्वत जागरण के लिए दशनामी नागा संन्यासी अखाड़ों की स्थापना, पंचदेव पूजा प्रतिपादन उन्हीं की देन है। उनकी वाणी और लेखन में साक्षात सरस्वती विराजती थी। इसीलिए भगवान शंकराचार्य अपनी अलौकिक प्रतिभा, प्रकाण्ड पाण्डित्य, प्रचण्ड कर्मशीलता, सर्वोत्तम त्याग युक्त अगाध भगवद्भक्ति और योगैश्वर्य से सनातन धर्म की संजीवनी सिद्ध हुए। आदि शंकराचार्य के जयंती महोत्सव पर कांचीमठ प्रमोदवन के प्रबंधक रामचंद्र, व्यवस्थापक पुरूषोत्तम वैदिक समेत विद्यालय के समस्त वैदिक छात्र उपस्थित रहे।

# सपा महिला जिलाध्यक्ष सरोज यादव को उनके जन्मदिवस पर पत्रकारों ने दिया बधाई



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** समाजवादी पार्टी की महिला सभा की जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी सरोज यादव को आज पत्रकारों ने उनके जन्मदिवस पर बधाई देते हुए कहा कि आने वाला समय उनका शुभ हो और आगे राजनीति में सक्रिय रहें। पत्रकारों ने कहा कि बहुत ही कम समय में सरोज यादव ने समाजवादी पार्टी के बैनर तले जो इज्जत हासिल की है उससे लगता है कि आने वाले समय में इनका भविष्य और उज्जवल होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी अपने पार्टी के कार्यक्रम में न जाना यह तो हो ही नहीं सकता। साथ ही साथ समाजसेवा में भी लगी रहती हैं। नगर निगम अयोध्या पर ध्यान रखती हैं। जनता की सेवायें हो रही हैं या नहीं, साथ ही साथ चाहे वह लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव हो उसमें कड़ी मेहनत करती रहती हैं। फिर से पत्रकारों ने उनको बधाई देते हुए बार-बार शुभकामना दी है और उनके भविष्य की उज्ज्वल कामना की है।

# अवध विवि में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन समर्थ पोर्टल पर शुरू

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय परिसर में संचालित कोर्स में सत्र 2025-26 में समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर विश्वविद्यालय प्रवेश समिति द्वारा गुरूवार को प्रवेश आवेदन की सूचना जारी की गई। परिसर में संचालित यूजी कोर्सों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 10 जून निर्धारित की गई है। वहीं पीजी एवं पीजी डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 25 जून तक किया जा सकता है। यूजी कोर्स के लिए ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के माध्यम से किया जायेगा जिसकी अंतिम तिथि 12 जून व पीजी कार्स के लिए अंतिम तिथि 28 जून निर्धारित की गई है। स्नातक स्तरीय कोर्सो में प्रवेश काउंसिलिंग 01 जुलाई से संभावित है। परास्नातक व पीजी डिप्लोमा कोर्स की काउंसिलिंग 15 जुलाई से प्रारम्भ होगी। प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र-छात्राएं डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू आरएमएलएयू एडीएम डॉट समर्थ डॉट ईडीयू डॉट इन पर आनलाइन आवेदन कर सकते है। आवासीय प्रवेश समन्वयक प्रो0 शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि परिसर के अवध विवि में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन समर्थन पोर्टल पर शुरू हो गया है। दूसरी ओर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों एलएलबी (त्रि-वर्षीय एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम), एमएड, बीपीएड एवं एमपीएड में प्रवेश केवल उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत शासनादेश के अनुरूप महाविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से ही मान्य होंगे। विश्वविद्यालय के स्तर से महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए अलग से कोई प्रवेश परीक्षा नही कराई जायेगी। यह सूचना विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट व सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को दे दी गयी है तथा कालेज लॉगिन पर अपलोड कर दी गई है।

# एडीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस



**स्वतंत्र भारत मिल्कीपुर (सं.)** मिल्कीपुर तहसील में अयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एडीएम प्रशासन ने की। एडीएम ने उपजिलाधिकारी सुधीर कुमार और तहसीलदार के साथ तहसील क्षेत्रों से प्राप्त जन शिकायतें सुनी, दिवस में कुल 96 शिकायतें प्राप्त हुई मौके पर तीन का ही निस्तारण हो सका। मिल्कीपुर तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस शनिवार को एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समाधान दिवस में ग्राम पंचायत सागर पट्टी निवासी हरिन्द्र कुमार ने दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है की गांव के ही हरिलाल पुत्र हरिचरन द्वारा जबरन छप्पर रखकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है जिससे शिकायतकर्ता को खेत में आने जाने के लिए रास्ता नहीं है। शिकायतकर्ता दोनों पैर से दिव्यांग है। हल्का लेखपाल के ऊपर आरोप लगाया है कि 500 रूपये ले लिया है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर सुधीर कुमार, तहसीलदार सुमित कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी श्रीयश त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी कमला प्रसाद श्रीवास्तव, अखिलेश मिश्रा, सूर्यनारायण मिश्र, पूर्ति निरीक्षक, एसडीओ, खंडासा थाना प्रभारी संदीप सिंह व थाना अध्यक्ष कुमारगंज ओम प्रकाश व अन्य विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# विद्युत संविदा कर्मचारियों ने वेतन न मिलने व छंटनी के विरोध में किया नग्न प्रदर्शन




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के बैनर तले सिविल लाइन्स स्थित मुख्य अभियन्ता वितरण कार्यालय प्रांगण में निविदा एवं संविदा कर्मचारियों ने शनिवार को नग्न प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन बीते दो माह से वेतन न मिलने, फेस टेंडेन प्रणाली तथा कर्मचारियों की अनुचित छंटनी के विरोध में किया गया। संघर्ष समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष सुशील मौर्य ने बताया कि संविदा कर्मचारियों को दो महीने से वेतन नहीं मिला है और उन्हें गलत तरीके से कार्य से हटाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य अभियन्ता द्वारा आंदोलन को दबाने की कोशिश की जा रही है। हमारे अध्यक्ष पर पचास लाख का जुर्माना लगाकर धमकी दी जा रही है कि धरना बंद करें वरना एफआईआर कर दी जायेगी। इस अवसर पर मौर्या ने कहा कि कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द समाधान नहीं निकला तो आंदोलन और उग्र हो जायेगा। विद्युत कर्मचारियों की कई महीने से कार्य पर न आने से शहर के तमाम जनता को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। शहर के सभी घरों में आंधी, तूफान या बंदर के द्वारा लाइन खराब हो जाने से कोई बनाने नहीं आ रहा है। सभी सब स्टेशनों पर कर्मचारी नहीं मिलते हैं जो अस्थायी रूप से लाइनमैन हैं वह किसी के घर पर लाइन बनाने के लिये जाते नहीं हैं जिससे काफी परेशानी हो रही है।

# अवध विवि में विश्व प्रेस दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में विश्व प्रेस दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। एमसीजे समन्वयक डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि यह दिन पत्रकारों को सम्मानित करने का दिन है जो कठिन एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में रिपोर्टिंग करना जारी रखते है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता भारतीय संविधान के मूल अधिकारों में सन्निहित है जो अन्य देशों के मुकाबले कही अधिक है। नैतिक पत्रकारिता शांति और मानवाधिकारों की रक्षा करती है। संगोष्ठी के उद्बोधन में डॉ0 आरएन पाण्डेय ने कहा कि विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस का उद्देश्य प्रेस की स्वतंत्रता का मूल्यांकन करना, प्रेस की स्वंतत्रता को बाहरी हमलों से सुरक्षित करना है। क्योंकि लोकतंत्र के लिए प्रेस की स्वतंत्रता अहम है। इसलिए प्रेस को लोकतंत्र का चतुर्थ स्तम्भ कहा गया है। इसी क्रम में एमसीजे की छात्रा अनुश्री यादव ने कहा कि मै कलम हूँ मै सवाल हूँ यह जंग है आजादी की जो माइक के पीछे से लड़ी जाती है। कामिनी चौरसिया ने कहा कि सत्ता से सवाल करना मेरा धर्म है। मै पत्रकार हूँ। कल्याणी यामिनी ने कहा कि उस स्तम्भ का सम्मान करो जो समाज को आवाज देता है। कीमती वस्तु नही होती कीमती समय होता है। छात्रा महिमा ने कहा कि स्वतंत्र प्रेस लोकतंत्र की रीढ होती है। स्वतंत्र पत्रकारिता सत्ता को जवाबदेह बनाती है। छात्र नावेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि ए कलम मुझ पर तू इतना एहसान कर जो कह न पांउ उसे तू बयां कर। साम्भवी गुप्ता ने कहा कि स्याही की बूंद बूंद त्याग और समर्पण का प्रतीक है। छात्र नीरज मौर्य ने कहा कि झूठी खबरों से जागरूक रहे। पत्रकार हमारी प्रेरणा के श्रोत है। दीप गोपाल मिश्र ने कहा कि प्रेस सिद्धांतों का पालन करना हमारा धर्म है। कार्यक्रम का संचालन सुगन्धा तिवारी ने किया। इस अवसर पर दयानन्द तिवारी, शिवांश चतुर्वेदी, अदिति पाठक, सृष्टि कौशल सहित अन्य मौजूद रहे।

# सीएचसी रुदौली का किया निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली का रात में किया गया आकस्मिक निरीक्षण। डीजी फैमिली प्लानिंग डॉ सुशमा सिंह ने बिना पूर्व सूचना के अचानक अस्पताल का दौरा किया। उनके साथ एडी डॉ शारदा चौधरी भी मौजूद थीं। निरीक्षण के दौरान डॉ सुशमा सिंह ने लेबर रूम, इमरजेंसी रूम और अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर खुशी व्यक्त की और चिकित्सा अधीक्षक डॉ मदन बरनवाल के प्रयासों की सराहना की। डॉ सुशमा सिंह ने सभी उपस्थित अधिकारी और कर्मचारियों को स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। डीजी फैमिली प्लानिंग डॉ सुशमा सिंह के निरीक्षण से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इस अवसर पर सीएचसी अधिक्षक डॉ बरनवाल सहित अधीनस्थ स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद थे।

# बाग से आम तोड़ने का विरोध करना पड़ा महंगा



**स्वतंत्र भारत (अंबेडकरनगर)** युवक को बाग से कच्चे आम तोड़ने का विरोध करना काफी महंगा पड़ गया। जिस पर उद्दंड युवकों ने उस पर धारदार हथियार से हमला करके बुरी तरह घायल कर दिया। नगर के मोहल्ला संघतिया के रहने वाले रिशी कुमार सोनकर पुत्र कन्हैया सोनकर ने वनगांव मार्ग पर स्थित एक आम की बाग अनुबंध पर ले रखा है, जिसकी रखवाली पुरसावां निवासी युवक रमेश कुमार उर्फ गोलू पुत्र हौसिला प्रसाद करता है। रविवार की शाम को पास के ही रहने वाले कुछ मनबढ़ बाग में जबरन घुसकर कच्चे आम तोड़ रहे थे। रमेश कुमार द्वारा मना करने पर रजत पुत्र अवधेश तथा विशाल नामक युवकों ने धारदार हथियार से हमला कर उसे घायल कर दिया। किसी तरह उसने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। पीड़ित के सर, गर्दन, नाक व चेहरे सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर चोटें आईं हैं। कोतवाल श्रीनिवास पांडेय ने बताया कि घटना की सूचना नहीं है, तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# दो दिवसीय उर्स मेला कार्यक्रम कल से

**स्वतंत्र भारत (अंबेडकरनगर)** नगर के पूर्वी छोर पर जौहरडीह रेलवे फाटक से शहजादपुर को जोड़ने वाले मार्ग पर स्थित सातो पीर बाबा परिसर में दो दिवसीय उर्स मेले का भव्य आयोजन कल से आरम्भ होगा। आयोजक मंडल के अध्यक्ष डाक्टर मोहम्मद आजम के मुताबिक नदिया पार उर्स मेले के उपलक्ष्य में जहां पहले दिन सोमवार की रात्रि आठ बजे से राष्ट्रीय एकता पर आधारित होने वाले मुशायरा एवं कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध शायर व कवि अबूजर नवेद दिल्ली, रुबीना अयाज लखनऊ, प्रतिभा यादव बलिया, डा. आलोक पांडेय, चांदनी शबनम, काविश रूदौलवी, अनवर अमान आगरा तथा शहाब नोमानी सहित स्थानीय शायर जलवा बिखेरेंगे। जबकि दूसरे दिन मंगलवार की रात्रि में आठ बजे से होने वाले कौव्वाली कार्यक्रम में सुल्तान साबरी दिल्ली एवं अरशद चिश्ती व शुजाअत चिश्ती काकोरी-लखनऊ अपनी फनकारी का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने में डा. नूर वारसी, खादिम अजमत वारसी, सभासद प्रिंस पाठक, पूर्व सभासद ललित श्रीवास्तव, जमीरुल हसन, निजामुल हक, कफील अख्तर, मोहम्मद अजमल, बादशाह खान, इरशाद अहमद चांद खां अपनी टीम के साथ जुटे हैं।

# तीन दिवसीय शिल्प जागरूकता प्रदर्शनी कार्यक्रम आज से

**स्वतंत्र भारत टांडा (सं.)** कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के हस्तशिल्प सेवा केन्द्र लखनऊ द्वारा टाण्डा के कश्मीरिया मोहल्ले में आयोजित 03 दिवसीय शिल्प जागरूकता सह प्रदर्शन कार्यक्रम का आज शनिवार को समापन समारोहपूर्वक हुआ जिसमे मुख्य अतिथि विद्यालय के सहायक प्रबन्धक शिव प्रकाश गुप्ता रहे और संचालन त्रिलोकपुर ग्रामोद्योग विकास सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर पेन्टिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र एव पुरस्कार का वितरण भी किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य तेज प्रताप तिवारी ने कहा कि सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यकम से बच्चे काफी लाभान्वित हुए है। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम निरन्तर चलते रहना चाहिए, जिससे बच्चे पढ़ने के बाद हस्तकला से रोजगार प्राप्त कर सकें। राकेश कुमार श्रीवास्तव ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में नौशीन फात्मा, सबा आफरीन, नीलम, अनीता, सुरेन्द्र, रवीन्द्र, मोतीलाल सहित सैकड़ों की संख्या में स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

# 1500 मीटर दौड़ में अयोध्या कृषि विवि की आंचल ठाकुर ने जीता स्वर्ण पदक



**स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में आयोजित 22वीं अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालयीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन कई टीमों के बीच प्रारंभिक मैच खेले गए तो कई खेलों के फाइनल मैच में कड़े मुकाबले देखने को मिले। 1500 मीटर दौड़ में अयोध्या कृषि विश्वविद्यालय की आंचल ठाकुर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक को अपनी झोली में डाल दिया। आंचल ठाकुर ने इस लक्ष्य को मात्र पांच मिनट 49 सेकेंड में ही हासिल कर लिया। वहीं दूसरी तरफ हिसार कृषि विवि की प्रीती ने रजत पदक अपने नाम किया तो प्रतीक्षा को कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा। 400 मीटर रेस हर्डल पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में कर्नाटक के ध्यान चितप्पा.के ने स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा जमा लिया। हिसार के कुलदीप कुमार रजत और सीवामोगा के प्रज्वल ने कांस्य पदक हासिल किया। ऊंची कूद महिला वर्ग फाइनल में कृषि विवि बेंगलुरु की हर्षिता.डी ने 1.48 मी. कूदकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। रायचूर कृषि विवि की भाग्यश्री कल्याणी ने 1.37 मी. कूदकर दूसरे स्थान पर रहीं व मेरठ कृषि विवि की पलक को कांस्य पदक ही मिल सका। लंबी कूद महिला वर्ग में कृषि विवि बेंगलुरू की प्रकृति ने स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। पंजाब कृषि विवि की गुरुप्रीत कौर रजत और बेंगलुरु कृषि विवि की हर्षिता ने कांस्य पदक हासिल किया। वहीं चक्र प्रक्षेपण महिला वर्ग की प्रतियोगिता में बेंगलुरु की ज्योति.जी 25.52 मीटर के साथ स्वर्ण पदक झटकने में कामयाब रहीं। हिसार की ज्योति ने 22.92 मी. फेंककर रजत पदक और इंफाल की बालचिमशा. आर.मारक 22.39 मीटर के साथ कांस्य पदक हासिल कर सकीं। चक्र प्रक्षेपण पुरुष वर्ग में पंजाब कृषि विवि रवींदर राज सिंह ने 36.16 मीटर फेंक कर स्वर्ण पदक झटकने में कामयाब रहे तो वहीं पंजाब विवि के अजितेश सिंह चहल 35.16 मी. के साथ रजत व गडवासू पशु चिकित्सा कृषि विवि के साहिल को कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सिकंदरपुर में डीएम ने सुनी शिकायतें



**बलिया।** बताया जाता है कि जनपद के सभी तहसीलों में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी श्री प्रवीण कुमार लक्षकार एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने तहसील सिकंदरपुर में जनशिकायतों को सुनकर

■ **जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को दिए निस्तारित करने के निर्देश**

सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण/समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 174 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 07 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता श्री रमेश कुमार निवासी ग्राम-किकोड़ा ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनुपस्थित रहती हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को जांचकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास, विद्युत, अवैध कब्जा हटाए जाने, राशन कार्ड तथा पाई आदि से सम्बन्धित मामले आए, जिसमें संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सुनील कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव वर्मन एवं प्रभागीय वनाधिकारी श्री अपूर्व दीक्षित सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## राजकीय आईटीआई में 5 को रोजगार मेले का आयोजन

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा ने बताया कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड, देवरिया एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया के संयुक्त तत्वावधान में 05 मई 2025 (सोमवार) को प्रातः 10ः00 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), देवरिया परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियाँ प्रतिभाग करेंगी और योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता संबंधित पदों के अनुसार हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक एवं आईटीआई उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। प्रतिभागियों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। यह रोजगार मेला निःशुल्क है। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया से संपर्क कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता अथवा मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

# अध्यक्ष सतीश चन्द, अब्दुल कयूम बने वरिष्ठ उपाध्याय, अन्य पदाधिकारी भी चुने गए



**आजमगढ।** दी टैक्स बार एसोसिएशन की साधारण सभा की वार्षिक बैठक एवम् नए पदाधिकारियों का गठन / चुनाव वर्ष- 2025-26 हेतु दिनांक- 02-05-2025 दिन- शुक्रवार को सायं 4 बजे पालीवाल गेस्ट हाउस निकट- मिशन हॉस्पिटल हरबंशपुर में समक्ष सुचारू व सुव्यवस्थित रूप से संचालित कर सम्पन्न कराया गया । जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष राज नारायण गुप्ता जी तथा संचालन संघ के मंत्री सत्य प्रकाश लाल श्रीवास्तव जी ने किया, तथा चुनाव आयुक्त व एल्डर कमेटी के अध्यक्ष अवधेश चन्द्र श्रीवास्तव ने नए पदाधिकारियों समीक्षा की, जिसमें पदाधिकारियों का चयन निम्न प्रकार से हुआ । अध्यक्ष सतीश चन्द्र गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्याय अब्दुल कयूम, उपाध्यक्ष महेंद्र प्रताप यादव, मंत्री- विपिन गुप्ता, सह मंत्री जीएसटी रत्नेश बर्मा, सह मंत्री इनकमटैक्स उमेश यादव, कोषाध्यक्ष संतोष वर्मा, मीडिया प्रभारी- संतोष उपाध्याय, पुस्तकालय अध्यक्ष- राधारमण पाठक, कार्यकारणी सदस्य अखलाक अहमद, भरत अग्रवाल, मोहम्मद इरफान, विनोद कुमार शर्मा,तैयब महमूद, शिव दत्त यादव, हरिश्चंद्र बरनवाल, पदेन राजनरायन गुप्ता, सत्य लाल श्रीवास्तव नियुक्त किये गए।

## खबर एक नजर

### सेवानिवृत्त फ्लाइंग लेफ्टिनेंट की सड़क हादसे में मौत

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** सलेमपुर-देवरिया फोरलेन पर शनिवार की सुबह एक सड़क हादसे में एयर फोर्स के सेवानिवृत्त फ्लाइंग लेफ्टिनेंट नरेश मिश्र की मौत हो गई। वह घर से स्कूटी में पेट्रोल भरवाने के सोनूघाट जा रहे थे कि खुखुन्दू थाना क्षेत्र के मुड़ेरा चौराहे पर कार ने जोरदार टक्कर मार दी। कार चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। बरियारपुर थाना क्षेत्र के अहिल्यापुर बुजुर्ग गांव के 70 वर्षीय नरेश मिश्र पुत्र स्व. साधु शरण मिश्र एयरफोर्स से सेवानिवृत्त हुए थे। उनके परिवार में शादी-समारोह है। रामचरितमानस का शनिवार को पाठ शुरू होना था। सोमवार को बरात भी जानी है। इसको लेकर भागदौड़ में सभी लगे थे। स्कूटी में पेट्रोल कम होने पर वह सोनूघाट स्थित पेट्रोल पंप पर जा रहे थे। अभी सलेमपुर-देवरिया फोरलेन पर अहिल्यापुर जाने वाले गेट के पास पहुंचे थे और देवरिया की जाने वाले लेन में मुड़ रहे थे, तभी देवरिया की तरफ से तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें घायलावस्था में महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया । मृत्यु की सूचना पर स्वजन में चीख पुकार मच गई। घर में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

### रा.औ. प्रशिक्षण संस्थान गौरीबाजार में रोजगार हेतु चयन प्रक्रिया 8 मई को

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, शोभनाथ ने जानकारी दी है कि मिंडा कोसेई प्राइवेट लिमिटेड, बावल (हरियाणा) द्वारा दिनांक 08 मई 2025 (गुरुवार) को प्रातः 10ः00 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गौरीबाजार (देवरिया) में एक दिवसीय प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा। इस चयन प्रक्रिया में फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, टर्नर, मशीनिस्ट, डीज़ल मैकेनिक, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, वायरमैन, मैकेनिक मोटर व्हीकल, शीट मेटल आदि समस्त आईटीआई व्यवसायों के पासआउट प्रशिक्षार्थी, हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट उत्तीर्ण अभ्यर्थी तथा आईटीआई के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत प्रशिक्षार्थी सम्मिलित हो सकते हैं। अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। प्लेसमेंट में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को अपने सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं छायाप्रति, बायोडाटा, आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा चार पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो साथ लाना अनिवार्य है। हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए वेतन ?14,898 प्रतिमाह तथा आईटीआई फ्रेशर्स के लिए ?16,777 प्रतिमाह निर्धारित किया गया है।

### आर्थिक तंगी व बीमारी से जूझ रहे युवक ने पंखे से लटककर दी जान

**(अहरौला) आजमगढ।** गहजी कलवरिया गांव में आर्थिक तंगी स्वयं व पत्नी के बीमारी के चलते अवसादग्रस्त किसान ने अपने घर के भुतल में शुक्रवार की रात पंख में प्रेस में लगने वाली केवल का फंदा लगाकर जान दे दी मृतक की बेटी शनिवार सुबह जब घर का सटर खोलने गयी तो पिता को पंखे से लटकता देख शोर मचाया । जिससे आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए, मृतक के बड़े भाई रमेश चौबे ने 112 पर पुलिस को घटना की जानकारी दी । मौके पर पहुंची 112 पुलिस ने सूचना अहरौला थानाध्यक्ष को दी थोड़ी देर में थाने के उपनिरीक्षक रंजन शाह, रामबचन राय हमराहियों के साथ पहुंच कर परिजनों से घटना की जानकारी ली । गहजी कलवरिया गांव निवासी मृतक संतोष चौबे(47) पुत्र उदयभान चौबे तीन भाईयों में तीसरे नंबर पर थे । मृतक एक पुत्र एक पुत्री के पिता थे । मृतक के बड़े भाई रमेश चौबे ने बताया कि मृतक संतोष चौबे सालों से अवसाद ग्रस्त चल रहें थे । दवा भी चल रही थी साथ में इनकी पत्नी रीता देवी बीते एक साल से गंभीर रूप से बीमार चल रहीं है । शरीर का एक साईड में लकवाग्रस्त हो गया है । ईलाज में काफी पैसा खर्च हो गया था । मृतक संतोष चौबे ने सहारा बीमा कंपनी में लाखों रुपए का निवेश किया था । लेकिन पैसा नहीं मिलने से काफी आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे । अक्सर सहारा बीमा कंपनी के पैसे के न मिलने से काफी तनाव में चल रहे थे । संभवतः यही कारण रहा कि उन्होंने ऐसा क़दम उठाया । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

### दबंग बीडीसी के खिलाफ पत्रकार हुआ मजबूर, जमीन खाली कराने की लगाई गुहार

**आजमगढ़।** तहसील मार्टिनगंज क्षेत्र के ग्राम सभा? अजाउर का मामला प्रकाश?? आया।ग्राम के ही मंगल देव मिश्र ने प्रार्थना पत्र देकर बीडीसी के खिलाफ आवाज उठाई।क्षेत्र पंचायत सदस्य की दबंगई लंबे समय से कब्रिस्तान कि जमीन पर स्वयं पोखरा बनवाकर मछली पालने का किया जा रहा है।कार्य अपनी निजी स्वार्थ के लिए किया जा रहा है। राजस्व का बड़ा नुक़सान।मगल देव मिश्रा द्वारा बताया गया कि एक बार कब्रिस्तान की जमीन में मुर्गी फार्म बनाया गया था जिसमें लेखपाल द्वारा हटवाया गया बने हुए पोखरी मछली पालने सहित खेती खेती भी जा रही मंगल देव मिश्र का आरोप है कि अगर लेखपाल साहब चाहते तो 6 महीने पहले ही पोखरी का अवैद्य कब्जा हटवा सकते थे।लेकिन नजर अंदाज किया गया मंगल देव मिश्र तहसील का चक्कर लगा रहे हैं अपनी पीड़ा को बताते हुए मंगल देव मिश्र ने कहा कि उसमें नाली भी है जो क्षेत्र पंचायत सदस्य पूरी तरह से पटवा दिए कहीं ना कहीं दबंगई को दर्शाता है संपूर्ण समाधान दिवस पर प्रार्थना देकर एसडीएम साहब से गुहार लगाई अब देखना है की तहसील प्रशासन बीडीसी के खिलाफ एक्शन लेता है कि बार-बार प्रार्थना पत्र ही देना पड़ता।

### ओंकारेश्वर महादेव की स्थापना के लिए निकाली गई कलश यात्रा

**अम्बारी (आजमगढ़)।** फूलपुर तहसील के बिलार मऊ स्थित राम-जानकी मन्दिर पर ओंकारेश्वर महादेव की स्थापना के लिए कलश यात्रा गांजे बाजे के साथ धूमधाम से निकाली गयी । इस दौरान हरहर महादेव और जयश्रीराम के जयकारे से पूरा बिलारमऊ गबाजार और गांव गूँज उठा । कुवारी कन्याओं और श्रद्धालु भक्तो के द्वारा कलश यात्रा गांजे बाजे के साथ बिलारम?ऊ गांव से बिलारम?ऊ बाजार तक धूमधाम से निकालीं गई । कलश यात्रा में गांव और क्षेत्र सैकड़ों श्रद्धालु भक्त कलश लिए यात्रा में शामिल हुए । कलश यात्रा बिलारम?ऊ गांव से प्राथमिक विद्यालय बिलारम?ऊ होते हुए।बिलारमऊ बाजार तक ग?ई । फिर वहां से वापस राम-जानकी मन्दिर पर वापस पहुची । राम जानकी मंदिर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विद्वान पंडितों ने कलश स्थापना किया ।इस अवसर पर यज्ञाचार्य विष्णु दत्त पाण्डेय ,सन्त राम पाण्डेय, सुबास चन्द पाण्डेय पप्पू , धरणीधर पाण्डेय ,पण्डित अवधेश दुवे ,बजरंगी पाण्डेय, शशांक पाण्डेय, रोहित रंजन, बसंत प्रकाश ,चंदन कुमार, जय राम दुबे ,मोनू दुबे ,दिनेश ,रमेश पाण्डेय हितांशु दुवे, आर्यन तिवारी ,अभिषेक आकाश दुवे ,श्रीपति पांडेय राकेश मिश्र आदि रहे।

# डीएम ने रुद्रपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी समस्याएं

## गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के दिए गए निर्देश

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** तहसील रुद्रपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने जनसमस्याओं की सुनवाई की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से किया जाए, जिससे आम जनता को त्वरित राहत मिल सके। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 47 प्रकरण आये जिनमें से छह का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस से अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अभियंता, विद्युत एवं अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण से स्पष्टीकरण तलब किया। जनसुनवाई के दौरान डीएम ने कहा कि उनकी संज्ञान में ऐसे कई प्रकरण आ रहे हैं, जिसमें निजी व्यक्ति द्वारा कर्ज देने की एवज में कृषि भूमि को बंधक बनाकर वर्षों से जोता जा रहा है तथा मूल भूस्वामी को कब्जा नहीं दिया जा रहा है। यह पूर्णतया अवैध है। उन्होंने राजस्व अधिकारियों एवं पुलिस को ऐसे प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से राजस्व विभाग के अधिकारियों, विशेषकर लेखपालों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर भूमि संबंधी विवादों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि खलिहान, चकरोड, नाले आदि सार्वजनिक भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए तथा इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि समाधान दिवस में प्राप्त लंबित शिकायतों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता के साथ किया जाए। इस दौरान जनसमस्याओं के निस्तारण की दिशा में प्रभावी कार्रवाई भी की गई। चार पात्र लाभार्थियों को मौके पर



देवरिया : तहसील प्रशासन ने 20 टीबी मरीजों को गोद लेते एवं सुनवाई करती डीएम।

ही राशन कार्ड उपलब्ध कराते हुए त्वरित राहत प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 47 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 23 राजस्व विभाग, 8 पुलिस विभाग, 6 विकास विभाग, 2 खाद्य एवं रसद विभाग तथा अन्य विभागों से संबंधित 8 प्रार्थना पत्र थे। इनमें से 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 41 प्रार्थना पत्रों को आवश्यक निर्देशों के साथ संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया।

इस अवसर पर सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता, एसडीएम हरिशंकर लाल, डीएफओ कासरला राजू, सीओ अंशुमान श्रीवास्तव, डीएसओ संजय पांडेय, डीपीआरओ रतन कुमार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारी तथा संबंधित थानों के थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

रुद्रपुर तहसील प्रशासन ने 20 टीबी मरीजों को लिया गोद सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत रुद्रपुर तहसील प्रशासन द्वारा कुल 20 टीबी मरीजों को गोद लिया गया तथा उन्हें 'पोषण पोटली' प्रदान की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह मानवीय पहल मरीजों के पोषण स्तर में सुधार लाकर उनके शीघ्र उपचार में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने सभी मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की। इस दौरान सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता, एसडीएम हरिशंकर लाल सहित तहसील प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं सौंदर्यीकरण की दिशा में कलेक्ट्रेट चौराहे का आर्किटेक्ट प्लान तैयार



**बलिया।** बताया जाता है कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद,बलिया को यातायात की दृष्टिगत से जाम से निजात दिलाने के लिए तथा सौंदर्यीकरण की दिशा में विशेष कदम उठाया गया है, जिसके दृष्टिगत कलेक्ट्रेट चौराहे का आर्किटेक्ट प्लान तैयार किया गया, चौराहे का चौड़ीकरण,डिवाइडर, पौधारोपण, ट्रैफिक लाइट,एल.ई.डी. स्क्रीन,डिजिटल कैमरा आदि से सुसज्जित किया जाएगा। यह जानकारी मुख्य राजस्व अधिकारी श्री त्रिभुवन ने देते हुए बताया कि वर्तमान में ओवरब्रिज के सौंदर्यीकरण का कार्य गतिमान है। ओवरब्रिज के ऊपर बटरफ्लाई लाइट और नीचे सुंदर पेंटिंग के साथ सुंदर लाइट लगेंगी और ग्रीन बेल्ट बनाई जायेगी। इसके साथ ही कुंवर सिंह चौराहा,एन.सी.सी. तिराहा, चित्तू पाण्डेय चौराहा,जगदीशपुर चौराहा और बिशनीपुर चौराहा के सौंदर्यीकरण का भी प्लान तैयार किया जा रहा है।

# सरकारी जमीन से नहीं हटा अवैध कब्जा तो नपेंगे लेखपाल : डीएम

**(फूलपुर) आजमगढ।** तहसील में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस जिलाधिकारी रबिन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।तहसील दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने लेखपालों से वार्ता के दौरान कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा के न हटाए जाने पर लेखपाल को निलंबित कर दिया जायेगा,या तो अनिवार्य सेवानिवृत्त किया जाएगा।सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 125 शिकायती पत्र आये जिसमे 15 मामलों का तत्काल निस्तारण किया गया।लेखपालो को सतर्क करते हुए जिलाधिकारी ने कहा लापरवाही करने वाले लेखपाल नपेंगे,जिसकी जिम्मेदारी लेखपाल की होगी।सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालो के खिलाफ लोक सम्पत्ति क्षति निवारण के तहत मुकदमा जरूर दर्ज करावे,जिससे जमीन का अतिक्रमण करने वालो के खिलाफ भूमाफिया और गैंगेस्टर की कार्यवाही किया जा सके। तहसील दिवस में आने वाली शिकायतों को प्राथमिकता के



आधार पर निस्तारित करें,और आने वाले अगले तहसील दिवस में उसकी आख्या प्रस्तुत करें। सबसे अधिक शिकायत फूलपुर, हेवती और पल्थी से आयी है। एसडीएम,तहसीलदार,सीओ और थानाध्यक्ष मौके पर जाकर मामलों का निस्तारण मिल बैठ कर करे।जिलाधिकारी रबिन्द्र कुमार द्वितीय और पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने एक एक करके लोगो की समस्याओं को सुना।बनहरमय चक गजड़ी गांव के महुआरा गांव के सुमित्रा देबी और कृष्ण मुरारी के साथ लोगो ने आरोप लगाया है कि हल्का लेखपाल सोनू गिरी के द्वारा धन उगाही करके अवैध पट्टा किया गया है।जिसकी जांच कराकर कार्यवाही करने की मांग किया है।सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 125 शिकायती पत्र आये जिसमे 15 मामलों का तत्काल निस्तारण किया गया।

इस मौके पर सीडीओ परीक्षित खटाना,एसडीएम सन्त रंजन,सीओ अनिल कुमार वर्मा, तहसीलदार कमल कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी बिमला चौधरी,इशरत रोमिल,गौरव यादव आदि रहे।

# धूमधाम से मनाया आरएस कान्वेंट स्कूल का 15वां वार्षिकोत्सव

**(अतरौलिया) आजमगढ।** शुक्रवार की शाम आरएस कान्वेंट स्कूल अतरौलिया का 15वां वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया, जिसके सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों ने अपने अंदर छिपे हुनर व प्रतिभा का परिचय दिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ अधीक्षक डॉ0 शिवाजी सिंह तथा विशिष्ट अतिथि भालचंद्र त्रिपाठी रहे ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पित तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय के बच्चों /बच्चियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत की ततपश्चात विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे देश भक्ति गीत, लोकगीत,कजरी, पारंपरिक गीत, एकांकी, नाटक, ड्रामा ,स्पीच ,ग्रुप डांस ,डीजे सांग डांस आदि के माध्यम से शिक्षा के साथ-साथ अपने अंदर छुपी प्रतिभा का मंच साझा किया। कार्यक्रम में यूकेजी के छोटे बच्चों का कार्यक्रम लोगों का मन मोह लिया, तो वही एलकेजी के बच्चों ने भी अपने अंदर छुपी प्रतिभा को दर्शाते हुए लोगों का मन मोह लिया। देर शाम तक चले इस सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अभिभावकों ने भी हिस्सा लिया तथा शिक्षा के साथ

■ **सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मंच से बच्चों ने दिया संदेश**

ही मंच के माध्यम से बच्चों के हुनर को देख उनका खूब उत्साह वर्धन किया। इस कार्यक्रम के लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा सुंदर लाइटिंग व साउंड सिस्टम, जगमग रोशनी के साथ ही साज सज्जा की व्यवस्था की गई थी, तो वही मंच के माध्यम से बच्चों ने अपने अंदर छुपी प्रतिभा को एक नया आयाम दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील तिवारी ने किया तथा संचालन विद्यालय की बच्चियों माही वर्मा, भूमिका गुप्ता,अंकिता, प्रियम मिश्रा ने किया। प्रबंधक राणा लाखन सिंह ने आए हुए लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय का यह 15वां वार्षिकोत्सव था। वास्तव में वार्षिकोत्सव जो होता है वह बच्चों के अंतर मन की कला को प्रदर्शित करना होता है। शिक्षा के साथ-साथ बच्चे के मन में और क्या है, समाज के प्रति उनकी सोच,समाज में होने वाली कुरीतियों व समाज में और क्या हम दे सकते हैं इस रूप में बच्चे वार्षिकोत्सव में अपने मन को प्रकट करते हैं। रंगारंग कार्यक्रमों के माध्यम से वह एक तरह से कहा जाय तो समाज के दर्पण का काम करते हैं कि हमें किस रूप में अपने आप को प्रस्तुत करना है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी अध्यापकों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा तथा बच्चों ने कड़ी मेहनत कर अपने प्रतिभा का परिचय दिया। निर्देशक ऋतु सिंह प्रधानाचार्य फुटई राम मौर्य ने आए हुए अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक ,अध्यापिका व स्टाफ भी मौजूद रहे।

# नपाध्यक्ष ने सफाई नायक के निधन पर घर पहुंचकर परिवार को मदद का दिलाया भरोसा



देवरिया : सफाई नायक के घर नगर पालिका अध्यक्ष ईओ के साथ।

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** नगर पालिका परिषद गौरा बरहज के सफाई नायक राजन सिंह के आकस्मिक निधन की खबर मिलते ही पालिका गौरा बरहज में शोक की लहर पसर गई। नपा अध्यक्ष श्रीमती श्वेता जायसवाल और अधिशासी अधिकारी अनुपमा प्रताप ने सफाई नायक के घर जाकर परिजनों को ढाढ़स बढ़ाया और संभव मदद का भरोसा दिया। इसके पूर्व नगर पालिका कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें नपा अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी सहित सभी सदस्यों ने दो मिनट मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख से उबरने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया।

# राजस्व मामले का दोनों पक्षों को सुनकर करें निष्पक्ष निस्तारण : डीएम

**मिर्जापुर।** आम जन की समस्याओं के त्वरित व निष्पक्ष समाधान के लिए शनिवार को जनपद के सभी तहसीलों मेंसंपूर्णसमाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील लालगंज मेंजिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने संयुक्त रूप सेआए हुए फ्ररियादियों की समस्याएं सुनी। जिलाधिकारी ने कुछ समस्याओं का मौके पर समाधान किया जबकि राजस्व संबंधित विवादों को राजस्व अधिकारियों को सौंपते हुए मौके पर जा करदोनों पक्षों को सुनकर निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्णसमाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि एक ही समस्या के लिए शिकायतकर्ता को बार बार तहसील का चक्कर न लगाना पड़े। यदि शिकायत मिली संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



**सम्मन बिनावर इनफिसाल मुकदमा न्यायालय अति0 उपजिलाधिकारी तह0 सदर, मीरजापुर**

**वाद सं0T 202516530103358 सन् 2025**
**निधि सिंह बनाम आलोक सिंह वगै0**

1-हरिशंकर सिंह 2-संजय सिंह पुत्रगण स्व0 गणेश सिंह 3-विजय प्रताप सिंह पुत्र स्व0 राजनरायन सिंह 4-जगतबहादुर सिंह पुत्र स्व0 दूधनाथ सिंह 5-दयानन्द सिंह पुत्र स्व0 शोभनाथ सिंह 6-कन्हई देवी उर्फ फुलराजी देवी पत्नी स्व0 शोभनाथ 7-निर्मला देवी पत्नी शम्भूनाथ सिंह 8-बेनीमाधो सिंह पुत्र स्व0 शिवप्रसाद सिंह 9-राजेश कुमार 10-विनोद कुमार 11-संजय कुमार पुत्रगण कैलाश नाथ 12-भूपेन्द्र प्रताप 13-चन्द्र प्रताप पुत्रगण हरि प्रसाद 14-रणजीत सिंह 15-रायबिन्द सिंह पुत्रगण बबोली सिंह 16-लल्लन सिंह पुत्र अनिरूद्ध सिंह 17-गंगाजली पत्नी अनिरूद्ध सिंह 18-आनन्द सिंह 19-अखिलेश सिंह पुत्रगण बंश बहादुर सिंह 20-रामेश्वर नाथ सिंह 21-कृष्ण कुमार सिंह पुत्रगण शिवराज सिंह 22- राज प्रताप 23- शेष प्रताप पुत्रगण राजभान सिंह 24-जितेन्द्र 25-हितेन्द्र 26-रितेन्द्र पुत्रगण लाल मोहन सिंह 27-चम्पा देवी पत्नी लाल मोहन सिंह 28-अर्जुन सिंह 29-चन्द्रचूर्ण प्रताप सिंह पुत्रगण राजनेति सिंह 30-सुशीला देवी पत्नी राजनेति सिंह 31- ध्रुव प्रताप पुत्र दिनेश प्रताप 32-रीता सिंह पत्नी दिनेश प्रताप 33- कृष्णावती देवी पत्नी अरविन्द कुमार सिंह 34-रीता सिंह पत्नी अरूण कुमार 35-परेमा देवी पत्नी रामेश्वरनाथ 36-राजेश कुमार 37-विनोद कुमार 38-संजय कुमार पुत्रगण कैलाश नाथ 39-राम प्रताप पुत्र रामचरन 40-पुष्पेन्द्र प्रताप पुत्र अभय राज 41-श्याम सुन्दर पुत्र गजरूप 42-रेखा देवी पत्नी कृष्ण कुमार 43-ओम प्रकाश 44-हरि प्रकाश पुत्रगण मंहगी 45-राजेन्द्र कह्मार 46-सुरेन्द्रकुमार 47-धर्मेन्द्र कुमार पुत्रगण शम्भूनाथ 48-अयोध्या प्रसाद पुत्र राजाराम 49-हरिशंकर 50-राजकुमार 51-दयाशंकर 52-रमाशंकर पुत्रगण हिन्छराम 53-राजेन्द्र प्रसाद माली पुत्र रामजस माली निवासी ग्राम व पो0-नीबी गहरवार, तप्पा- 96, पर0-कंतित, तह0-सदर, जिला-मीरजापुर 54-कोशलेश कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 लालता प्रसाद पाण्डेय निवासीगण ग्राम दुगरहां मु0 असवा तप्पा-96, पर0-कंतित, तह0-सदर, जिला-मीरजापुर 55-नीरज कुमार पाल पुत्र काशी प्रसाद पाल नि0 पियरीमीट 56-रामाश्रय 57-रामतेज पुत्रगण मंगरू 58-नन्हकी देवी पत्नी मंगरू हा0 मु0-रैपुरी, मीरजापुर 59-ग्राम पंचायत-नीबी गहरवार, तप्पा-96, पर0-कंतित, तह0-सदर, जिला-मीरजापुर बजरिए प्रधान ग्राम पंचायत-नीबी गहरवार, तप्पा-96, पर0-कंतित, तह0-सदर, जिला-मीरजापुर 60-ग्राम पंचायत-बीजर कलां सम्मिलित राजस्व ग्राम- झिलवर व बीजरकलां, तप्पा-96, पर0-कंतित, तह0-सदर, जिला-मीरजापुर बजरिए प्रधान ग्राम पंचायत-बीजर कलां, तप्पा- 96, पर0-कंतित, तह0-सदर, जिला-मीरजापुर 61-ग्राम पंचायत-दुगरहा, मु0-असवां, तप्पा- 96, पर0-कंतित, तह0-सदर, जिला-मीरजापुर बजरिए प्रधान ग्राम पंचायत-दुगरहा, मु0-असवां, तप्पा-96, पर0-कंतित, तह0-सदर, जिला-मीरजापुर हरगाह ने आपके नाम एक नालिस दायर की लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतातारिख 07 माह 05 सन् 2025 बवक्त 07.00 बजे बमुकाम असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालत से वाकई से वाकिफ किया गया हो और जो कुछ अमूर अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके। हाजिर हूजिए और जवाबदेही दावा को कीजिए और हर माह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिए मुकर्रर है। वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवीज के लिए हुई है पर आपको सूचित हो कि गवाही की जिनकी शहादत में जुमला दस्तावेजों जिस पर बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हो उसी रोज पेश कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मसकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी मसमूअ और फैसला होगा।

**तारीख पेशी-07.05.2025**

**दस्तखत हाकिम व मुहर अदालत**

**सी.आर.-234/D-CN**

**अदालती नोटिस हेतू संदर्शित करने की सूचना(साधारण सूचना) न्यायालय अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन), कोर्ट संख्या- 2, गोरखपुर**

**मुकदमा नंबर 2168/2022**

1- श्रीमती रूकईया खातून मृतक दौरान मुकदमा, उम्र 72 वर्ष, पुत्री स्व0 बकाउल्लाह, पत्नी स्व0 आई. खलीलुल्लाह, नि0 मु0 अलीनगर उत्तरी, तहसील-सदर, जिला-गोरखपुर।

1/1 फैजउल्लाह मारूफी आयु 47 वर्ष पुत्र मरहुम आई. खलीलुल्लाह निवासी मुहल्ला अलीनगर उत्तरी तहसील-सदर, जिला-गोरखपुर।

वादी

बनाम

1. रूहुल्लाह मारूफी उम्र -66 वर्ष 2. रजाउल्लाह मारूफी उम्र - 62 वर्ष पुत्रगण स्व. शफाउल्लाह, निवासी मुहल्ला अलीनगर (उत्तरी) तहसील-सदर, जिला-गोरखपुर। 3. शहनाज फातमा उम्र बालिग, पत्नी अजीजुल्लाह नि0 मुहल्ला चौक राजा टेन्ट हाउस के सामने राधाकुंड, शहर गोण्डा। 4. यासमीन उम्र बालिग पत्नी अहमद नजीर नि0 अलीनगर उत्तरी, गोरखपुर। हाल मुकाम- हनुमानगढ़ी, शहर व जिला-महराजगंज।

- प्रतिवादीगण

चूंकि उपर नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए सन् 2025 के 05 माह 07 दिवस को 10 बजे पूर्वाह में स्वयं या सम्यकरूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवतरित किया जायेगा।

ता. पेशी 07.05.2025

आपत्ति/ निस्तारण

बदस्तखत मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज 29/04/2025 को बतारीख जारी किया गया।

**न्यायालय अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन), कोर्ट संख्या- 2, गोरखपुर**

**सी.आर.-235/D-CN**

## विधान परिषद की 'दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समति' का आगमन आज

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की ''दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति'' की मण्डलीय बैठक के दृष्टिगत 4 मई 2025 को जांच समिति 05:30 बजे मिर्जापुर। पहुंचेगी तथा स्थानीय जन प्रतिनिधिगण के साथ बैठक व मुलाकात करेंगे। 5 मई 2025 को पूर्वान्ह 10 बजे से 11 बजे तक सिटी क्लब मिर्जापुर में आपदा से सम्बन्धित कार्यशाला का आयोजन समिति के समक्ष किया जाएगा। तत्पश्चात पूर्वान्ह 11 बजे जनपद मिर्जापुर, सोनभद्र एवं भदोही के अधिकारियों के साथ जिला पंचायत सभागार में बैठक की जाएगी। विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की बैठक के पूर्व तैयारियो के सम्बन्ध में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वि0धा0 शिव प्रताप शुक्ल द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में सभी सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। समिति के द्वारा वर्ष 2022 से अब आपदा से सम्बन्धित विभागो से अपेक्षित अद्यतन सूचनाएं विचार विमर्श हेतु बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। अपर जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाली सूचनाएं त्रुटिपूर्ण न हों। सभी सम्बन्धित विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित कर ले कि एजेण्डा के अनुसार जो भी सूचनांए मांगी गई है। सभी सूचनाओ के साथ विभागाध्यक्ष बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

**सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब**
**(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)**
**न्यायालय अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन), कोर्ट संख्या- 2, गोरखपुर**

**मुकदमा नंबर 2168/2022**

1-श्रीमती रूकईया खातून मृतक दौरान मुकदमा, उम्र 72 वर्ष, पुत्री स्व0 बकाउल्लाह, पत्नी स्व0 आई. खलीलुल्लाह, नि0 मु0 अलीनगर उत्तरी, तहसील-सदर, जिला-गोरखपुर।

1/1 फैजउल्लाह मारूफी आयु 47 वर्ष पुत्र मरहुम आई. खलीलुल्लाह निवासी मुहल्ला अलीनगर उत्तरी तहसील-सदर, जिला-गोरखपुर।

वादी

बनाम

1. रूहुल्लाह मारूफी उम्र -66 वर्ष 2. रजाउल्लाह मारूफी उम्र - 62 वर्ष पुत्रगण स्व. शफाउल्लाह, निवासी मुहल्ला अलीनगर (उत्तरी) तहसील-सदर, जिला-गोरखपुर। 3. शहनाज फातमा उम्र बालिग, पत्नी अजीजुल्लाह नि0 मुहल्ला चौक राजा टेन्ट हाउस के सामने राधाकुंड, शहर गोण्डा। 4. यासमीन उम्र बालिग पत्नी अहमद नजीर नि0 अलीनगर उत्तरी, गोरखपुर। हाल मुकाम- हनुमानगढ़ी, शहर व जिला-महराजगंज।

- प्रतिवादीगण

हरगाह ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 07-05-2025 बवक्त 10 बजे दिन के अदालत में या मारफत वकील के जो मुकदमे की हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जिसे कुल उमूर अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो जो कि जवाब सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावा की करे और हरगाह वही तारीख को आपके इजहार के लिये मुकर्रर है कि वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवीज हुई है आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप जवाबदेही हुई है कतई दे ताईद इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

ता. पेशी 07.05.2025

आपत्ति/ निस्तारण

बदस्तखत मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज 29/04/2025 को बतारीख जारी किया गया।

**न्यायालय अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन), कोर्ट संख्या - 2, गोरखपुर**

**सी.आर.-235/D-CN**

## पीड़ित परिवार के घर पहुंचा सपा का प्रतिनिधि मंडल

**लालगंज (मिर्जापुर)।** थाना कोतवाली लालगंज अंतर्गत रानीबारी में मृतक गुड्डू राम पुत्र रामानंद के परिवार से मिलने सपा का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। परिजनों से बातचीत करते हुए जानकारी लिया गया। मृतक गुड्डू राम के साले राम रतन द्वारा बताया गया कि 24 अप्रैल 2025 को गुड्डू राम ने खालिक पुत्र बुल्ला के थ्रेसर पलटने से गुड्डू राम को गंभीर चोट लगी थी। चोट लगने के कारण आनन फानन में निजी हॉस्पिटल गैपुरा मिर्जापुर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान मरीज गुड्डू राम बिल्कुल स्वस्थ हो गए थे। 28 अप्रैल 2024 को निजी हॉस्पिटल के डॉक्टर द्वारा मोटी रकम मांगा गया।

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0) फार्म शुल्क रू0200, जी0एस0टी0 रू036 पत्रांकःलो0अ0वि0/अभि0/ 2025-6549 दिनाँक 03.05.2025, अल्पकालिक निविदा सूचना के सम्बन्ध में, विश्वविद्यालय में निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबन्द निविदायें किसी विश्वविद्यालय में सिविल निर्माण व अनुरक्षण कार्यों को कराने का न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभवी फर्मों से दिनाँक 13.05.2025 पूर्वान्ह् 11.00 बजे तक अभियन्त्रण विभाग में उपलब्ध निविदा बाक्स में आमंत्रित की जाती है। क्र.सं., कार्य का नाम : 1.भौतिक विभाग में चार कक्षों का अल्टरेशन कराकर दो कम्प्यूटर लैब हेतु बेसिक सुविधाओं सम्बन्धित कार्य। 2. नवीन परिसर में सरदार पटेल एकात्मकता भवन के दक्षिण तरफ की झाड़ियों/मूंजों को जे.सी.बी. चलाकर सफाई का कार्य। 3. वित्त अधिकारी को आवंटित आवास की रंगाई-पुताई व मरम्मत सम्बन्धित कार्य। 4. लवकुश छात्रावास के सामने खेल मैदान बनाने का कार्य। 5. लवकुश छात्रावास के किचेन एवं डायनिंग का जीर्णोद्धार व अन्य कार्य से सम्बन्धित पत्रावली। 6. दीक्षा भवन के द्वितीय तल के व्याख्यान कक्षों में एल्यूमिनियम खिड़की लगाने का कार्य। 7. सरयू छात्रावास के किचेन एवं प्रसाधन कक्षों का जीर्णोद्धार व अन्य कार्य से सम्बन्धित पत्रावली। निविदा दिनाॅक 13.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे वित्त अधिकारी कार्यालय कक्ष में उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। रू0 236.00 की डिमाण्ड ड्राफ्ट/ आर0टी0 जी0एस0/ अन्तरण वित्त अधिकारी डॉ0 राममनोहर लोहिया, अयोध्या के नाम जमा करके दिनाँक 06.05.2025 से 12.05. 2025 तक अपरान्ह् 05:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म अभियन्त्रण विभाग से प्राप्त कर सकते हैं। **कुलसचिव**

**अदालती सूचना**
**न्यायालय श्रीमान सिविल (जू. डी.) महोदय मोहम्मदी खीरी**

प्रा.दि. वाद सं. 86/25 ता. पेशी 16-5-2025 (1) सियाराम पुत्र हुल्ला (2) रामप्रकाश पुत्र भिखारी लाल (3) अरुण कुमार पुत्र जगन्नाथ (4) विपिन कुमार नन्हके (5) मूल चन्द पुत्र छुटकुन्नू लाल (6) रामलखन पुत्र रामविलास सर्व निवासीगण ग्राम अलीनगर परगना व तहसील मोहम्मदी जिला खीरी बनाम (1) राजेश पुत्र रामसिंह (2) अनिल कुमार पुत्र रामसिंह (3) अजय कुमार पुत्र रामसिंह (4) संगीता देवी पुत्री रामसिंह (5) सरोजनी देवी पत्नी रामसिंह (6) मुनीश कुमार उर्फ ठाकुर प्रसाद पुत्र रामबरन (7) विकास पुत्र मुनीश उर्फ ठाकुर (8) मुनीशा देवी पत्नी मुनीश कुमार उर्फ ठाकुर प्रसाद सर्व निवासीगण ग्राम अलीनगर परगना व तहसील मोहम्मदी जिला खीरी विपक्षीगण सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि घाटा संख्या 239/0.291 स्थित ग्राम अलीनगर परगना व तहसील मोहम्मदी जिला खीरी अंबेडकर पार्क हेतु सुरक्षित है। सार्वजनिक संपत्ति के लिए उत्तराधिकार प्रश्न पत्र हेतु भूमि को सार्वजनिक कराए जाने वादीगण की ओर से इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जिसकी सुनवाई दिनांक 16-5-2025 को निश्चित हुई है अतः यदि किसी पक्ष को अथवा किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह नियत तिथि अथवा किसी भी कार्य दिवस में न्यायालय में आकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा प्रार्थना पत्र की सुनवाई एक पक्षीय रूप से निस्तारित कर दिया जायेगा। मुन्सरिम

**सी.आर.-232/D-CN**

## पहलगाम हमले के संदिग्ध के श्रीलंका पहुंचने की खबर से हड़कंप

**कोलंबो।** श्रीलंका की पुलिस ने शनिवार को चेन्नई से कोलंबो पहुंची एक फ्लाइट की तलाशी ली। दरअसल, उन्हें सूचना मिली थी कि पहलगाम आतंकी हमले से जुड़ा एक संदिग्ध उसमें सवार हो सकता है। श्रीलंका की राष्ट्रीय वाहक श्रीलंकन एयरलाइंस के बयान के मुताबिक, एक फ्लाइट चेन्नई से कोलंबो के बंडारनायके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुबह 11:59 बजे पहुंची और उसके आते ही बड़े पैमाने पर सुरक्षा जांच की गई। रिपोर्ट में कहा गया कि पहलगाम हमले के संदिग्ध के फ्लाइट में होने की बात से हड़कंप मच गया और बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया बयान में कहा गया, चेन्नई एरिया कंट्रोल सेंटर से अलर्ट मिला। इसके तुरंत बाद लोकल अथॉरिटीज के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध, जो भारत में वॉन्टेड है, शायद प्लेन में सवार होगा। विमान की अच्छे से चेकिंग हुई और फिर उसे आगे के ऑपरेशंस के लिए क्लियर कर दिया गया।

## नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दो महीने से विद्युत आपूर्ति बाधित

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के मुड़पेली स्थित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कि विद्युत आपूर्ति दो महीने से बाधित हो गई है। विद्युत विभाग से शिकायत करने के बाद भी विद्युत विभाग द्वारा आपूर्ति को बहाल नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि विद्युत आपूर्ति के लिए लगाए गए दो विद्युत पोल टूट जाने से स्वास्थ्य केंद्र कि आपूर्ति बाधित हो गई है जिससे स्वास्थ्य केंद्र पर आपूर्ति बाधित होने से पेयजल कि समस्या उत्पन्न हो गई है।

**अदालती नोटिस हेतू संदर्शित करने की सूचना(साधारण प्रारूप) न्यायालय अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन), कोर्ट संख्या-3, गोरखपुर**

**वाद संख्या- 962/2022**
**श्रीमती पद्मावती देवी आदि बनाम श्री सुरेन्दर सिंह आदि**

बनाम

3. अशोक कुमार पाण्डेय पुत्र रणजीत पाण्डेय, निवासी - ग्राम- भेवली, पोस्ट-देवली, तहसील- सलेमपुर, जिला-देवरिया।

- प्रतिवादी संख्या - 3

चूंकि उपरि नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए सन् 2025 के 05 माह 29 दिवस को 10 बजे पूर्वाह में स्वयं या सम्यकरूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवतरित किया जायेगा।

ता. पेशी 29.05.2025

आपत्ति/ निस्तारण

जवाबदेही व तनकीह बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख 02.05.2025 को जारी किया गया।

**न्यायालय अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन), कोर्ट संख्या- 3, गोरखपुर**

**सी.आर.-235/D-CN**

अदालती सूचना ता.पेशी 05.05.2025 इश्तहार मुजरिया न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर उत्तराधिकार वाद सं. 154 वर्ष 2025 श्रीमती सविता आदि बनाम श्रीमती कमला बनाम श्रीमती कमला पत्नी स्व. रामचंद्र नि.मो. ककरा खुर्द तह. सदर जिला शाहजहांपुर...प्रतिवादिनी अंतर्गत धारा भा.उ.द.अधि.सन् 1925ई.दरख्वास्त मुसम्मी श्रीमती सविता आदि वादीगण उपरोक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा किफ्लत हाय मुसम्मी स्व. धन्नू पुत्र स्व. रामचंद्र नि.मो. ककरा खुर्द तह. सदर जिला शाहजहांपुर मुतवफी भारतीय हिन्दू उत्तराधिकार अधि.सन् 1925ई.हरगाह मुसम्मी श्रीमती सविता आदि वादीगण उपरोक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वतारीख 05.05.2025 वास्ते समाअत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की निस्वत उजर हो तो स्वंय या वकील वतारीख 05.05.2025 पेश होकर उजर पेश करे दरसूरत इन्काजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म निस्वत दरख्वास्त सादिर होगा। आज वतारीख 02.05.2025 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर।**

**सी.आर.-233/D-CN**

अदालती सूचना ता.पेशी 22.05.2025 सम्मन तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर मूलवाद संख्या 523 वर्ष 2023 सलीम बैट्री सर्विस बनाम सुमित जायसवाल आदि बनाम 1- सुमित जायसवाल डायरेक्टर मैसर्स हाईयलो इंडस्ट्रीज प्रा.लि. प्लाट नं. सी-10 इंडस्ट्रीज एरिया साइट नंबर-02 मुमताज नगर थाना कैंट तह. सोहावल जिला अयोध्या-224001 2- अभिषेक तिवारी मैनेजर मैसर्स हाईयलो इंडस्ट्रीज प्रा.लि. प्लाट नं. सी-10 इंडस्ट्रीज एरिया साइट नंबर-02 मुमताज नगर थाना कैंट तह. सोहावल जिला अयोध्या-224001 ...प्रतिवादीगण हरगाह सलीम बैट्री सर्विस वादी उपरोक्त ने आपके नाम एक नालिश के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 22 माह 05 सन् 2025 ई.ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत्त वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से आज वतारीख 03 माह 05 सन् 2025 ई.में जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर।**

**सी.आर.-233/D-CN**

# पाक ने किया अब्दाली मिसाइल का परीक्षण

**इस्लामाबाद।** भारत के लगातार एक्शन से पाकिस्तान में डर का माहौल पैदा हो गया है। इसी वजह से पूरी पाकिस्तानी आर्मी की रातों की

### लगातार कर रहा उकसावे की कार्रवाई

नींद तक उड़ गई है और वह उकसावे की कार्रवाई कर रही है। पाकिस्तान खुद को सख्त और तैयार दिखाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहा है। पाकिस्तान ने शनिवार को घोषणा की कि उसने 450 किलोमीटर की दूरी तक सतह से सतह तक मार करने में सक्षम 'अब्दाली हथियार प्रणाली' का सफल परीक्षण प्रक्षेपण किया है। पाकिस्तान ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत के साथ बढ़े तनाव के बीच यह परीक्षण किया है। सेना ने एक बयान में कहा, 'इस प्रक्षेपण का उद्देश्य सैनिकों की अभियानगत तत्परता सुनिश्चित करना और मिसाइल की उन्नत नौवहन प्रणाली तथा उन्नत गतिशीलता विशेषताओं सहित प्रमुख तकनीकी मापदंडों की जांच करना था।' सेना ने अभ्यास के बारे में विस्तृत जानकारी दिए बिना कहा कि मिसाइल प्रक्षेपण 'अभ्यास इंडस' का हिस्सा था। प्रशिक्षण प्रक्षेपण में सेना सामरिक बल कमान के कमांडर, सामरिक योजना प्रभाग, सेना सामरिक बल कमान के वरिष्ठ अधिकारी आदि मौजूद थे।

**सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब**
**(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)**
**न्यायालय सिविल जज (जूनियर डिवीजन), गोरखपुर**

**वाद संख्या- 243/2025**
**श्रीमती पुष्पा यादव बनाम अमरेन्द प्रताप सिंह**

बनाम

2. श्रीमती अंजली सिंह उम्र 29 साल पत्नी भरत सिंह, निवासी-हरदपुर, बढ़वलिया, जिला-बलिया।

- प्रतिवादिनी द्वितीयपक्ष

हरगाह ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 05-08-2025 बवक्त 10 बजे दिन के अदालत में या मारफत वकील के जो मुकदमे की हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जिसे कुल उमूर अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो जो कि जवाब सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावा की करे और हरगाह वही तारीख को आपके इजहार के लिये मुकर्रर है कि वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवीज हुई है आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप जवाबदेही हुई है कतई दे ताईद इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

ता. पेशी 05.08.2025

आपत्ति/ निस्तारण

जवाबदेही व तनकीह बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख 03.05.2025 को जारी किया गया।

**न्यायालय सिविल जज (जूनियर डिवीजन) गोरखपुर**

**सी.आर.-235/D-CN**

अदालती सूचना ता.पेशी 27.06.2025 सम्मन तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण शाहजहांपुर एम.ए.सी.पी नं. 661 वर्ष 2021 अक्षय श्रीवास्तव बनाम कृष्ण मोहन शुक्ला आदि बनाम 1- कृष्ण मोहन शुक्ला पुत्र देवी सहाय शुक्ला निवासी 212 चक महमूद थाना बारादरी जिला बरेली (स्वामी वाहन यूपी 25 ए.टी 9278) 2- निजाम पुत्र सलीम नि.ग्रा. चक नवादा भूसे की टाल थाना बारादरी जिला बरेली( चालक वाहन यूपी 25 ए.टी 9278)...प्रतिवादी सं. 1 व 2 हरगाह अक्षय श्रीवास्तव वादी उपरोक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत मोटर एक्सीडेंट क्लेम (प्रतिकर) के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 27 माह 06 सन् 2025 ई.ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफकिया गया हो हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से आज वतारीख 02 माह 05 सन् 2025 ई.में जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार लेखाकार मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण शाहजहांपुर।**

**सी.आर.-233/D-CN**

**सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब**
**(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)**
**न्यायालय अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन), कोर्ट संख्या-3, गोरखपुर**

**वाद संख्या- 962/2022**
**श्रीमती पद्मावती देवी आदि बनाम श्री सुरेन्दर सिंह आदि**

बनाम

3. अशोक कुमार पाण्डेय पुत्र रणजीत पाण्डेय, निवासी - ग्राम- भेवली, पोस्ट-देवली, तहसील- सलेमपुर, जिला-देवरिया।

- प्रतिवादी संख्या - 3

हरगाह ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 29-05-2025 बवक्त 10 बजे दिन के अदालत में या मारफत वकील के जो मुकदमे की हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जिसे कुल उमूर अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो जो कि जवाब सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावा की करे और हरगाह वही तारीख को आपके इजहार के लिये मुकर्रर है कि वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवीज हुई है आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप जवाबदेही हुई है कतई दे ताईद इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

ता. पेशी 29.05.2025

आपत्ति/ निस्तारण

जवाबदेही व तनकीह बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख 02.05.2025 को जारी किया गया।

**न्यायालय अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन), कोर्ट संख्या- 3, गोरखपुर**

**सी.आर.-235/D-CN**

अदालती सूचना ता.पेशी 08.08.2025 सम्मन तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण शाहजहांपुर एम.ए.सी.पी नं. 87 वर्ष 2019 श्रीमती पिंकी बनाम मोबीन खां आदि बनाम 1- मोबीन खां पुत्र झब्बू खान नि.मो. महमानशाह तह. सदर थाना कोतवाली शाहजहांपुर (मालिक वाहन संख्या यूपी 30 ए 6586) 2- सादिक अली पुत्र जाहिद अली नि.ग्रा. जलालनगर विसांबा पोस्ट भकरा थाना मिश्रिख जिला सीतापुर(चालक वाहन संख्या यूपी 30 ए 6586)...प्रतिवादी सं. 1 व 2 हरगाह श्रीमती पिंकी वादिनी उपरोक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत मोटर एक्सीडेंट क्लेम (प्रतिकर) के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 08 माह 08 सन् 2025 ई.ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफकिया गया हो हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से आज वतारीख 26 माह 04 सन् 2025 ई.में जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार लेखाकार मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण शाहजहांपुर।**

**सी.आर.-233/D-CN**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना

मेरे पुत्र सक्षम पाल के आधार कार्ड में जन्मतिथि 18/06/2013 अंकित है। यही पूर्णतया सही है, इसके अतिरिक्त यदि कहीं दूसरी जन्मतिथि अंकित है तो वह गलत है। अमित कुमार पाल पुत्र राम कृष्ण पाल नि.- भैरमपुर, कानपुर नगर उ.प्र.- 209305

**सी.आर.-228/L-36**

### सूचना

मेरे कुछ कागजात में मेरा नाम राजा लिखा है जबकि मेरा सही नाम राजा खान है मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। राजा खान पुत्र नसीम अहमद, ग्रा0 पड़री रामनाथ, दारीचौरा श्रीदत्तगंज, बलरामपुर।

**सी.आर.-229/D-29**

### सूचना

मेरे पुकारू नाम तौफीक के नाम से मेरा पासपोर्ट बना हुआ है जबकि सही नाम तौफीक रजा है मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। तौफीक रजा पुत्र मोहम्मद वकील, ग्रा0 इमिलिया बक्सरिया, उतरौला बलरामपुर।

**सी.आर.-229/D-29**

### सूचना

मैंने अपना नाम RAMLA KHAN से बदलकर RAMLA RAMZI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/o- ABDUL SAMAD KHAN ADD-FLOT NO-503 TOWER-8 GATE NO-1 METRO CITY NISHATGANJ DIST- LUCKNOW (U.P)

**सी.आर.-231/L-25**

### सूचना

सर्व को सूचित हो कि **मैं शैलेंद्र मणि त्रिपाठी व पत्नी ऊषा तिवारी निवासी प्लाट नं. 6, डुडौली मार्ग, मारुतिपुरम-8, सीतापुर रोड लखनऊ,** अपने **पुत्र शिवम त्रिपाठी** को उनके गलत आचरण व व्यवहार से क्षुब्ध होकर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं तथा भविष्य में उनके द्वारा किये गए किसी भी कृत्य के लिये वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। शिवम त्रिपाठी द्वारा किये गये किसी भी लेन-देन के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**सी.आर.-230/L**

**U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd.**
(ISO 9001:2008 Certified Company)
Visheshwaraiya Bhawan, Gomti Nagar, Lucknow

**TENDER NOTICE**

On behalf of Managing Director, U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd., General Manager (Prayagraj Zone)/(Gorakhpur Zone) invites online Item Rate/ percentage rate bids in two bid system for-
1. NIT No.1862/GM(P.Zone)/RNN/PG Seat Tender/24 Dated-30-11-2024, e-tender Construction of 49 PG Seat Extension Building at M.L.N. Medical College, Distt. Prayagraj.
2. NIT No.1861/GM(P.Zone)/RNN/UG Seat Tender/24 Dated-30-11-2024, e-tender Construction of 50 UG Seat Extension Building at M.L.N. Medical College, Distt. Prayagraj.
3. NIT No. 356 /GM(Gkp)/NIVIDA/RNN/25-26 Dated-01-05-2025, e-tender Construction of Mahant Digvijaynath Auditorium (Auditorium Hall, Conference Hall and Exhibition Hall) at DDU Campus, Gorakhpur, Last date of submission of offers upto 04:00 P.M on Dated- 13.05.2025 (Sl.No.-1,2), upto 03:00 P.M on Dated- 22.05.2025 (Sl.No-3); all other details on:- website; **www.etender.up.nic.in** and **www.uprnn.upsdc.gov.in.**

**रक्षा सम्पदा कार्यालय, लखनऊ मण्डल**
30, नेहरू रोड, लखनऊ छावनी-226002

नं0- UP-738/ACQ/ दिनांक : 02 मई, 2025

**ई-नीलामी सूचना**

रक्षा सम्पदा कार्यालय, लखनऊ मण्डल लखनऊ छावनी द्वारा **एयर फोर्स स्टेशन मेमौरा लखनऊ में स्थित विभिन्न प्रकार के 80 हरे/खड़े वृक्षों के निस्तारण** हेतु सार्वजनिक ई-नीलामी वेबसाइट https://eauction.gov.in द्वारा दिनांक 15.05.2025 को 11:00 बजे से 17:00 बजे तक की जाएगी। ई-नीलामी संबंधी किसी जानकारी हेतु इस कार्यालय में किसी कार्यदिवस में उपस्थित होकर अथवा ईमेल आईडी deoluck-stats@nic.in द्वारा संपर्क कर सकते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| ई-नीलामी के प्रकाशन का दिनांक (Date of Publication) | 03.05.2025 | |
| दस्तावेज अपलोड प्रारम्भ करने का दिनांक एवं समय (Document submission start date & time) | 03.05.2025 | 11:00 hrs |
| दस्तावेज अपलोड करने का अन्तिम दिनांक एवं समय (Document submission end date & time) | 12.05.2025 | 18:00 hrs |
| दस्तावेज स्वीकृति के प्रारम्भ करने का दिनांक एवं समय (Document approval start date & time) | 13.05.2025 | 11:00 hrs |
| दस्तावेज स्वीकृति का अन्तिम दिनांक एवं समय (Document approval end date & time) | 14.05.2025 | 18:00 hrs |
| ई-नीलामी प्रारम्भ करने का दिनांक एवं समय (E-auction start date & time) | 15.05.2025 | 11:00 hrs |
| ई-नीलामी का अन्तिम दिनांक एवं समय (E-auction end date & time) | 15.05.2025 | 17:00 hrs |

(प्रोमिला जायसवाल, IDES)
रक्षा सम्पदा अधिकारी,
लखनऊ मण्डल, लखनऊ छावनी

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्याः SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T02 दि.02.05.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ''खुली'' ई-निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं.:**- 1, **कार्य का नामः**- टावर वैगन में सम्पूर्ण विद्युत केबल और रेक्टिफायर यूनिट का नवीनीकरण, साथ ही पुरानी केबल को हटाना, नई केबल /आवश्यक भागों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग और टावर वैगन की ट्रायल रन से संबंधित कार्य।, **टेंडर रिफरेंश नं.**:-SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T02, **कार्य का अनुमानित लागत रुपया में:**- ₹ 86,55,148.96, **अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी:**- ₹1,73,100/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में:**- 00, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः**- 26.05.2025 11:00, **कार्य पूरा करने की अवधिः**- 06 माह, • खुली ई-निविदा दिनांक 26.05.2025 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी**
**मुजाधि/विद्युत-18** **इज्जतनगर**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर-खीरी ( उ0प्र0 262701)

**पत्रांक- 1045/ जननिर्माण / एम0बी0एल0/2025-26** **दिनांकः- 02-05.2025**

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

नगरीय सेवायें और अवस्थापना विकास परियोजनाएं (मा0 मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना CM-VNY) के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग / राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्माण / विकास कार्यो हेतु दिनांक 02.05.2025 सायं 05:00 बजे से दिनांक 22.05.2025 अपरान्ह 04:00 बजे तक प्रतिशत दर के आधार पर ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता बेवसाइट http:// etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा में प्रतिभाग कर सकते है।

1. बेवसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि - 02.05.2025 सायं 05:00 बजे से
2. ई - निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि - 22.05.2025 अपरान्ह 04:00 बजे तक
3. ई- निविदा के माध्यम से टेक्निकल बिड निविदा खोलने की तिथि - 22.05.2025 सायं 05:00 बजे
4. फाइनेन्शियल बिड टेक्निकल बिड स्वीकृत होने के उपरान्त खोली जायेगी।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखे। अधिक जानकारी व शर्तो के लिए, कृपया बेवसाइट http://etender.up.nic.in एवं www.npplakhimpur.in पर लॉगिन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**(संजय कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद,**
**लखीमपुर।**

**(डा. इरा श्रीवास्तव)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद,**
**लखीमपुर।**

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : **0522-4043151**
**swatantrabharat77@gmail.com**
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, रविवार, 4 मई, 2025

## पाक के रक्षा मंत्री की एक और गीदड़ भभकी

**इस्लामाबाद।** भारत और पाकिस्तान में तनाव बढ़ता जा रहा है। भारत की ओर से कड़े ऐक्शन लिए गए हैं, जिसमें सिंधु जल संधि को रोकना भी शामिल है।

### सिंधु नदी पर डैम बना तो नष्ट कर देंगे

इससे पाकिस्तान में जल संकट पैदा हो गया है। केंद्र सरकार की ओर से सिंधु नदी का एक भी बूंद पाकिस्तान भेजने के लिए मना किया गया है, जिससे पड़ोसी देश बौखला गया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने गीदड़भभकी देते हुए कहा है कि यदि भारत सिंधु नदी का पानी रोकने के लिए डैम बनाता है तो उस पर पाकिस्तान हमला करके नष्ट कर देगा। एक इंटरव्यू में पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने भड़काऊ बयान देते हुए कहा पाकिस्तान को दिए जाने वाले सिंधु के पानी को रोकना आक्रामकता माना जाएगा। जब मंत्री से पूछा गया कि अगर भारत सिंधु बेसिन पर डैम बनाने की



तैयारी करता है तो पाकिस्तान का रिएक्शन क्या होगा, इस पर पाकिस्तानी मंत्री ने कहा, यह पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामकता होगी। हमला सिर्फ तोपों और गोलियों से ही नहीं होता, पानी को रोकना या मोड़ना भी पाकिस्तान पर हमला ही है। उन्होंने (भारत) इस तरह का कोई प्रयास किया, तो पाकिस्तान उस स्ट्रक्चर को नष्ट कर देगा।

## सऊदी को एयर टू एयर मिसाइल बेचेगा यूएस


**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस महीने सऊदी अरब की प्रस्तावित यात्रा करने वाले है। ट्रंप की इस यात्रा से पहले ही अमेरिका ने सऊदी अरब के साथ अपने संबंधों को लेकर अपना रुख साफ करते हुए सऊदी अरब को 3.5 अरब डॉलर (करीब 29 हजार करोड़ रुपये) की एयर-टू-एयर मिसाइलें बेचने की शुरुआती मंजूरी दे दी है। माना जा रहा है कि अमेरिका द्वारा सऊदी अरब को एयर-टू-एयर मिसाइलें बेचने की मंजूरी ट्रंप की सऊदी यात्रा के दौरान घोषित होने वाले कई समझौतों में से एक हो सकता है। मामले में अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) ने बयान जारी कर बताया कि यह प्रस्तावित बिक्री अमेरिका की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा लक्ष्यों का समर्थन करती है।



निकलता है हर सुबह इक नया सूरज यह बताने के लिए, कि उजाले बांट देने से उजाले कम नहीं होते    छाया : गोपी रस्तोगी

## चीनी राजदूत से मिले शहबाज शरीफ

**बीजिंग।** पाकिस्तान में चीन के राजदूत जियांग जैडोंग ने इस्लामाबाद में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की और भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर चर्चा की। वहीं चीन ने इस मुलाकात के बाद कहा है कि वह इस स्थिति पर नजर बनाए हुए है और दोनों देशों से शांति बनाए रखने की अपील करता है। चीनी दूतावास के अनुसार, जियांग ने शरीफ से मुलाकात के दौरान कहा कि चीन पाकिस्तान की सुरक्षा चिंताओं को समझता है और उसके राष्ट्रीय संप्रभुता और सुरक्षा



हितों की रक्षा के प्रयासों का समर्थन करता है। उन्होंने भारत और पाकिस्तान दोनों से संयम बरतने और शांति व स्थिरता के लिए आपसी मतभेदों को बातचीत से सुलझाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने चीन के रुख की सराहना की और कहा कि पाकिस्तान दक्षिण एशिया में शांति के लिए सभी पक्षों से संवाद और सहयोग के लिए तैयार है ताकि तनाव और न बढ़े। शरीफ ने चीन के रचनात्मक प्रयासों की भी तारीफ की जो क्षेत्र में स्थिरता लाने में मदद कर रहे हैं।

## ऑफिस से ज्यादा नाइटक्लबों में रहते हैं काश पटेल?

**वाशिंगटन।** अमेरिका की प्रतिष्ठित जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) में इन दिनों अंदरूनी माहौल को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। खासतौर से एफबीआई डायरेक्टर काश पटेल ज्यादा सुर्खियों में हैं। उन पर आरोप

### भारतीय मूल के एफबीआई डायरेक्टर पर गंभीर आरोप

गया है कि वे अपने ऑफिस के बजाय नाइटक्लबों में ज्यादा समय बिता रहे हैं। यह दावा एफबीआई के पूर्व सहायक निदेशक और खुफिया मामलों के विशेषज्ञ फ्रैंक फिग्लियुज्जी ने किया है। फ्रैंक ने एनबीसी न्यूज के कार्यक्रम मॉर्निंग जो में कहा कि एफबीआई मुख्यालय के भीतर इस



समय माहौल पूरी तरह 'अराजक' है। भारतीय मूल के काश पटेल को फरवरी, 2025 में एफबीआई का निदेशक नियुक्त किया गया था। यह पद बहुत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि एफबीआई अमेरिका की सबसे बड़ी जांच एजेंसी है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा, अपराध और आतंकवाद जैसे मामलों को संभालती है। लेकिन हाल ही में, पूर्व एफबीआई काउंटर-इंटेलिजेंस अधिकारी फ्रैंक फिग्लियुज्जी ने दावा किया कि काश पटेल अपने ऑफिस में कम और नाइटक्लबों में ज्यादा समय बिता रहे हैं। फिग्लियुज्जी ने कहा कि पटेल को वाशिंगटन डीसी में एफबीआई मुख्यालय (हूवर बिल्डिंग) की सातवीं मंजिल पर कम ही देखा जाता है। इसके बजाय, उन्हें नाइटक्लबों में ज्यादा देखा गया है। हूवर बिल्डिंग में एफबीआई चीफ का ऑफिस होता है। इसके अलावा, यह भी बताया गया कि पटेल अक्सर लास वेगास में अपने घर से काम करते हैं और वहां से ही कई बार ऑफिस का काम संभालते हैं। अब काश पटेल को दी जाने वाली दैनिक ब्रीफिंग्स की संख्या घटाकर सप्ताह में सिर्फ दो बार कर दी गई है।

## चिली और अर्जेंटीना में 7.4 तीव्रता का भूकंप

**सैंटियागो।** चिली और अर्जेंटीना में 7.4 तीव्रता का भूकंप के झटके महसूस किए गए। गनीमत रही कि भूकंप के झटके आने के बाद किसी तरह के नुकसान या हताहत की सूचना नहीं मिली है। चिली के अधिकारियों ने देश के सुदूर दक्षिण में मैगलन जलडमरूमध्य के पूरे तटीय क्षेत्र के लिए अलर्ट जारी किया है। चिली की राष्ट्रीय आपदा निवारण और प्रतिक्रिया सेवा ने जनता को भेजे गए संदेश में कहा, सुनामी अलर्ट के कारण, मैगलन क्षेत्र के तटीय क्षेत्रों को सुरक्षित क्षेत्र में खाली करने का आदेश दिया जा रहा है। संदेश में यह भी अनुरोध किया गया कि चिली के अंटार्कटिक क्षेत्र के सभी समुद्र तट क्षेत्रों को छोड़ दिया जाए।

## एक नज़र

### बांग्लादेश ने भारत को लेकर दिए गए बयान से पल्ला झाड़ा

**ढाका।** बांग्लादेश में सैन्य तख्तापलट और राजनीतिक अस्थिरता के बीच एक नया विवाद सामने आया है। बांग्लादेश के रिटायर्ड मेजर जनरल ए.एल.एम. फजलुर रहमान ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों पर कब्जा करने की धमकी दी है, जिसके बाद बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने इस बयान से पल्ला झाड़ लिया है। इस घटनाक्रम ने भारत-बांग्लादेश संबंधों में पहले से मौजूद तनाव को और बढ़ा दिया है। शुक्रवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने इस बयान से खुद को अलग कर लिया। सरकार ने कहा कि फजलुर रहमान का बयान उनकी निजी राय है और यह सरकार के आधिकारिक रुख को प्रतिबिंबित नहीं करता। यूनुस सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि बांग्लादेश भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्रालय ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, ये टिप्पणियां बांग्लादेश सरकार की स्थिति या नीतियों को नहीं दर्शाती हैं, और इसलिए सरकार किसी भी रूप या तरीके से इस तरह की बयानबाजी समर्थन नहीं करती है।

### यूक्रेन ने रूस पर छोड़े सैकड़ों ड्रोन

**मॉस्को।** अमेरिका और यूक्रेन के बीच बृहस्पतिवार को हुए खनिज समझौते के बाद देर रात से ही यूक्रेनी सेना ने रूस की तरफ सैकड़ों ड्रोन छोड़े हैं। शुक्रवार को रूसी मीडिया रिपोर्टों में बताया गया कि रूस ने क्रीमिया, काला सागर और देश के अन्य दक्षिणी भागों में रात भर में 121 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया है। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों के हवाले से बताया, रूसी सेना ने बृहस्पतिवार रात को यूक्रेनी ड्रोन हमलों की एक श्रृंखला को नाकाम कर दिया है। रूसी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, क्रीमिया के सेवास्तोपोल में 89 फिक्स्ड-विंग ड्रोन को रोका गया, जो रूस के काला सागर बेड़े का मुख्य क्षेत्र है। काला सागर के ऊपर 23 अन्य ड्रोन को मार गिराया गया। मंत्रालय ने कहा कि जमीन पर कोई नुकसान नहीं हुआ। रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने की अपील के बाद भी युद्धविराम पर कोई पहल नहीं हुई?है। इसका एक कारण क्रीमिया और कुर्स्क क्षेत्र भी हैं।

### फारूक ने पर्यटकों से की वापस लौटने की अपील

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की बड़े पैमाने पर वापसी का आह्वान करते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति आतंकवादियों के मुंह पर जोरदार तमाचा होगी और यह क्षेत्र की दृढ़ता का प्रमाण होगी। पहलगाम में एक शोक सभा में डॉ. अब्दुल्ला ने शोक संतप्त परिवार के साथ एकजुटता व्यक्त की और प्रतिकूल परिस्थितियों में लोगों की एकता की प्रशंसा की। उन्होंने क्षेत्र में शांति को बाधित करने का प्रयास करने वालों का जिक्र करते हुए कहा, लोगों की एकता और दृढ़ता के कारण उनके चेहरे काले पड़ जाएंगे। फारूक अब्दुल्ला ने दोहराया कि जम्मू-कश्मीर के लोग डरे हुए नहीं हैं। उन्होंने कहा, हम डरने वाले नहीं हैं। जम्मू-कश्मीर हमारा है और हम इस खूबसूरत भूमि को संजोकर रखेंगे और उसका निर्माण करेंगे जो अल्लाह ने हमें दी है। उन्होंने कहा कि हालात सामान्य हैं। ज़्यादा से ज़्यादा पर्यटकों को यहाँ आना चाहिए। उन्हें डरना नहीं चाहिए। जो डर गया वो मर गया। मैं लोगों से अपील करता हूँ कि वे पहलगाम, गुलमर्ग, श्रीनगर और कटरा में माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए ज़रूर आएँ।

### कंटेंट कॉमर्स रणनीतिक केंद्र में बदलने के लिए तैयार

**मुम्बई।** केंद्र सरकार ने वेव्स 2025 समिट से हुई कमाई का आंकड़ा पेश किया है। मंत्रालय के मुताबिक वेव्स बाजार ने शुरुआती 36 घंटों में 250 करोड़ रुपए से ज्यादा की डील और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय साझेदारियां हासिल की। नम्रता शुक्ला की रिपोर्ट में बताया कि आयोजन में पहले डेढ़ दिन में फिल्म, म्यूजिक, एनिमेशन, रेडियो और वीएफएक्स सेक्टर्स में 250 करोड़ रुपए के कंफर्म ट्रांजैक्शन रिकॉर्ड किए गए। यह आंकड़ा 400 करोड़ रुपए से ज्यादा होने की उम्मीद है। 'वेव्स बाजार' मीडिया और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए एक शक्तिशाली कैटेलिस्ट के रूप में उभरा है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने कहा कि क्रिएटर्स को निवेशकों, खरीदारों और सीमा पार के सहयोगियों से कनेक्ट करने के लिए डिजाइन किया गया। यह आयोजन भारत को कंटेंट कॉमर्स के लिए एक रणनीतिक केंद्र में बदलने के लिए तैयार है। अपने पहले संस्करण में वेव्स बाजार ने दक्षिण कोरिया, जापान, अमेरिका, जर्मनी, रूस, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड जैसे 22 से ज्यादा देशों के लीडिंग प्लेयर्स को एक साथ लाने का काम किया। इसमें 95 वैश्विक खरीदारों और 224 विक्रेताओं ने हिस्सा लिया। लगभग 115 फिल्म निर्माताओं ने अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के सामने अपने पूरे किए गए काम पेश किए और 15 बेहतरीन प्रोजेक्ट को व्यूइंग रूम से टॉप सेलेक्ट के तौर पर चुना गया और लाइव दिखाया गया। इन फिल्म निर्माताओं को कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा ने सम्मानित किया, जिसमें अभिनेता टाइगर श्रॉफ समर्थन करने के लिए शामिल हुए। सरकार ने बताया कि 104 प्रोजेक्ट सबमिशन में से, 16 क्यूरेटेड प्रोजेक्ट को लाइव पिच करने के लिए चुना गया।

## डोनाल्ड ट्रंप ने पोप के रूप में खुद को दिखाया

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सत्ता में आने के बाद से किसी न किसी कारण से लगातार चर्चा में बने हुए हैं। अब

### तस्वीर से नाराज हुए सोशल मीडिया यूजर्स

उन्होंने कुछ ऐसा कर दिया है, जिससे बड़ी संख्या में लोग नाराज हो गए हैं। दरअसल उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर अपनी एक इमेज पोस्ट की है। यह एआई जेनरेट इमेज है, जिसमें डोनाल्ड ट्रंप ईसाइयों को सबसे बड़े धर्मगुरु पोप की वेशभूषा में नजर आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बीते हफ्ते ही पोप फ्रांसिस का निधन हुआ है, जिससे ईसाई समुदाय के लोग दुखी हैं। ऐसे वक्त में ट्रंप द्वारा खुद को पोप दिखाने पर विवाद हो गया है। गौरतलब है कि डोनाल्ड ट्रंप ने



हाल ही में अपने एक बयान में मीडिया से बात करते हुए मजाक में कहा था कि मैं पोप बनना चाहता हूं। ये मेरी पहले नंबर की इच्छा है। अब ट्रंप ने पोप की वेशभूषा में अपनी एआई जेनरेट इमेज पोस्ट करके कई लोगों को नाराज कर दिया है। सोशल मीडिया यूजर्स ने इसे पोप जैसे धार्मिक शीर्ष पद का मजाक उड़ाने के तौर पर देखा है। वहीं कुछ ने इसे व्यंग्य से जोड़कर देखा है और ट्रंप की सराहना की है। एक यूजर ने ट्रंप की तस्वीर पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह कैथोलिक ईसाइयों को अपमान है। कुछ यूजर्स ने इस ईशनिंदा करार दिया है। वेटिकन सिटी में नए पोप को चुनने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने वाली है।

### ट्रंप के बयान पर कनाडा का पलटवार

## आत्मनिर्भरता चाहते हैं कनाडा के लोग : कार्नी

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान पर पलटवार किया, जिसमें उन्होंने सुझाव दिया था कि कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बना देना चाहिए। कनाडाई पीएम कार्नी ने कहा कि इच्छाओं और सच्चाई के बीच अंतर करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उनकी चुनावी जीत बताती है कि कनाडाई लोग आजादी और आत्मनिर्भरता चाहते हैं।

मार्क कार्नी ने चुनाव जीतने के बाद शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कई अहम मुद्दों पर बात की। इस दौरान कार्नी ने साफ कहा कि कनाडा अभी भी अमेरिका का



हिस्सा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि लोगों का समर्थन और उनकी शानदार चुनावी जीत इस बात का सबूत हैं।

व्यापार शुल्क के संबंध में बात करते हुए प्रधानमंत्री कार्नी ने कहा कि वह अमेरिका के साथ बाचतीच करना चाहते हैं। हालांकि, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह बातचीत चुनौतीपूर्ण होगी। कार्नी ने एल्मुमिनियम, खनिज, ऑटो और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों का फायदा करने वाले समझौते की आवश्यता पर भी प्रकाश डाला। कार्नी ने कहा, मैं सार्वजनिक रूप से बातचीत नहीं करना चाहता, कठिन चर्चाएं होंगी।

### पाकिस्तान में बढ़ रहा आंतरिक संघर्ष

## बंदूकधारियों ने जाम किया क्वेटा-कराची हाईवे, सरकारी इमारतों को फूंक दिया

**क्वेटा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पाकिस्तान का लिंक सामने आया था। लेकिन वह खुद आंतरिक संघर्ष से परेशान है। सिंध में पानी के बंटवारे के लिए लिए हाहाकार मचा है और स्थानीय लोगों ने हाईवे जाम कर रखे हैं। इस बीच बलूचिस्तान के कलात में हमला हुआ है। यहां क्वेटा कराची हाईवे को बड़ी संख्या में बंदूकधारियों ने जाम कर दिया। यही नहीं मौके से गुजर रहे वाहनों को भी नुकसान पहुंचाया। इन लोगों ने कई सरकारी इमारतों को आग के हवाले कर दिया। इन इमारतों में नेशनल बैंक ऑफ पाकिस्तान का ऑफिस, स्थानीय अदालत समेत कई विभागों के कार्यालय शामिल हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इस अग्निकांड में बड़े पैमाने पर इमारतों को नुकसान पहुंचा है। खबर है कि पास में ही स्थित पाकिस्तान के एक आर्मी कैंप पर भी हमला हुआ था, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। पाकिस्तानी न्यूज वेबसाइट्स के मुताबिक इन लोगों ने नेशनल हाईवे पर खड़े वाहनों को चेक किया। कई बसों और कारों से लोगों को उतारकर पूछताछ की। इस दौरान हाईवे पर ट्रैफिक बाधित रहा। इस तरह के कराची से क्वेटा को जोड़ने वाले हाईवे को पूरी तरह ब्लॉक करके जांच करना बड़ी घटना है।

## मानवीय सहायता पर रोक के बाद गाजा में भुखमरी का आलम

**खान यूनिस।** इजरायल ने गाजा पट्टी में मानवीय सहायता रोक दी है, जिससे वहां भुखमरी का आलम है। बच्चों से लेकर बड़ों तक भोजन पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। आलम यह है कि

### भूख से जूझ रहे बच्चे और बड़े

### थोड़े से चावल के लिए भी मांग रहे भीख

लोग थोड़े से चावल के लिए भी भीख मांग रहे हैं। खाने के लिए लोगों की भारी भीड़ जमा हो रही है, जिसके चलते उन्हें धक्का-मुक्की का सामना करना पड़ रहा है।

दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में शुक्रवार को भोजन पाने के लिए संघर्ष के चलते सामुदायिक रसोई पर भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे वहां अफरातफरी का माहौल बन गया। निवेन अबू अरार नामक 33 वर्षीय महिला वहां समय पर नहीं पहुंच सकी, जिसके चलते उसे खाली हाथ लौटना पड़ा। उसकी आखों में आंसू भरे थे। अबू अरार आठ बच्चों की मां है और उसका नौवां बच्चा (लड़का) 2023 की युद्ध की शुरुआत में इस्राइली हमले में मारा जा चुका है। छोटे बच्चे को



गोद में लिए अबू अरार ने कहा कि आखिर कब तक जिंदगी ऐसी ही रहेगी। हम धीरे-धीरे मर रहे हैं। हमने डेढ़ महीने से रोटी नहीं खाई है। आटा नहीं है। हमें नहीं पता कि क्या करना है। बीते दो महीने से इजरायल ने गाजा में खाना, दवाइयां और अन्य जरूरी चीजें भेजना बंद कर दिया है। सहायता समूहों ने चेतावनी दी है कि गाजा की नागरिक आबादी भुखमरी का सामना कर रही है। वहीं, इजरायल का कहना है कि उसने यह सब इसलिए किया है, ताकि आतंकवादी संगठन हमास पर बंधकों की रिहाई के लिए दबाव डाला जा सके। वहीं, सहायता समूहों का कहना है कि मानवीय सहायता रोकना सामूहिक दंड है और यह अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, गाजा की लगभग पूरी आबादी मानवीय सहायता पर निर्भर है। गोदाम खाली हैं, सामुदायिक रसोई बंद हो रही हैं, और परिवार भोजन छोड़ रहे हैं। गाजा में ऑक्सफैम के मीडिया समन्वयक गदा अल हद्दाद ने बताया कि 25 किलोग्राम आटे का एक बैग अब 1,300 शेकेल (360 अमेरिकी डॉलर) में मिलता है। उन्होंने बताया कि मां अपने बच्चों को दिन में एक बार यानी रात का खाना खिलाती हैं, जिससे कि वह सुबह उठकर भूखे रहने की शिकायत न कर सकें।

## गर्मी के मौसम में डांस, वॉक और योगा

भीषण गर्मी में एक्टिव रहना मुश्किल हो सकता है, पर फिटनेस के सही तरीके अपनाने से सेहतमंद और तरोताजा रहना बेहद आसान है। एण्डटीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में बिमलेश का रोल निभा रहीं सपना सिकरवार कहती हैं, ''मुझे गर्मी में बहुत अच्छा और एनर्जेटिक लगता है। मैं शाम को लंबी वॉक पर जाती हूँ, जो आराम करने और नेचर से जुड़ने का मेरा 'मी टाइम' होता है। घर पर मैं डांस करती हूँ, जिससे कैलोरी भी बर्न होती है और मूड भी अच्छा हो जाता है। मैं आसान योगा भी करती हूँ ताकि मेरी बॉडी लचीली रहे और मन शांत रहे। खुद को हाइड्रेट और कूल रखने के लिए मैं तरबूज का ज्यूस पीती हूं। ये बहुत रिफ्रेशिंग और हेल्दी होता है और कसरत के बाद ठंडी छाछ में पुदीना डालकर पीने का तो मजा ही कुछ और है। मेरे हिसाब से, फिटनेस कभी भी मुश्किल नहीं लगनी चाहिए।'' इसी तरह 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी का किरदार अदा कर रहीं विदिशा श्रीवास्तव ने कहा, ''फिटनेस मेरी हिम्मत है, खासकर जब पूरे दिन के शूटिंग शेड्यूल्स बेहद थकाने वाले होते हैं। इससे मुझे आराम मिलता है और अपना बेस्ट परफॉर्मेंस देने के लिए जरूरी एनर्जी भी मिलती



है। गर्मी में मुझे पिलाटे और योगा करना अच्छा लगता है, ये दोनों एक दूसरे को सपोर्ट करते हैं। पिलाटे से पेट की मसल्स मजबूत होती हैं और बॉडी सीधी रहती है, जबकि योगा से शांति मिलती है। मैं स्विमिंग भी करती हूँ। मुझे सादा और मौसमी खाना पसंद है। पानी पीना मेरे लिए बहुत जरूरी है। मैं पूरे दिन नारियल पानी और आम पन्ना पीती रहती हूँ। ये नैचुरल ड्रिंक्स मुझे फ्रेश रखते हैं और बॉडी में इलेक्ट्रोलाइट का बैलेंस बनाए रखते हैं।''

## 'सरु' में अनिका के किरदार के होंगी अनुष्का मर्चंडे

भारत में छोटे शहरों से आनेवाले अनगिनत युवा बेहतर भविष्य का सपना देखते हैं। पढ़ाई, खेल और कला जैसे रास्ते जहां इन सपनों को उड़ान देते हैं, वहीं बड़ा शहर कई बार ऐसे इम्तिहान भी लेकर आता है जो हिम्मत और हौसले की असली परख लेते हैं। ज़ी टीवी का आने वाला नया शो 'सरु' एक ऐसी लड़की की कहानी जो अपने छोटे गांव की सीमाओं से बाहर निकलकर बड़े सपने देखने की हिम्मत रखती है। राजस्थान के खरस गांव में पली-बढ़ी सरु की दुनिया वहीं की मिट्टी में रची-बसी है। लेकिन जब वहां आगे की पढ़ाई का कोई रास्ता नहीं बचता, तो उसे अपने सपनों को पूरा करने के लिए गांव छोड़ना पड़ता है। सबसे बड़ी चुनौती होती है अपनी मां को मनाना, जो बेटी को शहर भेजने के सख्त खिलाफ होती है। मुख्य भूमिका में मोहक मटकर के इंट्रोडक्शन के बाद अब शो में एंट्री हो रही है दमदार अभिनेत्री अनुष्का मर्चंडे की, जो निभा रही हैं अनिका का किरदार - एक अमीर, स्टाइलिश, घमंडी और खुद में खोई रहनेवाली लड़की, जिसे सरु से सख्त चिढ़ है। अनुष्का मर्चंडे ने कहा, ''इस शो की सबसे खास बात इसकी सच्चाई से जुड़ी कहानी है, जो उन लड़कियों की जद्दोजहद को दिखाती है जो बस अपनी पढ़ाई और आत्मनिर्भरता के ज़रिए बेहतर ज़िंदगी चाहती हैं। ऐसी स्क्रिप्ट बहुत कम मिलती



है जो इतनी असरदार लगे। मैं अनिका का किरदार निभा रही हूं, जो एक बोल्ड, इमेज कॉन्शियस और इमोशनली वोलटाइल लड़की है, जिसे हमेशा सबसे आगे रहना पसंद है।'' उन्होंने कहा, ''इस रोल की सबसे बड़ी चुनौती यही है कि ये मुझे हर रोज़ नए तरीके से खुद को एक्सप्लोर करने पर मजबूर करता है। अनिका की सोच, उसके मूड स्विंग्स, और उसकी पर्सनल चाहतों को समझना मेरे लिए एक बेहतरीन अनुभव बन गया है। मुझे पूरा भरोसा है कि 'सरु' दिलों को छूएगा और कई अहम बातों पर चर्चा की शुरुआत करेगा। मुझे गर्व है कि मैं ऐसे शो का हिस्सा हूं जो सपनों और उन्हें पूरा करने के हौसले को सलाम करता है।''

## बाजार दर्पण

AWPL
परिवार का हिस्सा बने और बने निरोग खुद भी जिये औरो को भी जीना सिखायें
सुख और समृद्धि दोनो पायें
आयुर्वेद अपनाये जीवन और पैसा दोनो बचायें
जय किशन यादव




फ्रेंचाइजी विनायक एसोसिएट
पता- 6/2 कटरा माधोकुंज प्रयागराज
मो. 9935657889



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोन:- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089